VPL

वर्ष 10 अंक 196
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, शुक्रवार
25 अप्रैल 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20



03 दिल्ली महापौर चुनाव: दो वर्ष बाद निगम पर फिर से कब्जा जमाने...
06 पहलगाम नरसंहार के बाद : सिंधु में उबाल : ऋषभदेव शर्मा
11 कोहली से फीडबैक मिलना अद्भुत अहसास: वढेरा






"आनंद वहां नहीं
जहां धन मिले,
आनंद तो वहां है
जहां मन मिले.. !"



Saurabh Shivhare
Saurabh_SS19

RERA REGISTRATION NO.: RC/REP/HARERA/GGM/831/563/2024/58 DATED 03.06.2024 (WWW.HARYANARERA.GOV.IN)
SIGNATURE GLOBAL
Titanium SPR
SECTOR 71, GURUGRAM
3.5 & 4.5 BHK
UBER LUXURIOUS CONDOMINIUMS



SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787
7053-121-121

# गांवों का विकास किए बिना भारत का विकास संभव नहीं : मोदी

**मधुबनी** (बिहार), (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को बिहार के मधुबनी में 13,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया तथा देश भर के पंचायती राज संस्थानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अपने गांवों का विकास किए बिना विकास नहीं कर सकता।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की।

बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव संभावित हैं।

मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित बिहार आवश्यक है और यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि प्रगति का लाभ राज्य के सभी कोनों तक पहुंचे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी का यह विचार कि गांवों को सशक्त किए बिना भारत का विकास नहीं हो सकता, पंचायती राज व्यवस्था के पीछे की अवधारणा है। उन्होंने कहा, ''बिहार वह भूमि है जहां से बापू ने सत्याग्रह का मंत्र दिया था। उनका मानना था कि जब तक गांव सशक्त नहीं होंगे, भारत का विकास नहीं होगा।'' उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को शुरू की गई परियोजनाएं राज्य में विकास को बढ़ावा देंगी और रोजगार के अवसर पैदा करेंगी। मोदी ने कहा, ''किसान ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, यह रीढ़ जितनी मजबूत होगी, गांव उतना ही मजबूत होगा और परिणामस्वरूप राष्ट्र भी।'' उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पंचायतों ने सामाजिक भागीदारी को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है जिसने पंचायतों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है।



प्रधानमंत्री ने कहा, ''आज बिहार में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, दलितों, महादलितों, पिछड़ों और अति पिछड़े समुदायों की बड़ी संख्या में महिलाएं जनप्रतिनिधि के रूप में काम कर रही हैं। यह वास्तविक सामाजिक न्याय और लोकतंत्र है।'' उन्होंने कहा, ''पंचायतों को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं और प्रौद्योगिकी का भी इस्तेमाल किया गया है... दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया है तथा गांवों में 5.5 लाख से अधिक 'कॉमन सर्विस सेंटर' स्थापित किए गए हैं।'' उन्होंने कहा कि 30,000 से अधिक नए पंचायत भवन भी बनाए गए हैं।

मोदी ने बिहार सरकार के 'जीविका दीदी' कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बिहार में महिला स्वयं सहायता समूहों को लगभग 1,000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण होगा तथा देश भर में तीन करोड़ 'लखपति दीदी' बनाने के लक्ष्य में योगदान मिलेगा। मोदी ने कहा कि गांवों में गरीबों के लिए घर, सड़कें, गैस कनेक्शन, पानी के कनेक्शन और शौचालयों का निर्माण हुआ है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों करोड़ रुपये आए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''पिछला दशक भारत के लिए बुनियादी ढांचे के विकास का दशक रहा है।'' केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में 10,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 800 से अधिक जन औषधि केंद्र खोले गए हैं, जिससे लोगों का करीब 2,000 करोड़ रुपये का चिकित्सा खर्च बच गया है।

मोदी ने दरभंगा में बनाए जा रहे एम्स का भी जिक्र किया। कार्यक्रम के दौरान चार नई ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई गई। मोदी ने कहा कि पटना में मेट्रो परियोजनाएं जारी हैं और देश भर के दो दर्जन से अधिक शहर अब मेट्रो सुविधाओं से जुड़ चुके हैं। उन्होंने पटना और जयनगर के बीच 'नमो भारत रैपिड रेल' सेवा शुरू करने की घोषणा की, जिससे दोनों स्थानों के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी और बेगूसराय के लाखों लोगों को लाभ होगा।

मोदी ने मिथिला और कोसी क्षेत्रों में बाढ़ को ''स्थायी चुनौती'' बताया और कहा कि सरकार बिहार पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए 11,000 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इस निवेश से बागमती, धार, बूढ़ी गंडक और कोसी जैसी नदियों पर बांधों के निर्माण में मदद मिलेगी और नहरों का विकास किया जाएगा, जिससे नदी के पानी से सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

प्रधानमंत्री ने मखाना बोर्ड की बजट घोषणा पर प्रकाश डाला, जिससे मखाना किसानों को काफी लाभ मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने चार नयी ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई, जिनमें सहरसा और मुंबई के बीच 'अमृत भारत एक्सप्रेस', जयनगर और पटना के बीच 'नमो भारत रैपिड रेल', पिपरा-सहरसा तथा सहरसा-समस्तीपुर के बीच चलने वाली ट्रेनें शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने सुपौल-पिपरा रेल लाइन, हसनपुर-बिथन रेल लाइन तथा छपरा और बगहा में दो लेन वाले रेल ओवरब्रिज का उद्घाटन किया। उन्होंने खगड़िया-अलौली रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया।

प्रधानमंत्री ने गोपालगंज जिले के हथुआ में लगभग 340 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एलपीजी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला रखी। यह संयंत्र थोक एलपीजी परिवहन को अधिक कुशल और आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाएगा। प्रधानमंत्री ने बिजली क्षेत्र में पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 1,170 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और 5,030 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 'दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' के तहत बिहार के दो लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को लगभग 930 करोड़ रुपये की सामुदायिक निवेश निधि भी वितरित की।

## पहलगाम हमले के आतंकियों व इसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी: प्रधानमंत्री

मधुबनी (बिहार), (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों और इसकी साजिश रचने वालों को "उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा देने" का संकल्प जताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अब आतंकियों की "बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने" का समय आ गया है।

मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है बल्कि देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। उन्होंने अपने भाषण में कुछ बातें अंग्रेजी में भी कहीं, जिसमें उन्होंने कहा, "मित्रों, आज मैं बिहार की धरती से पूरी दुनिया को बता देना चाहता हूं कि भारत एक एक आतंकवादी और उनके आकाओं की पहचान करेगा, उनका पता लगाएगा और उन्हें सजा देगा। हम धरती के आखिरी छोर तक उनका (पहलगाम के हमलावरों का) पीछा करेंगे। आतंकवाद कभी भारत का मनोबल नहीं तोड़ पाएगा।"

मंगलवार को पहलगाम के बैरसन में आतंकी हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। इस हमले के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी का पहला सार्वजनिक बयान है।

मारे गए लोगों में बिहार के मूल निवासी मनीष रंजन भी थे जो हैदराबाद में आसूचना ब्यूरो (आईबी) में 'सेक्शन ऑफिसर' के रूप में पदस्थ थे। मूल रूप से बिहार के रोहतास जिले के निवासी मनीष का परिवार अब पश्चिम बंगाल के झालदा में रहता है।

प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उसे दिए एक संदेश में कहा, "मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी..सजा मिलकर रहेगी।" मोदी ने कहा, "अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।" प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है, करोड़ों देशवासी दुखी हैं। उन्होंने कहा, "सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन पीड़ितों का इलाज चल रहा है, उनके जल्द स्वस्थ होने के लिए सरकार हर प्रयास कर रही है।" उन्होंने कहा, "न्याय के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। पूरा देश इसके लिए दृढ़संकल्पित है।"

# सर्वदलीय बैठक में सरकार ने नेताओं को पहलगाम आतंकवादी हमले की जानकारी दी

**नयी दिल्ली,** (भाषा) सरकार ने बृहस्पतिवार को यहां सर्वदलीय बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को पहलगाम आतंकवादी हमले की जानकारी दी और उनके विचार सुने।

बैठक शुरू होने पर पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के सम्मान में कुछ देर का मौन रखा गया।

सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीरीजू मौजूद थे। राजनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी उपस्थित थे।

बैठक में हिस्सा लेने वाले अन्य नेताओं में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) की सुप्रिया सुले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रफुल्ल पटेल, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन औवेसी, बीजू जनता दल (बीजद) के सस्मित पात्रा, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के लावु श्रीकृष्ण देवरायलु, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सुदीप बंदोपाध्याय, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रेमचंद गुप्ता, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टी शिवा और समाजवादी पार्टी (सपा) के रामगोपाल यादव शामिल हैं।



सर्वदलीय बैठक के एक दिन पहले सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कदमों की घोषणा की थी। सर्वदलीय बैठक बुलाने का फैसला बुधवार को लिया गया था और राजनाथ एवं शाह ने विभिन्न दलों के नेताओं से संपर्क किया। राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित किसी अहम घटना के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाने की परंपरा रही है, जैसा 2019 में पुलवामा आतंकी हमला या 2020 में भारत-चीन गतिरोध के दौरान देखा गया था। इससे जहां संकट के क्षणों में राष्ट्रीय एकता की तस्वीर पेश करने में मदद मिलती है, वहीं विपक्षी नेताओं को अपने विचारों से सरकार को अवगत कराने तथा सरकार को विभिन्न राजनीतिक दलों को आधिकारिक स्थिति के बारे में जानकारी देने का अवसर मिलता है।

इससे पहले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने सर्वदलीय बैठक को ''चुनिंदा जनसंपर्क कार्यक्रम'' बताया और छोटे दलों को इससे दूर रखने के लिए सरकार की आलोचना की।


## जम्मू कश्मीर: आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा

**श्रीनगर**, (भाषा) जम्मू कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए 26 लोगों के परिजन को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान करने की घोषणा की है।

अधिकारियों ने बताया कि ये निर्णय मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में लिए गए, जो पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। मंत्रिमंडल ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को 28 अप्रैल को पूर्वाह्न 10.30 बजे जम्मू में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की सलाह देने का भी फैसला किया। बैठक के बाद एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, 'मंत्रिमंडल ने इस बर्बर और कायरतापूर्ण कृत्य में निर्दोष लोगों की दुखद मौत और नागरिकों के घायल होने पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया। मंत्रिमंडल ने आतंकवादी कृत्य की निंदा करते हुए इसे शांति, एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला बताया।''

# यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षाओं के परिणाम आज किए जाएंगे घोषित

**प्रयागराज**, (भाषा) उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपीएमएसपी) कार्यालय द्वारा बृहस्पतिवार शाम जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम 25 अप्रैल, 2025 को दोपहर 12:30 बजे घोषित किए जाएंगे। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'कक्षा 10 और 12 के परीक्षा परिणाम डिजिलॉकर की वेबसाइट पर भी देखे जा सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि दोनों कक्षाओं के लिए 'डिजिलॉकर' पर डिजिटल मार्कशीट उपलब्ध कराई जाएंगी। सिंह ने कहा कि मार्कशीट पर डिजिटल रूप से सत्यापित हस्ताक्षर होंगे। मार्कशीट की भौतिक प्रतियां भी पहले की तरह स्कूलों के माध्यम से वितरित की जाएंगी। 'डिजिलॉकर पर मार्कशीट उपलब्ध होने से छात्रों को अब स्कूलों से उन्हें लेने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा।



## छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में तीन महिला नक्सली ढेर

**रायपुर**, (भाषा) छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में तीन महिला नक्सली ढेर हो गईं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से लगे पड़ोसी राज्य तेलंगाना की सीमा पर नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों के संयुक्त दल को नक्सल रोधी अभियान के लिए भेजा गया था। उन्होंने बताया कि दल जब दोनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित करेगुट्टा की पहाड़ी वाले इलाके में था तब सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई और तीन वर्दीधारी महिला नक्सली मारी गईं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से अभी तक तीन नक्सलियों के शव, भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किया है।

# भारत के समय-सीमा तय करने के बाद पाक नागरिक स्वदेश वापसी के लिए सीमा पर एकत्र होने लगे

**चंडीगढ़**, (भाषा) केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिये जाने के एक दिन बाद इस पड़ोसी देश के कई नागरिक बृहस्पतिवार को अटारी-वाघा सीमा मार्ग से स्वदेश लौटने लगे।

कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए भीषण आतंकवादी हमले के बाद केंद्र ने पाकिस्तानी सैन्य सलाहकार (अताशे) को निष्कासित करने, 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करने और अटारी भूमि-पारगमन चौकी को तत्काल बंद करने सहित कई उपायों की बुधवार को घोषणा की। इस हमले में 26 नागरिक मारे गए थे।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री के अनुसार, पाकिस्तानी नागरिकों को दक्षेस वीजा छूट योजना (एसवीईएस) के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस वीजा योजना के तहत फिलहाल भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक के पास देश छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने यह निर्णय लिया। बैठक में घोषणा की गई कि अटारी में एकीकृत चेक-पोस्ट (आईसीपी) को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा और जो लोग वैध दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान गए हैं, वे एक मई से पहले उस रास्ते से वापस आ सकते हैं। बृहस्पतिवार सुबह कई पाकिस्तानी परिवार अटारी-वाघा सीमा मार्ग से स्वदेश लौटने के लिए अमृतसर स्थित आईसीपी पहुंचे।



कराची के एक परिवार ने कहा कि वे लोग अपने रिश्तेदारों से मिलने दिल्ली गए थे। परिवार के सदस्य शेख फजल अहमद ने कहा, ''हम 15 अप्रैल को यहां (भारत) आए थे और आज हम घर लौट रहे हैं, हालांकि हमारे पास 45 दिनों का वीजा था।''

पहलगाम हमले पर एक सवाल का जवाब देते हुए अहमद ने कहा, ''जिसने भी यह किया है वह पूरी तरह से गलत है। हम दोनों देशों के बीच भाईचारा और दोस्ती चाहते हैं।'' मंसूर नामक एक अन्य पाकिस्तानी नागरिक ने कहा कि वह अपने परिवार के साथ 15 अप्रैल को 90 दिन के वीजा पर भारत आया था।

मंसूर ने पहलगाम हमले की निंदा करते हुए कहा, ''लेकिन हम आज घर लौट रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। पाकिस्तान जाने के लिए वीजा प्राप्त कुछ भारतीय नागरिक भी बृहस्पतिवार को आईसीपी पहुंचे, जिनमें गुजरात का एक परिवार भी शामिल था, जो कराची में अपने रिश्तेदारों से मिलने जाना चाहता था। परिवार के एक बुजुर्ग सदस्य ने कहा, ''हमें दो महीने पहले वीजा मिला था।'' हालांकि, जब उन्हें बताया गया कि अटारी-वाघा सीमा मार्ग बंद कर दिया गया है, तो बुजुर्ग व्यक्ति ने कहा कि अगर ऐसा है तो वे घर लौटने को तैयार हैं। कानपुर निवासी सीमा ने बताया कि उसे अपनी बीमार बहन से मिलने के लिए कराची जाना है। सीमा ने बताया, ''मैं कराची जाना चाहती हूं। मेरे पास एक महीने का वीजा है। मेरी बहन चंदा आफताब की हालत बहुत गंभीर है।''

# जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को कायरता की पराकाष्ठा : विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी

गोपेन्द्र नाथ भट्ट



- यह न केवल अमानवीय है, बल्कि देश की एकता और शांति पर सीधा प्रहार है : देवनानी
- प्राचीन भारत एक समय में विश्व गुरु हुआ करता था। आज का भारत पुन: उसी मार्ग पर अग्रसर है
- अजमेर संग्रहालय में महान योद्धा और राष्ट्रभक्त महाराणा संग्राम सिंह प्रथम (महाराणा सांगा) की 543वीं जयंती (तिथि अनुसार) के अवसर पर पुरातत्व विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

जयपुर/ नई दिल्ली। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को कायरता की पराकाष्ठा बताया है।

देवनानी ने कहा कि यह न केवल अमानवीय है, बल्कि देश की एकता और शांति पर सीधा प्रहार है।

उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की है और ईश्वर से कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति के लिए प्रार्थना की है तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ खिलाना भी की है।

### महाराणा सांगा की 543वीं जयंती पर अजमेर संग्रहालय में प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को अजमेर संग्रहालय में महान योद्धा और राष्ट्रभक्त महाराणा संग्राम सिंह प्रथम (महाराणा सांगा) की 543वीं जयंती (तिथि अनुसार) के अवसर पर पुरातत्व विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी के माध्यम से महाराणा सांगा के अद्वितीय त्याग, साहस और राष्ट्र सेवा की भावना को दर्शाया गया है।

इस प्रदर्शनी में महाराणा संग्राम सिंह प्रथम के अद्वितीय त्याग, साहस और राष्ट्र सेवा की भावना को दर्शाया गया। महाराणा संग्राम सिंह प्रथम का जन्म वैशाख कृष्ण नवमी विक्रम संवत 1539 में हुआ था। इनका तिथि अनुसार 22 अप्रैल को पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग अजमेर वृत्त एवं महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फॉउण्डेशन, उदयपुर के तत्वाधान में 543 वीं जयंती के अवसर पर प्रदर्शनी आयोजित की गई है।

देवनानी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि महाराणा सांगा का जीवन भारतीय इतिहास में एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में जाना जाता है। महाराणा संग्राम सिंह प्रथम की गिनती भारतीय इतिहास में सर्वाधिक वीर शासकों में की जाती है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन विदेशी आक्रांताओं से संघर्ष करते हुए राष्ट्र की रक्षा में समर्पित कर दिया। उनके पराक्रम और रणनीतिक नेतृत्व ने शत्रुओं को बार-बार पराजित किया और भारतीय गौरव को बनाए रखा।

विधानसभाध्यक्ष ने म्यूजियम अधिकारियों द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियाँ युवाओं को अपने इतिहास से जोड़ने और उनमें देशभक्ति तथा वीरता की भावना जाग्रत करने में सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा सांगा जैसे तपस्वी और राष्ट्रनायक के जीवन से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। युवा नेशन फर्स्ट के भाव के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत एक समय में विश्व गुरु हुआ करता था। आज का भारत पुनः उसी मार्ग पर अग्रसर है। इसके लिए सब मिलकर अपने प्राचीन गौरव की पुनर्प्राप्ति में सहभागी बनें। प्रदर्शनी में महाराणा सांगा के जीवन से जुड़ी दुर्लभ तस्वीरें, युद्ध योजनाओं के चित्रण, शौर्यगाथाओं से जुड़े विवरण और एतिहासिक दस्तावेज शामिल किए गए है।

# आतंकी हमले ने झकझोरा देश को – व्यापारिक समुदाय आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र संगठित : खंडेलवाल





पहलगाम में बेगुनाह पर्यटकों की बर्बर हत्या ने पूरे देश को दहला दिया है। यह केवल कुछ व्यक्तियों पर हमला नहीं है, बल्कि हमारे राष्ट्र के शांतिपूर्ण और समरसतापूर्ण ताने-बाने पर हमला है। इस वीभत्स कृत्य ने हर भारतीय की आत्मा को गहरे तक आहत किया है।

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) के नेतृत्व में देश का व्यापारी समुदाय इस कायर-तापूर्ण आतंकी हमले की घोर निंदा करता है और सभी निर्दोष लोग जो इस हमले में हताहत हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है,। हम इस कठिन समय में उनके परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

दिल्ली सहित देश भर के व्यापारी अपने व्यापार को, अपने लाभ को, अपने रोजगार को त्याग सकते हैं – पर इस राष्ट्र के दुश्मनों के मनसूबों और नापाक इरादों को कभी भी पनपने नहीं देंगे, कायराना तरीके से किए गये नृशंस हत्या कांड का बदला लेने के लिए पूरा व्यापारी हर तरह से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निर्णय का समर्थन करेगा तथा पूरा देश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर खड़ा है। यह समय देश के भीतर और बाहर बैठे आतंकी तंत्र को यह स्पष्ट संदेश देने का है कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा। हम सब मिलकर एक ऐसा भारत बनाएंगे, जहाँ आतंक के लिए कोई जगह नहीं होगी। व्यापारी वर्ग न केवल आर्थिक गतिविधियों में अग्रणी है, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और गरिमा की रक्षा के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि दोषियों को कठोरतम रूप से दंडित किया जाए

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ श्वेता सक्सैना राज्य सरकार द्वारा कोटा विश्वविद्यालय के बोर्ड आफ मैनेजमेंट (BOM) में सदस्य नामित



डॉ. श्वेता सक्सेना का राजस्थान सरकार द्वारा कोटा विश्वविद्यालय के बोर्ड आफ मैनेजमेंट में सदस्य के रूप में चयन किया गया । वर्तमान में शिक्षाविद डॉ. श्वेता सक्सैना माँ भारती पी. जी. कॉलेज में विगत 25 वर्षो से बतौर प्राचार्य कार्यरत हैं ।उनके सहयोग से गत वर्ष माँ भारती पी.जी. कॉलेज में नेक का सफल निरीक्षण हुआ ।इस अवसर पर कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष और निदेशक श्री दिनेश विजय ने डॉ. श्वेता सक्सेना को बधाई दी ।डॉ सक्सेना के परिवार जन व शिक्षाजगत में भी उनके मनोनयन से काफी खुशी है ।

### यूपी : अब एडेड इंटर कॉलेजों में भी प्रवक्ता पद के लिए बीएड अनिवार्य, शासनादेश जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में राजकीय इंटर कॉलेजों की तर्ज पर अब एडेड इंटर कॉलेजों में भी प्रवक्ता पद के लिए बीएड की डिग्री अनिवार्य कर दी गई है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया है। अब केवल परास्नातक की डिग्री प्रवक्ता बनने के लिए पर्याप्त नहीं होगी।

#### क्या था पहले नियम?

अब तकः इंटर में पढ़ाने के लिए सिर्फ परास्नातक की डिग्री पर्याप्त थी।

सहायक अध्यापक (हाईस्कूल स्तर) के लिए स्नातक के साथ बीएड या बीएड के समकक्ष डिप्लोमा भी मान्य थे।

#### अब क्या बदला?

प्रवक्ता बनने के लिए परास्नातक + बीएड दोनों अनिवार्य होंगे।

सहायक अध्यापक और प्रवक्ता दोनों पदों के लिए अब केवल बीएड की डिग्री को ही मान्यता दी जाएगी।

बीएड समकक्ष डिप्लोमा, जैसे कि महाराष्ट्र का बॉम्बे आर्ट और अन्य राज्यों के शिक्षण डिप्लोमा, अब मान्य नहीं होंगे।

#### राजकीय कॉलेजों में पहले ही लागू है यह नियम

राजकीय इंटर कॉलेजों में पहले से ही यह संशोधन लागू हो चुका है, जहां प्रवक्ता पद के लिए बीएड की अनिवार्यता लागू है। अब यही व्यवस्था एडेड कॉलेजों में भी लागू कर दी गई है।

### उत्तर प्रदेश के 37 जिले लू की चपेट में, अलर्ट जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग ने गुरुवार को प्रदेश के 37 जिलों के लिए लू का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में सुबह होते ही गर्म हवाओं और तेज धूप से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बुधवार को प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, सुल्तानपुर, अमेठी, झांसी और आगरा सहित कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। गर्मी की तपिश सिर्फ दिन में ही नहीं, अब रातों में भी उमस और गर्माहट बढ़ गई है, जिससे लोगों को नींद में भी राहत नहीं मिल रही।

#### हीटवेव अलर्ट झ्र अगले 3 दिन सतर्क रहें

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसारः गुरुवार से अगले तीन दिन तक हीटवेव की तीव्रता और क्षेत्र दोनों में वृद्धि होने की आशंका है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

# पंडोखर धाम में 29वाँ वार्षिक महोत्सवः बुंदेलखंडी लोक संस्कृति की अद्भुत छटा

शाकिर अली दतिया मध्य प्रदेश



दतिया। पंडोखर धाम में आयोजित 29वें वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत 20 अप्रैल 2025 की संध्या एक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम के नाम रही। इस अवसर पर बुंदेलखंड क्षेत्र के ख्यातिप्राप्त लोक कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।कार्यक्रम की शुरूआत कविता शर्मा की पारंपरिक बुंदेली गीत दोना काहे ना लाऐ से हुई, जिसने दर्शकों को क्षेत्रीय संस्कृति की गहराइयों से जोड़ा। इसके पश्चात लोकप्रिय कॉमेडियन अंजली कुशवाह ने तुनक तुनक तुन्ना की सुमधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को आनंदित कर दिया हरिया भैया ग्रुप द्वारा प्रस्तुत लोकनाट्य और नौटंकी शैली की प्रस्तुतियों ने सामाजिक संदेशों को रोचक रूप में प्रस्तुत करते हुए खूब वाहवाही बटोरी। वहीं चंद्रभान वासुदेव की ओजपूर्ण आल्हा गायन में गोरा सांची बताओ कैसे करवा लओ तुमने भोला से बिवाह की प्रस्तुति ने समस्त श्रद्धालुओं में ऊर्जा का संचार किया।इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। पूरा परिसर भक्ति, संस्कृति और उत्सव की भावना से सराबोर नजर आया आयोजन समिति द्वारा व्यवस्थाएं अत्यंत सुचारु रूप से संचालित की गईं।पंडोखर सरकार की दिव्य उपस्थिति और कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने यह सिद्ध कर दिया कि पंडोखर धाम ना केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि बुंदेलखंड की लोकसंस्कृति के संरक्षण का भी एक सशक्त मंच है

# पुलकित खरे ने उप्र कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक का पदभार संभाला

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



लखनऊ। पुलकित खरे ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के नवनियुक्त मिशन निदेशक के पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद गुरुवार को लखनऊ स्थित मिशन मुख्यालय में आयोजित परिचय सत्र में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनकी जिम्मेदारियों की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यालय स्थित विभिन्न प्रकोष्ठों का निरीक्षण भी किया तथा मिशन की कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। परिचय सत्र में अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह सहित मिशन से जुड़े अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने अपने सेवाकाल में अलीगढ़ में संयुक्त मजिस्ट्रेट, फिर अलीगढ़, बुलंदशहर, शाहजहाँपुर और वाराणसी में मुख्य विकास अधिकारी के रूप में कार्य किया। इसके पश्चात उन्होंने वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, हरदोई, पीलीभीत और मथुरा के जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के सीईओ, ग्रेटर नोएडा के एसीईओ तथा नियोजन विभाग में विशेष सचिव जैसे उत्तरदायित्वपूर्ण पदों पर कार्य किया।

# लखनऊ को मिला नया नगर आयुक्त

## गौरव कुमार ने संभाली कमान- सफाई और भ्रष्टाचार पर होगी सख्ती



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ को नया नगर आयुक्त मिल गया है। आईएएस गौरव कुमार ने बृहस्पतिवार को नगर निगम कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने उन्हें पद की जिम्मेदारी सौंपी। कार्यभार संभालने के बाद गौरव कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनकी प्राथमिकता शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करना और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना होगी। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। गौरव कुमार ने पूर्व नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह की सराहना करते हुए कहा कि वे भी उनकी तरह ही शहर को बेहतर और व्यवस्थित बनाने के लिए काम करेंगे।

### गौरव कुमार का प्रशासनिक अनुभव

मूल रूप से चंडीगढ़ निवासी गौरव कुमार मैकेनिकल इंजीनियर हैं और 2018 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। लखनऊ में वे पहले भी एलडीए में ओएसडी पद पर 20 दिनों तक सेवाएं दे चुके हैं। अब एक बार फिर उन्हें नगर आयुक्त के रूप में लखनऊ में कार्य करने का अवसर मिला है।

### अब तक की पोस्टिंगः

प्रयागराज में सीडीओ, आजमगढ़ में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, गोंडा में सीडीओ, ट्रेनिंग श्रावस्ती और कानपुर में ।

# सीतापुर के नैमिषारण्य में पर्यटन विकास को मिले 71.89 करोड़ रुपये- 5 बड़ी परियोजनाएं स्वीकृत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जनपद सीतापुर के धार्मिक और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए 7189.56 लाख रुपये की पाँच परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसकी जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि नैमिषारण्य एक प्राचीन और पवित्र तीर्थ स्थल है, जहाँ देशभर से श्रद्धालु पर्वों के अवसर पर आते हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को साफ-सुथरी, व्यवस्थित और आधुनिक सुविधाएं मिलें। इन परियोजनाओं से न केवल तीर्थयात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। पर्यटन से आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव होगा।

### स्वीकृत परियोजनाएं

ईसरवारा मंदिर (ब्लॉक - पहला, सीतापुर)
पर्यटन विकास हेतु- ₹ 99.68 लाख

नैमिषारण्य में लखनऊ रिंग रोड एवं सीतापुर लिंक रोड पर पार्किंग और पर्यटन सुविधा केंद्र
-लागत झ्र ₹ 4763.08 लाख

राजघाट से दशाश्वमेघ घाट तक नए घाट का निर्माण (नैमिषारण्य)
-लागत ₹ 493.39 लाख

वैदिक वेलनेस एक्सपीरियंस नैमिषारण्य (स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत)
-लागत ₹ 1780.44 लाख

नीमसार तीर्थधाम परिषद सभागार में आंतरिक कार्य
-लागत ₹ 52.87 लाख

# पहलगाम अटैक एक अत्यंत निंदनीय और अमानवीय कृत्य

धर्म के नाम पर हिंसा, मानवता पर कलंक, परमार्थ निकेतन परिवार की ओर से सभी शहीदों को कोटिशः नमन व समस्त देशवासियों से शांति, एकता और साहस बनाए रखने का विनम्र निवेदन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने पहलगाम में हुआ आतंकी हमले की घोर निंदा करते हुये कहा कि यह अत्यंत निंदनीय, कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य है, जिसने पूरे देश ही नहीं पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। यह हमला भारत की अखंडता और मानवता पर सीधा प्रहार है। पूरी दुनिया के लिये यह चिंतन का विषय है कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता, कोई राष्ट्र नहीं होता यह केवल विनाश का प्रतिनिधि है।

भारत की जनता इस दुःखद घड़ी में एकजुट है और भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और गृहमंत्री श्री अमित शाह जी की सक्रियता, यह दशार्ती है कि भारत आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए संकल्पबद्ध है।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने पहलगाम में हुए अमानवीय आतंकी हमले की घोर निंदा करते हुए गहरी संवेदना प्रकट की और कहा कि मजहब पूछ कर मारना, यह कैसा मजहब है? चुन-चुन कर नाम पूछ कर मारना, कपड़े खुलवाकर देखना कि खत्ना है या नहीं, फिर खत्म कर देना, यह किस धर्म की शिक्षा है? क्या कुरान इस अमानवीयता की इजाजत देता है?

यह आतंक नहीं, पथभ्रष्टता की पराकाष्ठा है। धर्म के नाम पर हत्या करना धर्म का अपमान है; पूरी मानवता का अपमान है। किसी के विश्वास, नाम या पहनावे के आधार पर उसे निशाना बनाना घोर अधर्म है।

स्वामी जी ने कहा कि सच्चा धर्म प्रेम, करुणा और सह-अस्तित्व की बात करता है। कोई भी पवित्र ग्रंथ हिंसा की शिक्षा नहीं देता। जो पर्यटक गये उन्हें पीड़ा देना क्या है ये सब?

आज समय है एकजुट होकर इस पाखंड और कट्टरता का विरोध करने का ताकि आने वाली पीढ़ियाँ धर्म के नाम पर इंसान को मरता नहीं, जीता देख सकें।

स्वामी जी ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला एक बार फिर भारत के हृदय को छलनी कर गया। निर्दोष, निहत्थे लोगों पर हुआ यह अमानवीय हमला सम्पूर्ण मानवता के लिए एक चुनौती है। इन हमलों में हमने भारतमाता की अमूल्य संतानों को खोया है। यह कोई साधारण हमला नहीं, यह हमारे राष्ट्र के संकल्प, शौर्य और अखंडता पर एक सीधा वार है परंतु इतिहास साक्षी है भारत ने हर बार इस प्रकार की पीड़ाओं को सहकर और अधिक दृढ़ता, साहस और संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।

उन्होंने कहा कि यह समय शोक का नहीं, संकल्प का है। हमें पूरा विश्वास है कि भारत सरकार इस कायरतापूर्ण कृत्य का उत्तर जरूर देगी। भारत अब चुप बैठने वाला नहीं है। अब समय है जब आतंकियों के आकाओं को यह समझना होगा कि भारत न तो डरता है और न ही झुकता है। हम न भूलेंगे, न रुकेंगे। भारत एक था, एक है, और एक रहेगा। हमारे देश की आत्मा को कोई नहीं मार सकता, क्योंकि वह सत्य, शांति और संकल्प से बनी है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का स्पष्ट दृष्टिकोण और गृहमंत्री श्री अमित शाह जी की नीतिगत दृढ़ता, दोनों मिलकर भारत को एक सुरक्षित, सशक्त और आतंकमुक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में निरंतर प्रयत्नशील हैं। यह नेतृत्व आज केवल राजनीतिक नहीं, राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। पहले पुलवामा और अब पहलगाम, पहलगाम से होगी एक नई पहल, कुछ ऐसा कि नसीर कायम करेगा ताकि कभी भी कोई हिम्मत न कर सके। ये देश सशक्त हाथों में हैं; ये देश ऐसे नेतृत्व के पास हैं जो केवल देश के लिये ही जीते हैं।

आज परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में उन सभी मृतकों की स्मृति में एक विशेष हवन और प्रार्थना का आयोजन किया गया। हवन की अग्नि के समक्ष उपस्थित संतों, साधकों और श्रद्धालुओं ने अटैक में मारे गये भारत माता की संतानों को भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की।

# दिल्ली महापौर चुनाव: दो वर्ष बाद निगम पर फिर से कब्जा जमाने के लिए भाजपा तैयार




## दिल्ली नगर निगम के महापौर और उपमहापौर के लिए चुनाव आज

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दो वर्ष के अंतराल के बाद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सत्ता पर एक बार फिर से कब्जा जमाने को तैयार है।

एमसीडी के महापौर और उपमहापौर के लिए चुनाव शुक्रवार को होना है।

आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा चुनाव का बहिष्कार करने और कांग्रेस की मामूली उपस्थिति के साथ भाजपा केंद्र, विधानसभा में मनोनीत विधायकों और अब एमसीडी के माध्यम से दिल्ली पर अपना नियंत्रण मजबूत करते हुए नगर निगम के दोनों प्रमुख पदों पर आसानी से कब्जा कर सकती है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि दिल्लीवासियों ने उनकी पार्टी को शहर की समस्याओं को ठीक करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

भाजपा ने राजा इकबाल सिंह को महापौर पद के लिए उम्मीदवार बनाया है।

उन्होंने कहा, ''आप' ने अपनी हार स्वीकार कर ली है। हम भ्रष्टाचार को खत्म करेंगे और पिछले दो वर्षों से रुके हुए सभी कार्यों को पूरा करेंगे।''

सिंह ने कहा कि महापौर चुने जाने के बाद स्थायी समितियों के चुनाव तुरंत कराए जाएंगे।

इस बीच, 'आप' पार्षद व पूर्व महापौर शैली ओबेरॉय और सदन के नेता मुकेश गोयल ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए चुनाव का बहिष्कार करने के अपने पार्टी के फैसले को दोहराया।

ओबेरॉय ने कहा, ''एमसीडी चुनाव कल (शुक्रवार को) होने हैं और हम इसका पूरी तरह से बहिष्कार करेंगे।'' उन्होंने भाजपा पर अपने तथाकथित 'ट्रिपल इंजन पावर' के दम पर नगर निगम चुनावों का तमाशा बनाने का आरोप लगाया।

पूर्व महापौर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में कई जन-केंद्रित फैसले लिए गए लेकिन भाजपा का एकमात्र उद्देश्य 'सत्ता हथियाना' रहा है।

एमसीडी में फिलहाल 238 पार्षद हैं और 11 सीट दिल्ली विधानसभा और एक सीट लोकसभा के लिए पार्षदों के निर्वाचित होने के कारण खाली हुई हैं।

भाजपा के पास कुल 250 में से अब 117 पार्षद हैं, जो 2022 में 104 थे। वहीं 'आप' के पार्षदों की संख्या 134 से घटकर 113 हो गई है।

कांग्रेस के पास सिर्फ आठ सीट हैं।

महापौर चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में 238 पार्षद, 10 सांसद (लोकसभा से सात और राज्यसभा से तीन) और 14 विधायक शामिल हैं।

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भाजपा के 11 और 'आप' के तीन विधायकों को निर्वाचक के रूप में नामित किया है।

# दिल्ली के फार्महाउस में पड़ोसी ने बेटी के सामने महिला से बलात्कार किया

नयी दिल्ली, (भाषा) बाहरी दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में एक फार्महाउस की देखभाल करने वाली 37 वर्षीय महिला के साथ उसके पड़ोसी ने उसकी बेटी के सामने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

आरोपी की पहचान बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी 35 वर्षीय धर्मेंद्र के रूप में हुई है जिसे बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने महिला के साथ बलात्कार करने से पहले दोनों के हाथ-पैर बांध दिए।

महिला ने मंगलवार को स्वरूप नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

अधिकारी ने बताया कि महिला ने आरोप लगाया कि जब वह अपनी 11 वर्षीय बेटी के साथ फार्महाउस के बरामदे में सो रही थी तब उन पर हमला किया गया। अधिकारी ने कहा कि 20 अप्रैल को देर रात आरोपी दीवार फांदकर आया और शिकायतकर्ता महिला व उसकी बेटी के हाथ-पैर बांध दिए और धमकी देकर महिला का यौन उत्पीड़न किया।

# संसद की सुरक्षा में सेंध: आरोपी महिला की जमानत याचिका पर सुनवाई 29 अप्रैल को

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2023 में संसद की सुरक्षा में सेंध से जुड़े मामले में गिरफ्तार महिला आरोपी नीलम आजाद की जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार को 29 अप्रैल की तारीख तय की।



न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने कहा कि वह आजाद की अर्जी पर मामले में सह-आरोपी मनोरंजन डी की जमानत याचिका के साथ सुनवाई करेगी।

बृहस्पतिवार को संक्षिप्त सुनवाई के दौरान पीठ ने पुलिस से अगली तारीख पर यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या 'स्मोक कैन' (धुआं छोड़ने वाला स्प्रे), जो जानलेवा नहीं होता, उसे ले जाना या उसका इस्तेमाल करना, आतंकवादी गतिविधियों के संबंध में लागू होने वाले कठोर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के दायरे में आता है।

साल 2001 के संसद हमले की 22वीं बरसी पर 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए दो आरोपी सागर शर्मा और मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान सार्वजनिक गैलरी से कथित तौर पर लोकसभा कक्ष में कूद गए थे और सदस्यों द्वारा काबू किए जाने से पहले उन्होंने वहां 'स्मोक कैन' से पीला धुआं छोड़ा था तथा नारे लगाए थे। लगभग उसी समय दो अन्य आरोपियों-अमोल शिंदे और नीलम आजाद ने संसद परिसर के बाहर 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाते हुए 'स्मोक कैन' से पीला धुआं छोड़ा था।

उच्च न्यायालय ने कहा कि अगर बाजार में आसानी से उपलब्ध 'स्मोक कैन' पर यूएपीए लगाया जा सकता है, तो होली पर इसका (स्मोक कैन) इस्तेमाल करने वाले भी इसके (यूएपीए) दायरे में आएंगे और यहां तक कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच पर भी यह कानून लागू होगा।

पीठ ने कहा, ''आप इस पर जानकारी लें और हमें बताएं.... बाजार में खुलेआम उपलब्ध 'स्मोक कैन' पर यूएपीए लागू होता है या नहीं। अगर यह लागू होता है, तो होली पर हर कोई इस अपराध के दायरे में आएगा। हर आईपीएल मैच पर यूएपीए लगेगा।'' आजाद के वकील ने अपनी मुवक्किल को इस आधार जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया था कि मामले में यूएपीए के प्रावधान लागू नहीं होते।

# श्री हनुमंत कथा के लिए 26 से 30 अप्रैल तक दिल्ली के पश्चिम विहार में यातायात परिवर्तित रहेगा

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली यातायात पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक यातायात परामर्श जारी कर डीडीए ग्राउंड में 26 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होने वाले श्री हनुमंत कथा आयोजन के मद्देनजर पश्चिम विहार में विशेष यातायात व्यवस्था और मार्ग परिवर्तन की घोषणा की।



उन्होंने बताया कि धार्मिक प्रवचन का संचालन बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री करेंगे, जिन्हें बाबा बागेश्वर के नाम से जाना जाता है। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है जिसके चलते अधिकारियों ने वाहनों की सुचारू आवाजाही के लिए मार्ग परिवर्तन और पार्किंग योजना लागू की है।

दिल्ली यातायात पुलिस ने एक बयान में कहा, ''इस दौरान कार्यक्रम स्थल के आसपास यातायात जाम की आशंका है। वाहन चालकों को सलाह दी जाती है कि वे प्रतिबंधित मार्गों से बचें और यात्रा की योजना उसी के अनुसार बनाएं, खासकर यदि वे अस्पताल, रेलवे स्टेशन या आईएसबीटी की ओर जा रहे हों।''

ज्वालाहेड़ी मार्केट, जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर, टिकरी बॉर्डर और मधुबन चौक से नांगलोई और अन्य आस-पास के इलाकों की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए यातायात नियंत्रित किया जाएगा।

डॉ. मेजर अश्विनी मार्ग और चौधरी बलबीर सिंह मार्ग से रोहतक रोड और पीरागढ़ी चौक की ओर जाने वाली सड़कों पर ज्वालाहेड़ी मार्केट से आने वाले यात्रियों के लिए मार्ग परिवर्तित रहेगा।

इसी तरह के प्रतिबंध जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर से निलोठी रोड, आउटर रिंग रोड और भैरा एन्क्लेव अंडरपास के रास्ते पर भी लागू होंगे।

डीडीए ग्राउंड के पास कुछ सड़कें 26 से 30 अप्रैल तक वाहनों के आवागमन के लिए बंद रहेंगी। इनमें साईं बाबा मंदिर रोड (भैरा एन्क्लेव से काशी राम कट तक), पी.एस. पश्चिम विहार वेस्ट रोड (नेशनल मार्केट रेड लाइट से सेंट मार्क्स स्कूल तक) और पेट्रोल पंप से रेडिसन ब्लू तक सर्विस और साइड रोड (आउटर रिंग रोड पर पीरागढ़ी की ओर) शामिल हैं।

इन मार्गों को कई बिंदुओं से चिह्नित किया गया है, जिसमें ज्वालाहेड़ी मार्केट, जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर, टिकरी बॉर्डर और मधुबन चौक शामिल हैं ताकि मुख्य सड़कों पर यातायात का भार कम किया जा सके।

# कांग्रेस का कटाक्ष: जद (यू) की प्राथमिकता प्रधानमंत्री मोदी हैं


नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने जनता दल (यूनाइटेड) के सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं होने के उसके फैसले को लेकर कटाक्ष करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि नीतीश की पार्टी की प्राथमिकता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

जद (यू) के प्रवक्ता राजीव रंजन ने बृहस्पतिवार को कहा कि पार्टी के नेता पूर्व व्यस्तताओं के कारण पहलगाम हमले को लेकर होने वाली सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे, लेकिन पार्टी सरकार के हर फैसले के साथ खड़ी है।

प्रधानमंत्री मोदी की बृहस्पतिवार दोपहर बिहार के मधुबनी में सभा थी जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जद (यू) के कई अन्य शीर्ष नेता मौजूद थे। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''प्रधानमंत्री की प्राथमिकता चुनाव है। जद (यू) की प्राथमिकता प्रधानमंत्री हैं। आतंकी हमले पर सर्वदलीय बैठक का इंतजार हो सकता है।''

# पहलगाम: बीएसएफ अटारी व दो अन्य सीमाओं पर सीमित स्तर पर रीट्रीट कार्यक्रम करेगा

नयी दिल्ली, (भाषा) सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहलगाम हमले के मद्देनजर वह पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा पर अटारी, हुसैनीवाला और सादकी में रिट्रीट समारोह का आयोजन सीमित स्तर पर करेगा।



बीएसएफ की पंजाब फ्रंटियर ने एक बयान में कहा कि इस ''सुविचारित निर्णय'' के तहत, बल भारतीय गार्ड कमांडर द्वारा अपने समकक्ष के साथ प्रतीकात्मक रूप से हाथ मिलाने की रस्म को स्थगित कर रहा है तथा कार्यक्रम के दौरान सीमा द्वार बंद रहेंगे।

भारत के साथ पाकिस्तान की कुल 2200 किलोमीटर लंबी सरहद लगती है जिसमें से बीएसएफ का पंजाब फ्रंटियर 532 किलोमीटर लंबी सीमा की रखवाली करती है।

इसमें कहा गया है कि ये कदम ''सीमा पार शत्रुता पर भारत की गंभीर चिंता को दर्शाते हैं और इस बात की पुष्टि करते हैं कि शांति और उकसावे की कार्रवाई साथ-साथ नहीं हो सकती।''

अधिकारियों ने बताया कि अन्य सभी अभ्यास जारी रहेंगे तथा आम लोगों को ध्वज-उतारने के दैनिक समारोह को देखने की अनुमति होगी।

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से मशहूर प्रमुख पर्यटक स्थल बैसरन में मंगलवार को आतंकवादियों ने हमला किया था, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। इनमें ज्यादातर पर्यटक हैं।

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक उपाय शुरू कर दिए हैं तथा इन हमलों को पड़ोसी देश से जोड़ते हुए कई जवाबी कदम उठाए हैं। सबसे बड़ा आयोजन अटारी सीमा पर होता है, जो एक संयुक्त या एकीकृत भूमि सीमा चौकी है। यह अमृतसर से लगभग 26 किमी दूर स्थित है।

अटारी सीमा पर प्रतिदिन सैकड़ों घरेलू आगंतुक, विदेशी पर्यटक और स्थानीय लोग झंडा उतारने और रीट्रीट कार्यक्रम देखने आते हैं। यह कार्यक्रम बीएसएफ कर्मियों और उनके समकक्ष पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा समन्वित रूप से आयोजित किया जाता है। पाकिस्तान की तरफ की सरहद को वाघा के नाम से जाना जाता है। हुसैनीवाला (फिरोजपुर जिला) और सादकी (अबोहर जिला) में भी इसी तरह के लेकिन छोटे कार्यक्रम होते हैं।

भारत और पाकिस्तान 1959 से अटारी-वाघा सीमा पर शाम को झंडा उतारने के कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहे हैं और इस कार्यक्रम में दोनों देशों के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। यह समारोह 45-50 मिनट तक चलता है।

# पहलगाम हमले के खिलाफ व्यापार संघों ने मोमबत्ती जुलूस निकाला, शुक्रवार को 'दिल्ली बंद' का आह्वान

नयी दिल्ली, (भाषा) चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में 'बंद' की घोषणा की है, जबकि व्यापार संगठनों ने पीड़ितों के साथ एकजुटता जताने के लिए बृहस्पतिवार को यहां कनॉट प्लेस में मोमबत्ती जुलूस (कैंडिल मार्च) निकाला।




सीटीआई ने कहा कि उसके आह्वान पर दिल्ली के 100 से अधिक बाजारों के बंद रहने की उम्मीद है।

सीटीआई और 100 से अधिक व्यापार संगठनों के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को काली पट्टी बांधकर कनॉट प्लेस में आतंकवादी हमले को लेकर अपना विरोध जताया।

सीटीआई ने बयान में कहा कि कश्मीरी गेट, चांदनी चौक, सदर बाजार, चावड़ी बाजार, भागीरथ प्लेस, राजौरी गार्डन और सरोजिनी नगर जैसे प्रमुख बाजारों के व्यापारियों ने जुलूस में हिस्सा लिया।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की मौजूदगी वाले एक मैदान में मंगलवार दोपहर को आतंकवादियों ने गोलीबारी की थी, जिसमें 26 लोग मारे गए।

सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा कि व्यापारी समुदाय इस घटना से बेहद व्यथित है और हमले की निंदा करने में एकजुट है।

सीटीआई के उपाध्यक्ष राहुल अदलखा ने कहा कि व्यापारियों में इस घटना को लेकर काफी गुस्सा है।

बयान के मुताबिक, शुक्रवार के बंद का समर्थन करने वाले बाजारों में सदर बाजार, भागीरथ प्लेस, गांधीनगर, नया बाजार, खारी बावली, चावड़ी बाजार, हिंदुस्तान मर्केंटाइल (चांदनी चौक), जामा मस्जिद और हौज काजी शामिल हैं।

# पाक अभिनेता फवाद खान की फिल्म 'अबीर गुलाल' भारत में रिलीज नहीं होगी: सूत्र

नयी दिल्ली, (भाषा) पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान अभिनीत फिल्म 'अबीर गुलाल' को भारत में रिलीज करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सरकारी सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।



इस फिल्म में फवाद मुख्य भूमिका में हैं। आरती एस. बागड़ी द्वारा निर्देशित और वाणी कपूर अभिनीत यह फिल्म नौ मई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। सूत्रों ने बताया, ''पाकिस्तान के अभिनेता फवाद खान अभिनीत फिल्म 'अबीर गुलाल' को भारत में रिलीज नहीं होने दिया जाएगा।''यह कदम दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग के बीच उठाया गया है। 'फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (एफडब्ल्यूआईसीई)' ने बुधवार को पाकिस्तानी कलाकारों पर प्रतिबंध लगाने के अपने निर्देश को दोहराया। उन्होंने भारतीय फिल्म और मनोरंजन उद्योग में सभी पाकिस्तानी कलाकारों, गायकों और तकनीशियनों के साथ काम नहीं करने का आह्वान किया। एफडब्ल्यूआईसीई ने एक बयान में कहा, ''पहलगाम में हाल ही में हुए हमले के मद्देनजर एफडब्ल्यूआईसीई एक बार फिर किसी भी भारतीय फिल्म या मनोरंजन कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी पाकिस्तानी कलाकारों, गायकों और तकनीशियनों का पूर्ण बहिष्कार करने के लिए बाध्य है। इसमें दुनिया में कहीं भी होने वाले प्रदर्शन या कार्यक्रम शामिल हैं।''

# सोना 200 रुपये बढ़कर 99,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी भी चमकी

नयी दिल्ली, (भाषा) स्टॉकिस्ट एवं आभूषण विक्रेताओं की तरफ से लिवाली आने और कमजोर डॉलर के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 99,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।




99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने ने ऐतिहासिक एक लाख रुपये के स्तर से बुधवार को 'यू-टर्न' लिया था और 2,400 रुपये घटकर 99,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये बढ़कर 98,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि पिछला बंद भाव 98,700 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

अमेरिकी वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने बुधवार को कहा कि अमेरिका और चीन के बीच मौजूदा व्यापार गतिरोध कुछ समय तक जारी रह सकता है।

इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि चीन के लिए अगले ''दो से तीन सप्ताह'' में नई शुल्क दरें मिल सकती हैं।

जिंस बाजार के विशेषज्ञों के मुताबिक, ट्रंप और बेसेंट की टिप्पणियों से सोना में अब तक के उच्चतम स्तर से तकनीकी सुधार के तहत आई गिरावट के बाद सुरक्षित-निवेश विकल्प के बतौर सर्राफा मांग को पुनर्जीवित करने में मदद मिली है।

इस बीच, बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। पिछले बंद भाव में चांदी 99,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एलकेपी सिक्योरिटीज में जिंस और मुद्रा के उपाध्यक्ष एवं शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''सोना 1,000 रुपये से अधिक की बढ़त के साथ खुला और एमसीएक्स पर 95,700 रुपये पर पहुंच गया, क्योंकि कॉमेक्स सोना 3,300 डॉलर से ऊपर मजबूती से टिका रहा। ट्रंप प्रशासन के लहजे में तेज बदलाव के बाद आया नया उछाल दर्शाता है कि चीन के साथ कोई ठोस व्यापार वार्ता शुरू होने से पहले शुल्क अभी भी बातचीत का केंद्रीय हिस्सा बना रह सकता है।''

उन्होंने कहा, ''कूटनीतिक प्रगति में यह देरी, चीन की आधिकारिक प्रतिक्रिया के बारे में अनिश्चितता के साथ, जोखिम की धारणा को बढ़ाए रखना जारी रखती है। चीन ने अभी तक व्यापार चर्चाओं पर कोई मजबूत या स्पष्ट रुख जारी नहीं किया है, जो भू-राजनीतिक धुंध को बढ़ाता है।''

वैश्विक स्तर पर हाजिर सोना 47.16 डॉलर यानी 1.43 प्रतिशत बढ़कर 3,335.50 डॉलर प्रति औंस हो गया। अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''सोने की कीमतों में मुनाफावसूली के कारण अल्पकालिक गिरावट के बाद तेजी आई क्योंकि धातु रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई।

# सरकार को पहलगाम हमले पर बैठक के लिए पार्टी अध्यक्षों को बुलाना चाहिए था: तृणमूल

नयी दिल्ली, (भाषा) तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र को पहलगाम आतंकवादी हमले पर सर्वदलीय बैठक के लिए राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को आमंत्रित करना चाहिए था। साथ ही उन्होंने प्रश्न किया कि इसे केवल ''संसदीय दलों'' तक ही क्यों सीमित रखा गया?

**न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन महोदय संभल स्थित चंदौसी**

विविध वाद संख्या 41/2023

1.श्रीमती मीना पत्नी श्री सुभाष पाठक निवासी ढिलवाडी तहसील बिसौली जिला बदायूं
2.श्रीमती विरमा पत्नी अनिल तिवारी ग्राम/ कस्बा वजीरगंज तहसील बिसौली जिला बदायूं
3.श्रीमती नीरा पत्नी राजेश निवासी ग्राम सरोरिया तहसील बिसौली जिला बदायूं
........ प्रार्थिनीगण

**बनाम**

3.प्रेम शंकर पुत्र स्वः प्यारे.........मूलबाद के दौराने विचारण मृत्यु हो गई
3/1.ओमपाल पुत्र स्वर्गीय प्रेम शंकर
3/2.तेजपाल पुत्र स्वर्गीय प्रेम शंकर
3/3.वोना पुत्र स्वर्गीय प्रेम शंकर
3/4.तेजेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय प्रेम शंकर
3/5.श्रीमती फूलवती पत्नी प्रेम शंकर
4. रमेश पुत्र स्वर्गीय प्यारेलाल
5. गजराम पुत्र स्वर्गीय प्यारेलाल
विपक्षीगण संख्या 3/1 ता 5 हाल निवासीगण ग्राम बरई तहसील चंदौसी पूर्व जनपद मुरादाबाद वर्तमान जनपद संभल
6. श्रीमती मुवीन बेगम पत्नी श्री अनवार हुसैन निवासी लक्ष्मनगंज चंदौसी तहसील चंदौसी पूर्व जनपद मुरादाबाद वर्तमान जनपद संभल।
7. श्रीमती भूरी देवी पत्नी श्री मलखान सिंह निवासी हाइडिल कॉलोनी चंदौसी तहसील चंदौसी जिला संभल
........ विपक्षीगगण

चूकि उपरिनामांकित प्रार्थिनी गण/वादनीगण के इस न्यायालय में आवेदन किया है कि प्रार्थना पत्र अंतर्गत आदेश 9 नियम 13 सी०पी०सी० हेतु अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2025 माह 4 के दिवस 29 को 10:00 बजे उपूबांह अथवा बंधक रूप से अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में अधिवक्ता उपस्थिथत द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 19.4.2025 को निकाल दिए गये।

**न्यायालय**

**न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन संभल स्थित चंदौसी।**

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
70 80 333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia

# अदालत ने तहव्वुर राणा की परिजनों से बात करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज की

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 2008 के मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की अपने परिजनों से बात करने के अनुरोध संबंधी याचिका खारिज कर दी।

विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने कहा, ''अनुमति नहीं है।''

राणा ने अपने वकील के माध्यम से याचिका दायर की और कहा कि अपने परिजनों से बात करना उसका मौलिक अधिकार है तथा उन्हें उसके सुख-दुख के बारे में चिंतित होना चाहिए।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस अर्जी का विरोध करते हुए दलील दी कि अगर उसे अपने परिजनों से बात करने की अनुमति दी जाएगी तो वह महत्वपूर्ण जानकारी साझा कर सकता है।

आतंकवाद-रोधी एजेंसी ने कहा कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है।



अदालत ने 10 अप्रैल को पाकिस्तानी मूल के 64-वर्षीय कनाडाई व्यवसायी को 18 दिन की हिरासत में भेज दिया था।

एनआईए ने आरोप लगाया कि आपराधिक साजिश के एक हिस्से के रूप में आरोपी डेविड कोलमैन हेडली ने भारत आने से पहले राणा के साथ पूरे ऑपरेशन पर चर्चा की थी।


एनआईए ने राणा की हिरासत की मांग करते हुए अदालत को बताया कि संभावित चुनौतियों की आशंका को देखते हुए हेडली ने राणा को अपने सामान और संपत्तियों का ब्योरा देते हुए एक ई-मेल भेजा था।

जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि हेडली ने राणा को इस साजिश में पाकिस्तानी नागरिकों- इलियास कश्मीरी और अब्दुर रहमान की संलिप्तता के बारे में भी बताया था। ये दोनों भी इस मामले में आरोपी हैं।

मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता हेडली उर्फ दाऊद गिलानी के करीबी सहयोगी राणा को चार अप्रैल को अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उसके प्रत्यर्पण के खिलाफ समीक्षा याचिका खारिज करने के बाद भारत लाया गया था।

छब्बीस नवंबर, 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक समूह ने अरब सागर में समुद्री मार्ग का उपयोग करके भारत की वित्तीय राजधानी में घुसने के बाद एक रेलवे स्टेशन, दो लक्जरी होटलों और एक यहूदी केंद्र पर समन्वित हमला किया।

लगभग 60 घंटे तक चले हमले में 166 लोग मारे गए थे।



### बर्बरतापूर्ण कायराना हमले से पाकिस्तान ने लिया उड़ता तीर, भारत बख्शनें के मूड में नहीं

# बरेली में रह रहे 34 पाकिस्तानियों पर प्रशासन की नजर

### कश्मीर आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार सतर्क 33 के पास लॉन्ग टर्म विजा, एक महिला पाकिस्तानी शहनाज बेगम को 48 घंटे में भारत छोड़ने के निर्देश

**नेशनल एक्सप्रेस/पवन त्रिपाठी ब्यूरो**

बरेली जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बरता पूर्ण आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान से जुड़े मामलों में सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। जिसके तहत भारत में विशेष वीजा या अन्य कारणों से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की स्थिति की व्यापक समीक्षा की जा रही है। इसका प्रभाव में उत्तर प्रदेश के बरेली ज़िले में भी साफ नजर आ रहा है। प्रशासन द्वारा ऐसे लोगों को विशेष चिन्हित कर उन पर निगरानी की जा रही है।



आपको बताते चलें वर्तमान समय में बरेली में 34 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। इनमें से 33 लोगों के पास लॉन्ग टर्म वीजा है, जबकि एक महिला शहनाज बेगम रिश्तेदार की बीमारी के विशेष के उद्देश्य प्रवेश वीजा पर भारत आई हैं। केंद्र सरकार के आदेश पर शहनाज बेगम को 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। यह सूचना बरेली प्रशासन को भेज दी गई है। बाकी 33 नागरिकों की समीक्षा प्रक्रिया अभी जारी है और आगे की कार्रवाई केंद्र से मिलने वाली गाइडलाइन के आधार पर की जाएगी।




वही आपको यह भी बताते चलें कराची निवासी शहनाज बेगम बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र में अपने मायके में अपनी बीमार मां से मिलने आई थीं। वह अमृतसर के रास्ते पंजाब मेल से बरेली के लिए रवाना हुई थीं। मगर रामपुर के पास नींद में उनका पर्स चोरी हो गया जिसमें उनका पासपोर्ट, वीजा, पहचान पत्र, पाकिस्तान का सिम कार्ड और नकदी थी। इस घटना के बाद प्रशासन ने उनके वीजा की वैधता को लेकर कार्रवाई तेज कर दी।केंद्र सरकार के आदेश पर प्रशासन अलर्टमोड पर है प्रशासन ने जिले में रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों की जानकारी अपडेट करनी शुरू कर दी है। उनकी नागरिकता, वीजा स्थिति और भारत में रहने की वजहों की गहराई से जांच की जा रही है, ताकि केंद्र सरकार के दिशा-निदेर्शों के अनुसार उचित कार्रवाई की जा सके। पूरे विश्व में इस हमले की घोर निंदा हो रही है जिसने एक बार पड़ोसी मुल्क आतंकवादी पाकिस्तान का चरित्र उजागर कर दिया है।जिसके इलाज के लिए, भारत सरकार प्रतिबद्ध दिख रही है।

# बरेली के नवागत डीएम अविनाश सिंह ने सुनी फरियादियों की फरियाद

### बुधवार शाम को पदभार ग्रहण गुरुवार से फरियादियों की फरियाद सुनने का काम शुरू

### समस्त अधिकारियों और उद्योग उपायुक्त से लिया फीडवैक, लंबित समस्याओं के निस्तारण पर जोर

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। बुधवार शाम चार्ज संभालने के बाद नवागत डीएम अविनाश सिंह ने गुरूवार को कार्यालय में बैठकर शुभचिंतकों से मुलाकात करने के साथ ही अफसरों की उपस्थिति में फरियादियों की समस्याएं सुनी और तत्काल समाधान के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसी दौरान अधीनस्थ अफसरों से सरकार से संचालित की जाने वाली लाभकारी योजनाओं का फीडबैक लिया गया और अधिक से अधिक पात्रों को लाभावित कराने के निर्देश दिए। अम्बेडकर नगर से स्थानांतरण पर बरेली आये डीएम अविनाश सिंह ने चार्ज संभालने के बाद दूसरे दिन कार्यालय में बैठकर अफसरों से परिचय किया। शुभचिंतकों ने बुके देकर स्वागत किया। इसी दौरान उपनिदेशक जिला उद्योग विकास यादव ने स्वयं का परिचय देते हुए बुक देकर स्वागत किया। डीएम अविनाश सिंह ने उद्योग विभाग से रिलेटिव योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की और ज्यादा से ज्यादा पात्रों को लाभांवित कराने को कहा गया। इस मौके पर एडीएम एफआर संतोष बहादुर सिंह, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शराबियों से परेशान गांव की महिलाएं, भट्टी हटवाने को पहुंची आबकारी विभाग

### गांव से शराब भट्टी हटाने के लिए महिलाओं ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। गांव घंघोरा पिपरिया की महिलाओं ने महिला शक्ति संगठन के नेतृत्व में आबकारी विभाग पहुंचकर गांव से शराब की भट्टी हटाने की मांग को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

महिलाओं ने बताया कि गांव में स्थित शराब की दुकान के कारण गांव का माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है। दुकान पर शराबियों का जमावड़ा लगता है, जिससे गांव की लड़कियों को स्कूल जाना तक छोड़ना पड़ा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के मुख्य मार्ग पर लोग दिन-दहाड़े शराब पीकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। इन शराबियों का आतंक इतना बढ़ गया है की दुकान के समीप रहने वाले परिवारों को रात में दरवाजा खटखटाकर परेशान किया जाता है।

महिलाओं ने यह भी बताया की गांव में लड़ाई झगड़े के साथ -साथ कई युवकों की मृत्यु भी इस जहरीली शराब के कारण हो चुकी है। कुछ अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों से शराब मंगवाते हैं और नशे की हालत में परिजनों से मारपीट करते हैं। शराबियों ने पूरे गांव तथा आसपास के क्षेत्र को नर्क बना दिया है।

स्थिति से लगातार आहत और पीड़ित होकर बड़ी संख्या में महिलाओं ने महिला शक्ति संगठन के साथ मिलकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है और साथ ही सख्त चेतावनी दी है की यदि जल्द से जल्द उनकी इस समस्या पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नरेंद्र कश्यप उर्फ सनी, केपी सागर, मास्टर राकेश कश्यप, पंचम लाल, ममता, कमलेश सहित कई ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

# बड़े प्रतिष्ठानों के आगे नतमस्तक हो जाता है नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता






**नेशनल एक्सप्रेस/पवन त्रिपाठी ब्यूरो**

- त्यागी रेस्टोरेंट के कर्मचारी ने निगम की टीम को
- हड़काया,अतिक्रमण टीम को उल्टे पैर बैंरग लौटाया
- अतिक्रमण टीम ने 5000 का चालान कटाने को बोला त्यागी रेस्टोरेंट कर्मचारी बोला हजार लो और चलते बनो,बगैर चालान काटे निगम की टीम वापस लौटी

बरेली। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित नोवेल्टी चौराहे का है जहां त्यागी रेस्टोरेंट पर गुरुवार को नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ टीम कार्रवाई के लिए पहुंची, लेकिन रेस्टोरेंट मालिक की सख्त नाराजगी और बहस के बाद टीम बिना चालान काटे लौट गई।

आपको बताते चलेंनगर निगम की टीम दोपहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला रही थी। इसी दौरान जब वे त्यागी रेस्टोरेंट पर पहुंचे, तो देखा कि दुकान का सामान सड़क पर फैला हुआ है। टीम ने जब चालान काटने की बात कही, तो रेस्टोरेंट कर्मचारी बाहर निकल आए और निगम कर्मियों से तीखी बहस शुरू हो गई।

जानकारी के अनुसार, निगम कर्मचारी 5000 का चालान काटना चाह रहे थे, लेकिन रेस्टोरेंट कर्मचारी केवल ?1000 देने पर अड़ा रहा। बहस बढ़ने पर निगम की टीम बिना चालान काटे ही लौट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां एक ओर नगर निगम ठेले और फल विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करता है, वहीं बड़े व्यवसायियों के खिलाफ नरमी बरती जाती है। इस घटना ने निगम की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।निगम टीम ने रेस्टोरेंट को चेतावनी देकर कार्रवाई टाल दी, लेकिन स्थानीय लोग अब इस मामले में पारदर्शिता और समानता की मांग कर रहे हैं।

जहां एक ओर नगर निगम की अतिक्रमण टीम गरीबों के ठेलो और दुकानों पर निर्दयतापूर्वक कार्रवाई को अंजाम देते हैं वहीं दूसरी ओर बड़े प्रतिष्ठानों पर नतमस्तक होते नजर आते हैं नगर निगम की टीम का बैरंग लौटना खबर क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी।

# चौपला क्षेत्र में दो शव मिलने से सनसनी

- सिटी से चौपला तक लगातार होती है घटनाएं ?
- चौपला के बन्द पड़े रेल्वे फाटक के पास झाड़ियों में मिला शव, दूसरे की इलाज के दौरान मौत
- शव के पास से मिले नशे के इंजेक्शन व सिरिंज प्रथम दृश्टया नशे की ओवरडोज से मौत

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। चौपला के बन्द पड़े रेलवे फाटक के पास झाड़ियों में दो शव पड़े मिलने की सूचना से इलाके और पुलिस में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही तत्काल आरपीएफ, जीआरपी, मढ़ीनाथ चौकी इंचार्ज, कोतवाली प्रभारी सहित फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुँची जहाँ एक व्यकि तो औंधे मुंह पड़ा हुआ था जिसकी मौत हो चुकी थी जबकि एक व्यक्ति की साँसे अभी चल रही थी जिसको बिना समय गवाए जिला अस्पताल भेजा गया परन्तु कुछ देर बाद उसने भी दम तोड़ दिया। आपको बताते चलें गुरुवार लगभग 12 बजे सूचना मिली कि पटरियो के पास दो शव पड़े हैं। जिसके बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस मौके पर जाकर देखा एक की सांसे चल रही थी पुलिस द्वारा शव को तुरंत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया दूसरे व्यक्ति की जिला अस्पताल में मौत होने के बाद उसको भी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, आशंका यह जताई जा रही है कि उन्होंने नशे की ओवर डोज ले ली होगी जिस कारण उनकी मौत हुई है। मौके से एक शव की पेंट से मोबाइल भी मिला है जो स्विच ऑफ था। पुलिस उसको भी चार्ज कर शिनाख्त की कोशिश करेगी। गर्मी अधिक होने के कारण एक का शव काला पड़ चुका था और कई जगह से फूल भी गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जल्द ही पुलिस द्वारा मामले का विस्तृत खुलता किया जाएगा।

# अनुराग कश्यप के विवादित बयान पर सर्वेश पाठक का खुला चैलेंज

**नेशनल एक्सप्रेस/अनुराग शर्मा**

बरेली/अनुराग कश्यप के विवादित बोल को खुला चैलेंज देते हुए भारतीय जनता पार्टी अनुषंगिक संगठन संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक ने बताया जिस प्रकार आचार्य चाणक्य ने आपके समाज को जमीन से उठाकर राजा बनाने का काम किया था जिस समाज ने देश की मिट्टी मे चमन का एहसास दिया है जिस समाज के बनाए गए बर्तन को हम त्योहारों में प्रयोग करते हैं अरे मूर्ख मैं तुमसे कहना चाहता हूं कि इस समाज को तुम इतना गया गुजरा मत समझो हमारा बुद्धिजीवी समाज सब समझता है तुम्हारे अंदर अगर भुखमरी की नौबत आई थी तो तुम आकर के समाज के सामने झुकते तो आप पर दया की जाती परंतु तुमने जो किया है तुम्हारे ऊपर एक अर्ज है

काटकर गैरों की टांगे खुद लगा लेते हैं ,लोग इस शहर में इस कदर भी कद बढ़ा लेते हैं लोग



ब्राह्मणों का सहारा लेकर करोड़ों कमाने वाले अनुराग कश्यप क्या इस बात को पियूष मिश्रा, मनोज वाजपेई और पंकज त्रिपाठी जी के सामने ये मूतने वाली बात बोल सकते हैं। भारतीय संस्कृति और

### यह अटल सत्य है दुनिया वहां तक पहुंची है जहां तक ब्राह्मणों की दृष्टि पहुंच पाई है, ब्राह्मण शास्त्र भी पढ़ना जानता है और शस्त्र चलाना भी जानता है

भारतीय मूल्यों का परिहास करने वाली सिनेमा बनाकर हिन्दी सिनेमा को गर्त में पहुँचाने वाले, अनुराग कश्यप अब ब्राहमणों का सहारा लेकर अपनी फिल्म हिट कराना चाहता है, मैं पूरे ब्राह्मण समाज से निवेदन करता है कि इस मामले को ज्यादा तूल न देते हुए इस व्यक्ति की फिल्मों का बहिष्कार करें।

दुनिया केवल वहीं तक पहुंच पाई है जहां तक ब्राह्मण के दृष्टि पहुंची है, ब्राह्मण शास्त्र एवं शास्त्र दोनों में निपुण होता है।

# ग्राम रोजगार सेवक संघ के ब्लाकाध्यक्ष मनोनीत



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

गजरौला। ग्राम रोजगार सेवक संघ की बैठक में पुरानी कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद नवीन कार्यकारिणी के गठन की कार्रवाई की गई। इस दौरान मणिकांत को सर्वसम्मति से ब्लॉकाध्यक्ष मनोनीत किया गया। गुरूवार को नगर के ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में जिला कार्यकारिणी से जिलाध्यक्ष कुबेर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष मुमताज अली, मनोज चौधरी, संजीव यादव, भरत सिंह आदि की उपस्थिति में नवीन कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया अमल में लाई गई। सर्वसम्मति से ब्लॉकाध्यक्ष पद पर मणिकांत व कोषाध्यक्ष पद पर आस मौहम्मद सैफी का मनोनयन किया गया। इस अवसर पर वर्तमान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार और रविंद्र सिंह समेत सभी रोजगार सेवक मौजूद रहे। उन्होंने फूल मालाएं पहनाकर मणिकांत व आसमौहम्मद का स्वागत किया। मौन धारण करके दी पहलगाम हमले में मृत पर्यटकों को श्रद्धांजलि कार्यकारिणी की बैठक के बाद सभी पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन धारण करके जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मृत हुए पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी, साथ ही केन्द्र सरकार से आतंकवादियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। कहा कि इस घटना से पूरा देश शोकाकुल है।

# पहलगांव में निर्मम हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च, दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**नेशनल एक्सप्रेस**

मसवासी । जम्मू कश्मीर कश्मीर के पहलगाम में 28 निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ पूछ कर एवं वस्त्र निकालकर निर्मम हत्या किए जाने पर युवाओं में आक्रोश है निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए नगर के मुख्य मार्गो से कैंडल मार्च निकाला गया पाक प्रायोजित आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की मांग की गई युवाओं ने मांग की कि देश पर इतना बड़ा हमला होने के बाद अब आतंकवादियों का जड़ से खत्म करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की गई तथा हमले में मारे गए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण भी किया गया।

इस मौके पर कुलदीप मौर्य ,भगवती देवल, संजीव कुमार वर्मा, विकास देवल जितेंद्र चंद्रा, वीर सिंह, लाखन सिंह मौर्य ,राजकुमार चंद्रा, योगी वर्मा, अमित सक्सेना ,प्रकाश गुप्ता, बंटी जैन सोनू जैन संजीव सागर विकास कश्यप, हरकेश सागर संजीव देवल मनोज सागर रजत देवल आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# मुस्लिम समाज ने कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के संबंध में एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। पहलगाम की घटना बहुत ही दुखद और दिल को छू जाने वाली घटना है आतंकवादियों का कोई मजहब नहीं होता तो उन्होंने मजहब पूछ कर ही क्यों हत्या की इन लोगों पर कड़ी सी कड़ी कार्रवाई करवाने के लिए राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश महासचिव और पूरा मुस्लिम समाज इस घटना की निंदा करते हैं और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से अपील करते हैं आतंकवादियों के हमले का मुंहतोड़ जवाब दें आतंकवाद के खिलाफ अभियान चलाकर उनका सर्वनाश किया जाए। इस दौरान मोहम्मद हबीब तारिक कुरैशी भूरा रिजवान कुरैशी वासिफ मिर्जा परवीन वारसी नाजिम अंसारी अरमान अब्बासी बड़ी मात्रा में आदि लोग उपस्थित रहे।

# गजरौला में आतंकवाद का पुतला फूंककर जताया विरोध



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

गजरौला। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की हत्या करने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए नगर के मोहल्ला चौहानपुरी स्थित मस्जिद की कमेटी ने एक जुलूस निकाला और इंदिरा चौक पर आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला पफूंका। गुरूवार की शाम को छह बजे नगर के मोहल्ला चौहानपुरी स्थित मस्जिद से सदर मौहम्मद वसीम के नेतृत्व में आंतकवादी घटना के विरोध में एक जुलूस निकाला गया। जुलूस नगर के इंदिरा चौक तक पहुंचा और इंदिरा चौक पर आतंकवाद विरोधी नारे लगाते हुए आंतकवाद का प्रतीकात्मक पुतला फूंकते हुए कड़े शब्दों में निंदा की गई। घटना में जान गंवाने वाले पर्यटकों के गमगीन परिजनों के प्रति पूरी हमदर्दी जताते हुए केन्द्र सरकार से आतंकवादियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। मस्जिद के इमाम हाफिज सदाकत ने कहा कि इस आतंकवादी घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम ही कम है।

इस मौके पर मोहम्मद जावेद, कामिल मंसूरी, इश्तियाक मलिक, हाफिज सलीम, खलील अहमद, डॉ.नवाजिश मंसूरी, उवैस, असलम सैफी, मौलाना सलमान आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूली बच्चों को साथ लेकर यातायात नियमों से लोगो को किया जागरूक

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/संभल पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन मे व क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता के क्रम में प्रभारी यातायात प्रमोद मान व मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत के द्वारा कस्बा बहजोई में स्कूल के छात्र-छात्राओं को साथ लेकर यातायात नियमों संबंधी जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमे वाहन चालकों को यातायात नियमों के महत्व का बोध कराया। सड़क चिन्ह एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। यातायात नियमों को विस्तार से समझाया गया। जिसमें हेलमेट लगाकर वाहन चलाएं।शराब पीकर वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट धारण करें।वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करे। आप अपने परिवार के लिए बहुत अनमोल है सुरक्षित यात्रा करें। स्कूली बच्चों द्वारा भी आमजन को यातायात नियमों के बारे में बताया गया। जिसमें वार्ष्णय इंटर कॉलेज बहजोई एवं कृष्ण मुरारी मनोरमा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बहजोई के बच्चों ने विशेष रुचि दिखाई। राहगीरों को यातायात नियमों के बारे में समझाया। इस अवसर पर आचार्य संदीप , हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह और कांस्टेबल संकित मौजूद रहे।

### शुगर मिल में अधिकारियों व कर्मचारियों का हुआ वैक्सीनेशन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/संभल /गुन्नौर डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। डीएसएम शुगर मिल में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए व उनके परिवार के लिए हैपेटाइटिस बी का इंजेक्शन लगवाने के लिए संतुष्टि ट्रस्ट की टीम के प्रबंधक अरुण सिंह जिला कॉर्डिनेटर राहुल यादव के नेतृत्व में कैंप का आयोजन किया गया जिसमें करीब 250 से अधिक कर्मचारियों, अधिकारियों को टीके लगाए गए।कार्यक्रम का प्रारंभ फीता काट कर सभी विभागाध्यक्षों के द्वारा किया गया जिसमें राजन कुमार दीक्षित उप महाप्रबंधक प्रशासन, संजीव कुमार महाप्रबंधक वित्त अवतार सिंह महाप्रबंधक इंजीनियरिंग संतोष कुमार महाप्रबंधक क्वालिटी, डॉक्टर आशीष अग्रवाल अमित कुमार ईटीपी, अजीत कुमार सिंह सीएसओ ध्रुव चौधरी, आशुतोष राय, शुभ्रा भट्टाचार्य, विमलेश त्रिपाठी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक का हुआ आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी /बहजोई पुलिस लाइन में पुलिस क्षेत्र अधिकारी गणेश गुप्ता के अध्यक्षता में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें चंदौसी बहजोई संभल गवा के व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को रखा पुलिस क्षेत्र अधिकारी महोदय ने संबंधित शिकायत के समाधान के आदेश दिए इस मौके पर यातायात निरीक्षक जनपद संभल प्रमोद मान,योगेंद्र कुमार, प्रदेश मंत्री अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल शाह अलम मंसूरी युवा व्यापारी मोहम्मद रिजवान बहजोई नगर उपाध्यक्ष जफीर हुसैन आशु मियां संभल विधानसभा अध्यक्ष हाजी एहतेशाम नगर अध्यक्ष मोहम्मद नाजिम सैफी युवा नगर अध्यक्ष फुरकान वारसी मुजम्मिल पाशा आदि व्यापारी शामिल रहे।

### हज पर जाने वाले यात्रियों का हुआ वैक्सीनेशन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी क्षेत्र के लोग हज यात्रा पर जाने से पहले लोगो को चंदौसी सीएचसी में यात्रियों का टीकाकरण किया गया। जिसमें जांच के बाद हज यात्रियों को वैक्सीन लगाई गई। कुछ दिन पहले हज यात्रियों के लिए हज पर जाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया था। शहर से काफी संख्या में मुस्लिम लोग हज पर जा रहे हैं। हज पर जाने के लिए टीकाकरण कराना आवश्यक होता है। गुरुवार को सीएचसी में डॉ. हरविंदर सिंह ने हज पर जाने वाले 75 यात्रियों की जांच कर वैक्सीन लगाई। साथ ही उन्हें हज पर जाने की शुभकामनाएं दी। इस पर सीएचसी का स्टाफ भी मौजूद रहा।

# प्रभारी सचिव ने तहसीलदार व एसडीओ के साथ बैठक कर दिए निर्देश

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को होगा

**नेशनल एक्सप्रेस मनीष शर्मा**



चंदौसी सम्भल। गुरुवार को प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संभल स्थित चन्दौसी अर्चना सिंह-प्रथम द्वारा बताया कि उ.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में प्रास्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 10.05.2025 के सफलतापूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार दिनांक 24.04.2025 को प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी के विश्राम कक्ष में एक बैठक समस्त तहसीलदार (तहसील संभल, चंदौसी व गुन्नौर) एवं बिजली विभाग के समस्त एस.डी.ओ जनपद संभल के साथ आयोजित की गयी। जिसमें प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में संपत्ति अधिग्रहण, वित्तीय विवाद, वैवाहिक मुद्दों जैसे पारिवारिक विवाद, धन वसूली से संबंधित मामले, श्रम विवाद से संबंधिक मुद्दे तथा सार्वजिनक उपयोगिता बिलों जैसे बिजली या पानी से संबंधित मामलों को अधिक से अधिक संख्या में सुलह- समझौतों के माध्यम से निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये। उपरोक्त बैठक के अवसर पर नायब तहसीलदार गुन्नौर उदयवीर सिंह, तहसील चंदौसी धीरेन्द्र कुमार सिंह, तहसीलदार संभल रवि सोनकर, एस.डी.ओ. बहजोई अखिलेश कुमार, एस.डी.ओ. पंवासा मनोज कुमार यादव, एस.डी.ओ. संभल कृष्णगोपाल, एस.डी.ओ. चंदौसी धर्मेन्द्र सिंह यादव, एस.डी.ओ. धनारी बबराला मुनेश्वर दयाल, एस.डी.ओ. गुन्नौर सूर्यकांत शर्मा, एस.डी.ओ. चंदौसी अजय कुमार चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## अचानक धू-धू कर जली कार



नेशनल एक्सप्रेस/गुन्नौर /गुन्नौर तहसील परिसर के बाहर खड़ी कार अचानक धू-धू कर जल उठी।जबकि उसमें एक बच्ची बैठी थी लेकिन गनीमत रही कि लोगों ने उसे बाहर निकाल लिया।गुरुवार को सुनील पुत्र रंजीत निवासी केवलपुर उर्फ टिपेड़ा के रहने वाले हैं।अपनी गाड़ी अर्टिका को गुन्नौर सिविल कोर्ट के सामने खड़ी की।गाड़ी में सुनील की बैठी बेटी(4 वर्ष) सौभाग्य थी।सुनील गुन्नौर तहसील के गांव बिचपुरी सैलाब प्राइवेट स्कूल में प्रिंसिपल हैं। गांव बिचपुरी सैलाब से वापस होते हुए गुन्नौर तहसील पर आए थे।सिविल कोर्ट गुन्नौर में कोई मुकदमा था।उसकी तारीख लेने आए थे और 4 वर्षीय बेटी सौभाग्य को गाड़ी में अंदर ही छोड़ आए। तभी गाड़ी में धुआं उठा।जिसे देखकर लोग आग बुझाने में लग गये।बड़ी मुश्किल से आग पर काबू किया गया। कोतवाल अखिलेश प्रधान मोके पर पहुंचे।सूचना पर फायर मशीन पहुंच गयी।उसने भी आग को बुझाया।जली कार के बराबर ही दूसरी गाड़ी सप्लाई इंस्पेक्टर दीपक श्रीवास्तव की खड़ी थी।

## गाड़ी के सामने नीलगाय आने से हुआ हादसा 10 लोग घायल

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी /जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के बदायूं मार्ग पर गांव सिसरका के पास सड़क पार कर रही नीलगाय से इको कार टकरा गई। कर अनियंत्रित होकर पलट गई ' हादसे में कार सवार 10 लोग घायल हो गए। सभी लोग माता पूर्णागिरि देवी के दर्शन कर वापस अपने घर थाना हयातनगर लौट रहे थे। घायलों को उपचार के लिए चंदौसी सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गुरुवार की सुबह 4.30 बजे बदायूं रोड पर सिसरका के पास नीलगाय सड़क पार कर रही थी। तभी बदायूं दिशा से आ रही कार नीलगाय से टकरा गई। हादसे में कार सवार सभी 10 लोग घायल हो गए। यह सभी लोग मां पूर्णागिरि के दर्शन कर वापस अपने घर लौट रहे थे। हादसे के बाद कार सवारों में चीख पुकार मच गई। उधर से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस व 108 एंबुलेंस को दी। घटना की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए चन्दौसी सीएचसी में भर्ती कराया। घायलों में राहुल पुत्र सुरेंद्र गुप्ता, लोकेश शर्मा पुत्र रामअवतार शर्मा, आकांक्षा पत्नी मोनू शर्मा, नेहा पुत्री राकेश शर्मा, राशि शर्मा पत्नी लोकेश शर्मा, सौरभ पुत्र राजेश, दिव्यांशु पुत्र लोकेश शर्मा, तुलसी पुत्री लोकेश, नंदिनी पुत्री मोनू शर्मा, श्रीकांत पुत्र लोकेश निवासीगण गांव मौहरा थाना हयातनगर शामिल थे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## 3 वर्ष के प्यार ने 25 साल की शादी को ठुकराया, महिला अपने प्रेमी के संग चली गई

नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह/चंदौसी /शादी के 25 वर्ष बाद पति-पत्नी में विवाद के बाद पत्नी अपने प्रेमी के साथ चली गई। गुरुवार की तहसील चन्दौसी में कागजी कार्रवाई संपन्न कराई गई है। इस दौरान पति व अन्य रिश्तेदार भी मौजूद रहे।जनपद बरेली के थाना आंवला के एक गांव निवासी महिला की शादी 25 वर्ष पहले हुई थी। शादी के बाद से दंपती में अक्सर झगड़ा होता रहता है। डेढ़ वर्ष पहले महिला की आंवला में ससुराल के पास एक व्यक्ति से प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों चुप-चुप कर मिलने लगे और एक-दूसरे को अपनी बातें शेयर करनी शुरू कर दी। उक्त व्यक्ति की पत्नी की मौत 3 वर्ष पहले हो चुकी है। तीन दिन पहले दंपती थाना बनियाठेर क्षेत्र एक गांव फरीदपुर खास अपनी रिश्तेदारी में आए थी। जहां किसी बात पर पति ने पत्नी को जमकर पीटा। इसके बाद पत्नी घटना की जानकारी अपने प्रेमी को दी। गुरुवार को पत्नी अपने पति व रिश्तेदारों के साथ तहसील पहुंची। जहां उसका प्रेमी भी पहुंच गया। तहसील में कागजी कार्रवाई पूरी कराई गई। इसके बाद महिला अपने प्रेमी के साथ चली गई। जबकि महिला के पास चार बच्चे है ' है और उसके प्रेमी के पास भी तीन बच्चे है ' बही महिला ने आरोप लगाते हुए बताया की उसका पति आये दिन मरपीट कर्ता रहता है।

## निशुल्क काक्लियर इंप्लांट सुविधा का लाभ उठाएं

**नेशनल एक्सप्रेस**

संभलः जिले में मूक बधिर बच्चों के सशक्तिकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से ऐसे मूक बधिर बच्चों जो जन्म से बोल और सुन नहीं सकते हैं उनको सुनने एवं बोलने योग्य बनाने के लिए निःशुल्क काक्लियर इंप्लांट सर्जरी की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह सुविधा शून्य से 5 वर्ष तक की आयु के उन बच्चों के लिए है, जिनके अभिभावक निर्धन और असहाय हैं। जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पांडे ने बताया कि योजना का उद्देश्य ऐसे बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। उन्होंने बताया कि व्यक्ति वर्ष 2024-25 में अब तक तीन बच्चों का काक्लियर इंम्प्लांट सफलतापूर्वक कराया जा चुका है, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। इस योजना का लाभ लेने की इच्छुक अभिभावकों जिनके पास आय प्रमाण पत्र, निवास और जाति प्रमाण पत्र तहसील से बने हो, बच्चे का दिव्यांग प्रमाण पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा बनाया गया हो, बच्चे एवं माता-पिता का आधार कार्ड तथा बच्चों के दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग कलेक्ट्रेट परिसर बहजोई संभल में जमा कर सकते हैं जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी ने अपील की है कि जिन अभिभावकों के बच्चे इस श्रेणी में आते हैं वह आगे जाकर योजना का लाभ उठाएं।

# जोनल अधिकारी को कार्य में लापरवाही व फोन न उठाना पड़ा भारी

**नेशनल एक्सप्रेस**



अलीगढ़। जमालपुर क्षेत्र में सफाई के बुरे हालत देखकर सुबह सुबह नगर आयुक्त विनोद कुमार का मूड ऑफ हो गया, गुरूवार सुबह सिविल लाइन जमालपुर क्षेत्र में निरीक्षण पर निकले नगर आयुक्त को शमशाद मार्केट से जमालपुर तक, जमालपुर पुल के नीचे, वैन्डिग जोन में अतिक्रमण भरे हुये नाले महेशपुर बाईपास पर जगह जगह कचरा पड़े होने सड़क की सफाई, नालों की सफाई व कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन की स्थिति बेहद खराब. दिखाई दी जहॉ निरीक्षण मे इस क्षेत्र के जोनल अधिकारी व कर निर्धारण अधिकारी आर0पी0सिंह उपस्थित नहीं मिले मौके पर नगर आयुक्त ने मोबाइल पर सम्पर्क करना चाहा तो भी जोनल अधिकारी ने कोई रिस्पांस नहीं दिया जिस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी दिखाते हुये सफाई में खराब स्थिति के लिये जोनल अधिकारी आर0पी0सिंह को जिम्मेदार मानते हुये कार्य में लापरवाही, अधीनस्थों पर नियंत्रण न होने व जोन में साफ सफाई व नाला सफाई की खराब.स्थिति मिलने पर अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को तत्काल स्पष्टीकरण तलब करने व अगले 24 घंटे में जोनल अधिकारी को जोन में जमालपुर क्षेत्र, महेशपुर क्षेत्र में मौजूद रहकर व्यवस्थाओं में सुधार लाने की कड़ी हिदायत दी है।

जमालपुर कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन के कार्यशील होने के बाद भी सड़क पर कचरें का ढेर देखकर नगर आयुक्त ने तत्काल अर्बन कम्पनी के विरूद्ध सख्त एक्शन लेते हुये नोटिस देने के निर्देश दिये तो वही शहर की सफाई व्यवस्था के लिये पूर्ण रूप से उत्तरदायी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार को नगर आयुक्त ने चेतावनी देते हुये एसएफआई प्रदीप पाल का स्पष्टीकरण तलब करने के लिये कहा है। जमालपुर रोड निकट सेनेटरी गेट से जमालपुर पुल के नीचे बंद रेलवे क्रासिंग तक सड़क के दोनों साइड फुटपाथ, नाले व नगर निगम वैन्डिग जोन में पुराना फर्नीचर विक्रेता, चारा विक्रेताओं, सब्जी विक्रेता, सील बट्टा, कूलर, फर्नीचर आदि विक्रेताओं द्वारा अवैध रूप से फुटपाथ, वैन्डिग जोन व नाले पर अतिक्रमण को देखकर नगर आयुक्त ने मौके पर इनके विरूद्ध सख्त कार्यवाई करते हुये अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। नगर आयुक्त ने अतिक्रमण को चिन्हित करने से पूर्व इस क्षेत्र की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी कराते हुये 24 घंटे में मुनादी उपरान्त उप नगर आयुक्त अमित कुमार, सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, जोनल अधिकारी व पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही तत्काल कराये जाने के निर्देश दिये। सिविल लाइन क्षेत्र में जमालपुर अनूपशहर बाईपास व महेशपुर बाईपास बेहद महत्वपूर्ण रोड है इस रोड की खुबसूरती को अवैध वैन्डर्स द्वारा खराब कर दिया गया है सेनेटरी गेट से जमालपुर पुल के नीचे अवैध अतिक्रमणकताओं ने ट्रेफिक, नाला सफाई को बाधित कर दिया है जिस पर कार्यवाही के लिये अधीनस्थों को निर्देश दिये गये है सभी अतिक्रमणकर्ताओ की वीडियाग्राफी व फोंटोग्राफी कराकर चिन्हित कर लिया गया है। इस दौरान अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, तहसीलदार विनय राय, मीडिया सहायक अहसान रब, स्टेनों देशदीपक आदि मौजूद रहे।

# एएमयू में हिंदू छात्रों ने निकाला पैदल मार्च

**नेशनल एक्सप्रेस**



अलीगढ़। एएमयू कैंपस गुरुवार को वंदे मातरम और ये कश्मीर हमारा है के नारों से गूंज उठा। कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में यूनिवर्सिटी के हिंदू छात्रों ने गुरुवार को मार्च निकाला। छात्र डक प्वाइंट पर एकत्रित हुए और हाथों में तिरंगा लेकर बाब-ए-सैयद गेट तक पहुंचे। यहां पर उन्होंने आतंकियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और वंदे मातरम के नारे लगाए। छात्रों ने कश्मीर में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार जनों के प्रति संवेदना प्रकट की और भारत सरकार से पाकिस्तान व आतंकियों के प्रति सख्त कदम उठाने की मांग की। इसके बाद छात्रों ने केंद्र सरकार और पीएम के नाम ज्ञापन भी भेजा। छात्रों ने कैंपस के अंदर जमकर नारेबाजी की। वंदे मातरम के साथ ही उन्होंने दूध मांगोगे तो खीर देंगे, कश्मीर मांगोगे तो चीर देंगे और जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है जैसे जमकर नारे लगाए। इस दौरान एएमयू की प्रॉक्टोरियल टीम भी मुस्तैद रही और छात्रों के साथ चलती रही।एलएलबी के छात्र अखिल कौशल के नेतृत्व में हिंदू छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर यह पैदल मार्च निकाला। कैंपस के अंदर ही छात्रों का मार्च खत्म हो गया, जिसके बाद उन्होंने प्रॉक्टर को अपना ज्ञापन पढ़कर सुनाया और उनके माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है। छात्रों के मार्च की सूचना पुलिस को भी थी, जिसके चलते सिविल लाइंस थाना प्रभारी राजवीर परमार अपनी फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों का ज्ञापन लिया और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को प्रशासन के सुपुर्द करके केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। छात्र अखिल कौशल ने बताया कि कश्मीर में हुई इस आतंकी घटना से सारा देश दुखी है। आतंकियों ने 27 लोगों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। उन्होंने यह घटना करके भारत सरकार को चुनौती दी है और देश के हर युवा को ललकारा है। इसलिए सरकार को इस घटना का मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। देश का हर नागरिक भारत सरकार के साथ खड़ा है।

## खादी व ग्रामोद्योग पुरस्कार योजनान्तर्गत 30 अप्रैल तक करें आवेदन

**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित खादी एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में ग्रामोद्योगी इकाईयों एवं उद्यमियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरण के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना अन्तर्गत न्यूनतम पूँजी निवेश पर अधिकतम रोजगार प्रदान करने वाली इकाईयां एवं न्यूनतम तीन वर्ष पुरानी स्थापित निरन्तर कार्यरत इकाईयो से पुरस्कार के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गए हैं।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन पत्र कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, त्रिमूर्ति नगर, सुरक्षा बिहार, बरौला बाईपास से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में सम्पर्क करने के साथ ही दूरभाष नंबर 7408410755 एवं 9808146965 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

## किसान मोर्चा ने किया पुतला दहन



**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान शाह के नेतृत्व में किसानों के देशव्यापी आह्वान पर अमेरिका और मोदी सरकार की डील के जरिए भारत की खेती को अमरीकी कम्पनियों के हवाले किए जाने, बीज, पोल्ट्री, दूध, डेयरी, गेहूं जैसे आदि कृषि क्षेत्रों पर अमेरिकी कब्जा जैसे क्रम से संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा के किसानों में आक्रोश व्याप्त है जिसके चलते किसानों के राष्ट्रीय आह्वान के समर्थन में डील का जिला कैम्प कार्यालय नगला पटवारी पर पुतला दहन किया गया।

जिलाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान शाह ने बताया कि अगर यह समझौता हुआ तो अमेरिका और मोदी सरकार की डील भारत की खेती को अमरीकी कम्पनियों के हवाले कर देंगी बीज पोल्ट्री दूध डेयरी गेहूं और कई कृषि सेक्टर पर विदेशी कब्जा हो जायेगा किसान का खेत, बीज, मंडी, और मेहनत सब अमरीकी कम्पनियों की मुट्ठी में होगी यदि इस डील को लागू कर दिया तो किसानों की बबार्दी सुनिश्चित है आज पुतला दहन कर आक्रोश प्रकट किया है आगे गांव गांव से किसानों को जगाया जायेगा इस अवसर युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आसीफ खान, मुबीन खां, ब्लाक उपाध्यक्ष लोधा अभिषेक शर्मा,जाहिद, शाकिर, अशोक ठाकुर आदि सहित अन्य किसान नेताओं की मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस पर जिलाधिकारी ने किया ग्राम पंचायत का निरीक्षण



**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने ब्लॉक धपीपुर की मुख्यमंत्री पुरस्कार प्राप्त ग्राम पंचायत सिकंदरपुर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने पंचायत भवन का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान डीएम सीडीओ ने पंचायत भवन में शहतूत का पौधा भी रोपित किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत में संचालित विकास कार्यों की जानकारी ली और पारदर्शिता व सहभागिता आधारित कार्य प्रणाली की सराहना की। इसके पश्चात उन्होंने प्राथमिक विद्यालय सिकंदरपुर का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन (मिड-डे मील) किया और बच्चों से उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में संवाद किया।

जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से संवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुरस्कार प्राप्त करना ग्राम पंचायत की उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रमाण है। उन्होंने अन्य ग्राम पंचायतों से भी सिकंदरपुर से प्रेरणा लेकर विकास कार्यों को गति देने का आह्वान किया। ग्राम प्रधान द्वारा पंचायत सचिवालय का संचालन बेहतर ढंग से होना यह बताता है कि यह गांव आदर्श ग्राम की ओर अग्रसर है। ग्राम सिकन्दरपुर जिले के अन्य ग्रामों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पंचायत सचिवालय में बैठक के दौरान डीएम ने सभी से अपने दायित्वों एवं जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन करने की बात कही। आशा एवं आगंनबाड़ी को ग्राम स्तर पर महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए संचालित योजनाओं का पात्रों को लाभ दिलाने, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का नियमित टीकाकरण एवं संस्थागत प्रसव कराए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, जिला पंचायतीराज अधिकारी मोहम्मद राशिद, खंड विकास अधिकारी राहुल वर्मा, एडी इन्फॉर्मेशन संदीप कुमार, ग्राम प्रधान कल्पना सिंह, प्रधान पति बंटी सिंह, विद्यालय प्रधानाध्यापक चारु शर्मा, सहायक अध्यापक सोनम चौहान, शिक्षा मित्र पूनम लता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में उद्यम स्थापना के लिए करें आवेदन

**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीयकृत ग्रामीण बैंकों द्वारा परियोजना की मंजूरी दी जायेगी। बैंकों के माध्यम से 10 लाख रुपए प्रोजेक्ट लागत तक के ऋण स्वीकृत कराये जायेगें, प्रोजेक्ट लागत का मात्र 05 प्रतिशत उद्यमी अंशदान एवं बैंक से 95 प्रतिशत बैंक ऋण अनुमन्य होगा, जो नियमानुसार 05 वर्ष के लिये देय होगा। उद्यमी अंशदान की धनराशि पूँजीगत मद में व्यय होगी एवं पूँजीगत ऋण धनराशि पर 25 प्रतिशत मार्जिनमनी धनराशि अनुदान के रूप में ऋण स्वीकृत होने के पश्चात बैंक को उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे बैंक 03 वर्ष तक टीडीआर के रूप में रखेगा एवं 03 वर्ष बाद उद्यमी के ऋण खाते में समायोजित करेगा। मार्जिनमनी की धनराशि पर न तो ब्याज दिया जायेगा और न ही उतनी धनराशि पर बैंक उद्यमी से ब्याज लेगा।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत आवेदक द्वारा माटीकला बोर्ड के पोर्टल नचउंजपांसंइवंतक.पद पर ऑनलाईन आवेदन किया जायेगा।

## संपादकीय

# कश्मीर में एक और नरसंहार

**एक** तस्वीर मीडिया के जरिए दुनिया के सामने आई है। सबसे त्रासद, दर्दनाक और नरसंहार को बयां करती तस्वीर ! एक नवविवाहिता की कलाइयों पर लाल रंग का चूड़ा है, उंगली में अंगूठी है, लेकिन वह अपने पति के शव के पास गुमसुम बैठी है। उसके भीतर न जाने कितने अंधड़ उमड़ रहे होंगे ! आतंकी हमले ने एक नवविवाहित जोड़े की जिंदगी ही काली कर दी। कश्मीर में पहलगाम जिले के बैसरन घसियाले मैदान में आतंकियों ने हमला किया है। यह हमला ही नहीं, बल्कि दानवी नरसंहार है, जिसमें 28 निहत्थे, निर्दोष, मासूम पर्यटकों को, मात्र 20 मिनट में ही, लाश बना दिया गया। बैसरन घाटी पहलगाम से करीब 7 किमी दूर है। एक बेहद खूबसूरत घास का मैदान, जिसे 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहते हैं, लेकिन आतंकियों ने उसे भी खून से लथपथ कर बदनाम कर दिया। पहलगाम से अमरनाथ यात्रा का एक मुख्य मार्ग जाता है। धार्मिक यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण भी शुरू हो चुका है। आतंकियों ने तीर्थयात्रियों के लिए भी खौफ और दहशत के भाव पैदा कर दिए हैं। इस बार आतंकियों ने चुन-चुन कर 'हिंदू पर्यटकों' को ही निशाना बनाया है। उनका नाम और धर्म पूछा गया, कलाई में कलावा देखा और कलमा नहीं पढ़ पाए, तो उन्हें गोलियों से भून दिया। बताया गया है कि 4-5 आतंकी थे। उन्होंने 50-70 राउंड गोलीबारी की और 28 सैलानियों को मौत की नींद सुला दिया। अधिकतर पुरुष पर्यटकों को ही निशाना बनाया गया। कर्नाटक की एक महिला ने पति की मौत के बाद जब कहा कि उसे भी मार दें, तो आतंकियों ने जवाब दिया-'नहीं, तुम्हें नहीं मारेंगे। तुम जाओ, जाकर मोदी को बता दो।' इस जवाब से ही आतंकियों की सोच और मंशा समझी जा सकती है। बहरहाल कश्मीर में फरवरी, 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के बाद यह नरसंहार सबसे बड़ा और वीभत्स है। पुलवामा में 40 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को आतंकियों ने 'शहीद' कर दिया था। पहलगाम में धर्म के आधार पर चिह्नित कर पर्यटकों पर पहली बार आतंकी हमला किया गया है। इस नरसंहार ने मार्च, 2000 के चित्तीसिंहपुरा आतंकी हमले की याद ताजा करा दी, जिसमें 35 ग्रामीण सिखों को उनके घरों से निकाल कर मार दिया गया था। तब अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन कश्मीर के प्रवास पर ही थे। इस बार अमरीका के उपराष्ट्रपति वेंस भारत के प्रवास पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी सऊदी अरब गए हुए थे।

बहरहाल उन्हें तुरंत लौटना पड़ा। लौटने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह को फोन पर निर्देश दिए कि तुरंत श्रीनगर जाएं और हालात तथा सुरक्षा का जायजा लें। गृहमंत्री श्रीनगर में ही हैं। उन्होंने उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृह सचिव सहित सुरक्षा के शीर्ष अधिकारियों के साथ मंथन किया कि ऐसा क्यों हुआ है ? राष्ट्रीय जांच एजेंसी भी अब ऑपरेशन में शामिल हो सकती है। सरकार और सुरक्षा-तंत्र तुरंत सक्रिय हो गए हैं। पहाड़ी और जंगलात वाले उस इलाके की सेना और सुरक्षा-बलों ने घेराबंदी कर ली है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने कहा है कि आतंकियों का नापाक एजेंडा सफल नहीं होने दिया जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का हमारा संकल्प मजबूत है। हमलावरों को बख्शा नहीं जाएगा। दरअसल अब ऐसे बयान और लाल आंखें दिखाना बेमानी है। कश्मीर में 60-70 आतंकवादी सक्रिय हों या सीमापार से घुसपैठ करके आते हों, लेकिन लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर में कभी भी आतंकी हमला किया जा सकता है। राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक एसपी वैद इसे 'पुलवामा जैसा हमला' ही मानते हैं। उनका मानना है कि आतंकियों ने इलाके के होटलों की रेकी कई बार की होगी और हमले की रणनीति खूब सोच-समझ कर बनाई होगी। तभी वे इतना बड़ा हमला करने में कामयाब रहे और हमारे सुरक्षा तथा खुफिया तंत्र को भनक तक नहीं लगी। आतंकियों के पास अत्याधुनिक, विदेशी हथियार भी हैं। वे उन्हें कैसे मिले ? रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह सामान्य हमला नहीं है। आतंकियों ने भारत को सीधी चुनौती दी है, लिहाजा इसका पलटवार भी ऐसा होना चाहिए, जिससे पाकिस्तान कांप उठे। कश्मीर को सामान्य करने के प्रयास बिल्कुल नहीं थमने चाहिए, लिहाजा प्रधानमंत्री कश्मीरियों को संबोधित करें। सर्वदलीय बैठक भी बुलाई जानी चाहिए।

# पाकिस्तान को सबक सिखाना एवं आतंकवाद को उखाड़ना होगा



ललित गर्ग

> इस बार की तांडवी टंकार एवं हुंकार पाकिस्तान की न केवल कमर तोड़ देगी, बल्कि उसके नापाक मनसूंबों को हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर देगी। पाकिस्तान ने अब तक भारत की शांति एवं सहयोग भावना को देखा है लेकिन अब हिंसा के लिये हिंसा की खनकार देखेगा। निर्दोषों की हत्या करन वालों, विश्वासघात का मार्ग अपनाने वालों एवं निहत्थों पर कहर बरपाने वालों को अब पता लगेगा कि धर्म एवं शांतिवादियों की ताकत क्या होती है ?

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर एवं क्रूर आतंकी हमले से सारा देश गम एवं गुस्से में दिख रहा है, वही मोदी सरकार इस बार आर-पार के मूड में दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ( सीसीएस ) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े और कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान पर शिकंजा कसा है, जिससे वह डरा है, सहमा है, घबराया है। इन पंच शिकंजों में 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, राजनयिक मिशन की संख्या घटाई जाएगी, पाकिस्तानी सैन्य राजनयिकों को एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीज़ा रद्द कर दिया गया है और अटारी बॉर्डर को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। ये कदम जहां आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी नीति को दर्शाते हैं वहीं पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का एक डिप्लोमैटिक स्ट्राइक है, जबकि भीतर-ही-भीतर किसी बड़ी कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता।

सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बनाने और भारत की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार से अभी अधिक सख्त कार्रवाई की अपेक्षा है और आशा की जा रही है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं से भी दो कदम आगे इस बार बदला लेगी। इस बार की तांडवी टंकार एवं हुंकार पाकिस्तान की न केवल कमर तोड़ देगी, बल्कि उसके नापाक मनसूंबों को हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर देगी। पाकिस्तान ने अब तक भारत की शांति एवं सहयोग भावना को देखा है लेकिन अब हिंसा के लिये हिंसा की खनकार देखेगा। निर्दोषों की हत्या करन वालों, विश्वासघात का मार्ग अपनाने वालों एवं निहत्थों पर कहर बरपाने वालों को अब पता लगेगा कि धर्म एवं शांतिवादियों की ताकत क्या होती है ?

पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने निर्दोष पर्यटकों पर किये गये इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद हुआ। यह हमला पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी भूल एवं अमानवीयता एवं पाशविकता का घिनौना कृत्य बना है। मुनीर ने कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताया लेकिन यही नस अब पाकिस्तान का सर्वनाश करेंगी, उसको कड़वे घुंट पीने को विवश करेगी। दाने-दाने को तरसता पाकिस्तान अब त्राहि-त्राहि करते हुए तबाही के कगार पर पहुंचेगा। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, अब भारत उसकी नींद ही नहीं, सुख-चैन भी छीन लेगा। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान-यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार को चुनौती दे दी है, सीधे-सीधे ललकारा है। मोदी सरकार को सस्ते में लेने की भूल के परिणाम पाकिस्तान पहले भी भुगत चुका है, उरी (2016) और पुलवामा (2019) की तरह पहलगाम हत्याकांड में बहा निर्दोषों का रक्त व्यर्थ नहीं जायेगा। जिस तरह श्रीकृष्ण को आसूरी शक्तियों के खिलाफ महाभारत रचना पड़ा, उसी तरह मोदी पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ कोई बड़े युद्ध की संरचना करके हमेशा के लिये आतंकवाद का सर्वनाश करे।

पहलगाम हत्याकांड के बाद न केवल समूचे देश में बल्कि कश्मीर घाटी में पहली बार गहरा आक्रोश देखने को मिला है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए और कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। यह घटना कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात है। यह कश्मीर की शांति को लीलने की कुचेष्ठा है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं।



जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया था। आतंकवाद लगातार सिमट रहा था, शांति का उजाला हो रहा था। वादियां की रौनक बढ़ी और बाजार गुलजार हो उठे थे। श्रीनगर के लालचौक पर मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने लगे थे। बागों में ट्यूलिप के फूल खिल उठे थे। बर्फ की वादियों में मंद-मंद शीतल हवाओं से चिनार के पेड़ झूमने लगे थे। जो देश एवं दुनिया के असंख्य पर्यटकों को खींच रहे थे। उम्मीदें बंध गई थीं कि एक न एक दिन आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर नई सुबह देखेगा लेकिन बढ़ते पर्यटक और मजबूत होती अर्थव्यवस्था पाक को रास नहीं आई। पहलगाम के भयावह हमले ने एक बार फिर सबको खौफजदा कर दिया। जम्मू-कश्मीर में शांति, सौहार्द और विकास पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं को नागवार गुजर रहा था। इसलिए पाकिस्तान की सेना, सेना प्रमुख तौकिर मुनीर, उसकी खुफिया एजैंसी आईएसआई और आतंकवादी संगठनों ने मिलकर ऐसी साजिश रच डाली, जिसने उनके धर्म को धुंधलाने एवं शर्मसार करने के साथ पाकिस्तानी इरादों को भी बेनकाब कर दिया।

पाकिस्तान को जवाब देने की तैयारी व्यापक स्तर पर हो रही है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या भारत ऐसी कोई बड़ी कार्रवाई कर सकेगा, जिससे वह सही रास्ते पर आ जाए ? पहलगाम का आतंकी हमला भारत की चेतना और उसकी अस्मिता पर किया गया भीषण हमला है। इस हमले के द्वारा भारत को ललकारा गया है। अब पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाने के लिए सभी विकल्पों पर विचार होना ही चाहिए। यदि युद्ध अपेक्षित हो तो उसे भी अंजाम देना चाहिए। उसकी परमाणु हमले की धमकियों से आखिर कब तक डरा जायेगा ? इसी के साथ इस पर भी मंथन हो कि आखिर पहलगाम में आतंकी इतनी आसानी से इतने लोगों को मारने में सफल कैसे हो गए ? सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ एवं सक्रियता जारी थी। ऐसे में भारत सरकार, सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों को और सतर्क रहना चाहिए था। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि कश्मीर में जब बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे थे, तब वहां जैसी चौकसी बरती जानी चाहिए थी, उसका अभाव क्यों देखने को मिला ?

जिस तरह से धर्म और नाम पूछकर आतंकवादियों ने हिन्दुओं का नरसंहार किया उससे समूचा राष्ट्र आक्रोश में है। भारत की बेटी जिस की हाथों की मेहंदी का रंग भी अभी फीका नहीं हुआ था और तीन दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी, उसकी अपने पति भारतीय नौसेना के लेफ्टीनेंट विनय नरवाल के शव के साथ तस्वीर देखकर समूचे देश का दिल दहल गया। हैदराबाद के आईबी अधिकारी मनीष रंजन को पत्नी और बच्चों के सामने मार दिया गया, ऐसे ही दर्दनाक दृश्य चारों ओर बिखरे थे। यह हमला वैसा ही जैसा हमास के आतंकवादियों ने इजराइल पर किया था। आज समूचा राष्ट्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा है। हर देशवासी चाहता है कि पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया जाए जैसा इजराइल ने हमास को सिखाया है। बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद केंद्र सरकार ने युद्धस्तर पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में तीव्र गर्जना करते हुए पाकिस्तान को सबक सिखाने का संकल्प व्यक्त किया है। गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकवाद के आगे घुटने न टेकने की बात कहीं है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमलावरों को यथाशीघ्र कड़ा जवाब दिया जाएगा। लेकिन अब घाटी की उन आवाजों को भी बुलंद करना चाहिए जिन्होंने हिंसा को खारिज करके मानवता, देश की एकता एवं घाटी की शांति को चुना है।

## 25 अप्रैल :इतिहास की अहम घटनाएं

1915 प्रथम विश्व युद्ध-ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड आर्मी कोर ने अंजैक कोव को उतारा, जबकि ब्रिटिश और फ्रांसीसी सैनिकों ने केप हेल्स में ओटोमन साम्राज्य में गैलीपोली प्रायद्वीप के मित्र देशों के आक्रमण के लिए उतरा।

1925 पॉल वोन हिंडनबर्ग जर्मनी के राष्ट्रपति चुने गये।

1936 ओगडेन की लड़ाई में इटली की जीत हुई।

1945 जर्मन फ़ौज उत्तरी फ़िनलैंड से पीछे हट गई, लैपलैंड युद्ध को बंद कर दिया।

1950 कम्युनिस्ट जासूस जूडिथ कॉपल का परीक्षण न्यूयॉर्क शहर में शुरू हुआ।

1953 आणविक जीवविज्ञानी जैम्स वाटसन और फ्रांसिस क्रिक द्वारा न्यूक्लिक एसिड की आणविक संरचना को पहली बार वैज्ञानिक हेलिकॉप्टर में प्रकाशित किया गया था, जिसमें डबल हेलिक्स स्ट्रक्चरो डीएनए की खोज का वर्णन था।

1954 बेल लैब्स ने न्यूयार्क में पहली बार सोलर बैटरी बनाने की घोषणा की।

1957 सोडियम परमाणु रिएक्टर पहली बार प्रायोगिक तौर पर संचालित किया गया।

1960 अमेरिकी नौसेना की पनडुब्बी USS ट्राइटन (SSRN-586) ने विश्व के पहले जलमग्न परिक्षेत्र को पूरा किया।

1964 जेम्स बाल्डविन के 'ब्लूज़ फॉर मिस्टर चार्ली,' का प्रीमियर न्यूयॉर्क शहर में हुआ।

1965 1 सोवियत संचार उपग्रह का प्रक्षेपण।

1981 जापान के सुरूगा में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र में मरम्मत कार्य के दौरान 100 से अधिक मजदूर परमाणु विकिरण का शिकार हो गये।

1986 स्वास्तिलैंड के राजा मस्वाती तृतीय को ताज पहनाया गया, जो उनके पिता सोभूजा द्वितीय के उत्तराधिकारी थे।

1989 न्यूयॉर्क में एक ड्रैग रेस आयोजित की गई थी। इस ड्रैग रेस में ल्यूक टायसन को टिकट में तेजी मिली।

1990 शटल की खोज हुई। इसके द्वारा एक शटल स्पेस सेटल को कक्षा में रखा गया।

1990 वायलेट चामोरो ने अमेरिका में निकारागुआ के राष्ट्रपति के रूप में पद ग्रहण किया, जो अपने आप में चुनी हुई महिला थीं।

1992 फायरस्टोन की दुनिया में चैम्पियनशिप का एक टूर्नामेंट आयोजित किया था। इस चैम्पियनशिप में marc le Dowell ने यह चैम्पियनशिप जीती।

1994 लेन्का शेर्या में 46 बच्चे मारे गए थे। इसकी वजह मछली पकड़ने की बीट है जिसे कैपिफाई किया गया था।

1994 रूस ने बोरिया येल्टिसिन को नेता के रूप में चुना।

1994 जापान में चुनाव हुए थे। इस चुनाव में टुनटु हाटा निर्वाचित हुए।

1994 द हींग अजलान ओफ मलेशिया हेंगन्स बोलते हैं।

2004 जिम्बाव्वे में श्रीलंका के ख़िलाफ़ एक दिवसीय मैचों में न्यूनतम 35 रनों का रिकार्ड बनाया।

2005 जापान के अमागासाकी में एक रेल दुर्घटना में 107 लोग मारे गये।

2005 अमागासाकी, ह्योगो, जापान में एक कम्प्यूटर ट्रेन अपनी पटरियों पर आ गई और एक अपार्टमेंट की इमारत में जा घुसी, जिससे चालक और 106 पार यात्रियों की मौत हो गई और अमागासाकी रेल दुर्घटना में 555 अन्य घायल हो गए।

2010 हिंदुओं के स्कूल में 80 स्कूली लड़कियों ने भाग लिया था, उन्हें जहर दिया गया था।

2013 ब्रिटेन ने सोमालिया में अपना दूतावास 22 वर्षा के अंतराल के बाद पुनः खोला।

## समसामयिक

# पहलगाम नरसंहार के बाद : सिंधु में उबाल



ऋषभदेव शर्मा

**खूनी** मंगलवार (22 अप्रैल, 2025) को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस हमले की जिम्मेदारी 'द कश्मीर रेजिस्टेंस' नामक एक नए आतंकवादी संगठन ने ली है, जिसके पाकिस्तान स्थित आतंकी नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत मिले हैं।

भारत सरकार ने इस बर्बर नरसंहार के जवाब में कई कड़े कदम उठाए हैं। एक, सिंधु जल संधि को निलंबित किया जा रहा है। 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई यह संधि अब तक तीन बड़े युद्धों के बावजूद लागू रही थी। लेकिन अब भारत ने इसे अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया है। आखिर सब्र की भी कोई तो सीमा होती है न ! दो, वाघा-अटारी सीमा बंद की जा रही है। यानी, भारत ने पाकिस्तान के साथ अपनी एकमात्र भूमि सीमा को बंद कर दिया है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार और आवाजाही पर असर पड़ना स्वाभाविक है। क्या करें, हालिया नाजुक हालात में यह ज़रूरी हो गया था ! तीन, पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द किए जा रहे हैं। सार्क वीजा छूट योजना के तहत भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। भला यह कैसे बर्दाश्त किया जा सकता है कि पाकिस्तान तो आतंकियों को पाले-पोसे और भारत भला पड़ोसी बना अपने सब दरवाजे खुले छोड़ दे ! चार, राजनयिक संबंधों में कटौती की जा रही है। भारत ने इस्लामाबाद स्थित अपने उच्चायोग के स्टाफ को घटाया है और पाकिस्तानी रक्षा सलाहकारों को निष्कासित किया है। वरना और कब तक पानी सिर से गुजरने दिया जाए !

कहना न होगा कि सिंधु जल संधि का निलंबन एक ऐतिहासिक कदम है। यह संधि पाकिस्तान के लिए जीवनरेखा मानी जाती है, क्योंकि उसकी कृषि और जल आपूर्ति का अधिकांश हिस्सा सिंधु नदी प्रणाली पर निर्भर है। इस संधि के निलंबन से पाकिस्तान में जल संकट गहरा सकता है, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था और समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। भारत का यह निर्णय न केवल पाकिस्तान पर दबाव बनाने की रणनीति है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि अब आतंकवाद के प्रति भारत की सहनशीलता समाप्त हो चुकी है। यह कदम अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी यह संदेश देता है कि भारत अपनी सुरक्षा और संप्रभुता के मुद्दों पर कोई समझौता नहीं करेगा।सयाने अनुमान लगा रहे हैं कि भारत के इन कदमों से भारत-पाकिस्तान संबंधों में और अधिक तनाव आ सकता है। पाकिस्तान ने भारत के इन निर्णयों की आलोचना की है और संभावित प्रतिकार की चेतावनी दी है ! इससे दोनों देशों के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंध और बिगड़ सकते हैं। इसके अलावा, सिंधु जल संधि का निलंबन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी चर्चा का विषय बन सकता है। विश्व बैंक, जो इस संधि का मध्यस्थ था, और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ इस पर प्रतिक्रिया दे सकती हैं। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके कदम अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संधियों के अनुरूप हों।

अंततः, पहलगाम हत्याकांड न केवल एक आतंकवादी कृत्य है, बल्कि भारत की सुरक्षा और संप्रभुता पर सीधा हमला भी है। भारत की कड़ी प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि अब वह आतंकवाद के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरतेगा। हाँ, इन कदमों के दूरगामी प्रभावों पर भी ध्यान देना आवश्यक है। भारत को अपनी रणनीति में संतुलन बनाए रखना होगा, ताकि वह आतंकवाद के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई कर सके, साथ ही क्षेत्रीय स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को भी बनाए रख सके। यह समय है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर कार्रवाई करे और ऐसे कृत्यों के लिए जिम्मेदार देशों पर दबाव डाले। भारत की यह पहल एक चेतावनी है कि अब आतंकवाद को सहन नहीं किया जाएगा, और इसके खिलाफ निर्णायक कदम उठाए जाएँगे-

*उबला समुद्र शांति का, थामे न थमेगा;*
*इसको न और आँच दो, किस ओर ध्यान है !*

# सिर के बदले सिर , गोली का बदला गोलों से लेने होगा

पहलगाम में 28 निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्याकाण्ड को इतिहास में एक बड़ी अमानवीय घटना के रूप में याद किया जाएगा। भारत को चाहिए कि अब इस जहरिली विचारधारा तथा इसके नेपथ्य में जितनी भी संस्थाएं और देश शामिल है उनका सममूल्य नाश किया जाना चाहिए तब जाकर इन निर्दोष 28 व्यक्तियों की हत्या का बदला माना जाएगा। विचारधारा तथा मानसिक विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरिह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है, बल्कि शक्ति संपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तार वादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है1 इसराइल-हमास, रूस-यूक्रेन युद्ध इसका ताजा उदाहरण है, अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके विभस्त उदाहरण है जो अपनी व्यवसायिक ,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं1 यह सब अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैं1 भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है ऐसे देशों को साधुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तार वादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिए1



संजीव ठाकुर

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह



आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।

आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना है1 भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती है1 भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका है1 आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगा1 वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ असुरक्षा की भावना पूरी तरह व्याप्त हो चुकी है1 आतंकवाद का सबसे विस्तृत और भयानक रूप अफगानिस्तान में सरकार का तख्तापलट का ही है1 वहां तालिबानी आतंकवादियों द्वारा सरकार को गिरा कर अफगानिस्तान देश पर जाकर वहां शासन स्थापित कर लिया था, और पूरी दुनिया तमाशबीन बनी रही। रूस यूक्रेन युद्ध मैं भी लाखों लोगों की आक्रमण कर हिंसक हत्या तानाशाही तथा मानसिक आतंकवाद का ही एक भयानक रूप है। पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत सहित अनेक कानून बनाए गए एवं उन पर अमल भी किया जा रहा है। पर आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए आतंकवादी विचारधारा को ही समूल रूप से नष्ट करना होगा, क्योंकि आतंकवाद कोई तात्कालिक कारणों से पैदा नहीं होता,यह एक घिनौनी, हिंसक आतंक पैदा करने वाली विचारधारा है। अशांति की इस विचारधारा में जन समुदाय में रोश तथा खौफ पैदा कर दिया है और यह मानवता के लिए अभिशाप की तरह व्याप्त हो गया है। जिससे विश्वव्यापी वैश्विक शांति की अवधारणा को नष्ट कर दिया है। वैसे तो पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ प्रयास किए जा रहे हैं पर हर देश के हर नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि इस विचारधारा और इनकी गतिविधियों पर नजर रख इसे समूल नष्ट करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# पहलगाम आंतकी हमले के आक्रोश में व्यापार मंडल ने रखा बाजार बंद



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

मुरादाबाद। बृहस्पतिवार को सरार्फा. कमेटी मुरादाबाद के आवाहन पर सराफा बाजार के साथ-साथ मुस्लिम व्यापार एसोसिएशन ने भी मंडी चौक बाजार बंद रखा और कश्मीर के पहलगाम में हुई कायरता पूर्ण बर्बरतापूर्ण हत्याओं पर अपना रोष एंव गुस्से का इजहार व्यक्त किया। महामंत्री अयाज असलम ने इसे इंसानियत का कत्ल बताया उन्होंने कहा कि इस्लाम की शिक्षा के अनुसार किसी एक निर्दोष की हत्या पूरी इंसानियत की हत्या है।

सभा में वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार की विफलता एंव नाकामी है। जिसकी वजह से आज हमारे मुल्क को इतनी जाने गवानी पड़ीं। सभा में मौजूद सभी व्यापारियों ने एकमत होकर गृह मंत्री से अपील की है कि जल्द से जल्द दोषियों को पड़कर फांसी पर लटकाया जाए। मुस्लिम व्यापार एसोसिएशन की अगली कार्यवाही समस्त व्यापार मंडलों के साथ बैठक करने के बाद निर्णय लिए जाने के अनुसार की जाएगी। सभा में मुख्य रूप से शाह फैसल रहमानी, उरुज शम्सी, मोहम्मद आजम, असीम शकूर, मोहम्मद मुकीम़, सलीम, दानिश, राशिद आदि ने अपने विचार रखें।

## पहलागाम में आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को दी विनम्र श्रद्धांजलि

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**



मुरादाबाद। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दानिश सैफी के नेतृत्व मे टेम्पू स्टैंड पहुंचकर पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले मे मारे गए लोगो की आत्म शांति के लिए मोमबत्ती जलाकर 2 मिनट का मौन रखा और श्रद्धांजलि अर्पित।

युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दानिश सैफी ने कहा पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले मे हर कोई स्तब्ध है, हर कोई दुःखी है। यह समय मृतको और घायलों के साथ खड़े रहने का है, मृतकों के परिवारों को अपना परिवार मानने का समय है। यह समय आतंक के खिलाफ एकजुट होने का है।

भारत सरकार, सभी दलों को विश्वास में लेकर आतंक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करे। देश की एकता और अखंडता तथा नागरिकों की सुरक्षा हम सभी की प्राथमिकता है।

इस मोके पर कांग्रेस नि. नगर अध्यक्ष सलाउद्दीन अली खाँ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। इस शर्मनाक कृत्य के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। हम इस घटना में हताहत हुए लोगों के आत्मा के शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। हम सब एकजुट होकर आंतकवाद के खिलाफ जंग लड़ने को तैयार है इस मोके पर वरिष्ठ कांग्रेसी आफाक अहमद , एडवोकेट सलमान रजवी , शाहरुख चौधरी , अजीम खान , रामप्रकाश वर्मा , असलम खाँ , मोनिस , ताहिर कुरेशी , सलमान सैफी , अजय वीर , आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सवर्ण आर्मी ने डायरेक्टर अनुराग कश्यप के खिलाफ कार्रवाही की मांग की

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुरादाबाद। फिल्मी डायरेक्टर के खिलाफ सवर्ण आर्मी संगठन के द्वारा मुरादाबाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने अपने ट्विटर एक्स अकाउंट तथा इंस्ट्राग्राम आईडी पर ब्राह्मणों पर अभद्र टिप्पणी की थी। तथा आइस नाराज होकर स्वर्ण आर्मी के कार्यकतार्ओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन दिया गया है। साथ ही यह भी मांग की गई है। कि फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप के खिलाफ तत्काल में मुकदमा दर्ज हो। और इसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर उपस्थित सवर्ण आर्मी जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश चौहान, महानगर अध्यक्ष दुष्यंत कौशल, एवं भारी संख्या में सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवती को कार में बैठाकर अगवा करने पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

भोजपुर। पुलिस ने गांव रूस्तमपुर तीगरी निवासी विधवा की तहरीर पर अमरोहा और रामपुर के तीन लोगों के खिलाफ बेटी को बहला-फुसलाकर कर ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में विधवा महिला ने कहा है। कि गुरुवार की सुबह को खेत पर काम करने गई थी। घर पर अठारह वर्षीय बेटी अकेली थी। साढ़े पांच बजे रामपुर के थाना शहजाद नगर के गांव उदयराज की मड़ैया निवासी शिव गंगा पुत्र गंगा सिंह, थाना नौगांव सादात के सूत मिल निवासी अपने चाचा विट्ठू और इंद्रपाल सिंह के साथ कार से आया। कार को गांव के बाहर खड़ी करके बेटी को बहला फुसलाकर कार में बैठाकर ले गया। पीड़िता का कहना है कि शिव गंगा बेटी को बहुत दिनों से परेशान कर रहा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बकरी चोरी मामले में दो को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

बिलारी। अकबर अली पुत्र रियाजुल हसन निवासी ग्राम सिसौना थाना बिलारी ने अज्ञात चोर द्वारा वादी घर से वादी की एक बकरी व उसके दो बच्चों को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना बिलारी पर तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना बिलारी पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार को प्रकाश में आये अभियुक्त मो0 वसीम पुत्र मुहम्मद रफी उर्फ पप्पू निवासी मौहल्ला अंसारियान निकट फुलवार मस्जिद कस्बा व थाना बिलारी जिला मुरादाबाद व अरशद पुत्र मो0 अनीश निवासी मौहल्ला अंसारियान निकट फुलवार मस्जिद कस्बा व थाना बिलारी को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से एक बकरी व दो बकरी के बच्चें तथा घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी बरामद किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाएगा मिशन सड़क सुरक्षा अभियान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




बिलारी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना बिलारी पुलिस द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओ को सेल्फी पांइट बनाकर एवं पम्पलैट वितरित कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई। जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसों पर लगाम कसने को एसएसपी सतपाल अंतिल ने मिशन सड़क सुरक्षा विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है।

इसका असर अब शहर,कस्बों,नगर की सड़कों पर साफ दिखाई देने लगा है। सड़कों के ब्लैक स्पॉट चिह्नित और उन स्थानों पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं। यातायात के विशेष जागरूकता अभियान के तहत शहर और ग्रामीण इलाकों में अधिक से अधिक सेल्फी पॉइंट बनाए गए हैं। यहां पर लोग न सिर्फ तस्वीरें ले रहे हैं, बल्कि यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी ले रहे हैं।

## राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के कार्यक्रम में साफ–सफाई और स्वच्छता पर दिया जोर, बताया जल का महत्व

**नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन**



मूंढापांडे। प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित पंचायत राज दिवस के अवसर पर चार दर्जन से अधिक ग्राम प्रधान नदारद रहे जिस पर ब्लॉक प्रमुख ने नाराजगी जताई। बृहस्पतिवार को विकासखंड मूंढापांडे के सभागार में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष में सभा का आयोजन किया गया सभा का आयोजन ब्लॉक प्रमुख डॉ नवदीप यादव की अध्यक्षता में किया गया। जबकि संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत देवेश कन्हैया ने किया। एडीओ पंचायत ने बताया कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन सर्वप्रथम 24 अप्रैल 2010 को माननीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के द्वारा प्रारंभ किया गया था। आज ही के दिन 24 अप्रैल को राजस्थान के नागौर में सबसे पहले पंचायत का गठन हुआ था। उसी के क्रम में 73वें संविधान संशोधन के द्वारा सन 1992 में त्रिस्तरीय पंचायत का गठन और अधिकार प्रदान किए गए। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के द्वारा समस्त ग्राम पंचायत में साफ-सफाई और स्वच्छता तथा हर घर नल और जल की उपयोगिता के बारे में बताया गया तथा विकासखंड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले,ग्रामप्रधान,संघ अध्यक्ष,कोषाध्यक्ष ,ग्राम प्रधान सोनी सिंह लालपुर तीतरी ,पंचायत सचिव सफाई कर्मी, पंचायत सहायक पंचायत्वसहायक, खंड प्रेरक ,कंसल्टिंग इंजीनियर एवं ऑपरेटर इत्यादि लोगों को प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

गोष्ठी में ग्राम पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान, सचिव ग्राम पंचायत स्वाति चौहान, रवि पाल, संजीव चौधरी, इंतेजार अहमद ,धनेंद्र पाल सुधीश कुमार, रणवीर सिंह, रवि कुमार ,जसपाल, शादाब अली, परविंदर वर्मा, खंड प्रेरक राजेश कुमार, अवनीश, कंप्यूटर ऑपरेटर मुहम्मद उबैद, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी अमरीश यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

## महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं को घरेलू हिंसा के प्रति जागरूक किया गया



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान चरण 05 बृहस्पतिवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया ।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुनकर किया निस्तारण



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।बृहस्पतिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है। उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## थाना भगतपुर में जन सुनवाई कर लोगों की समस्याओं का किया उचित निस्तारण




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

भगतपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में जनपद के थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिये। बृहस्पतिवार को भगतपुर थाना प्रांगण में जनसमस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

## मिशन रोड सेप्टी अभियान चला कर छात्रों को किया जागरूक

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुरादाबाद। मिशन रोड सेफ्टी अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक यातायात द्वारा मय हमराह तीर्थांकर महावीर यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं को पम्पलेट वितरित कर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी यातायात नियमों के पालन हेतु जागरुक कर अपने परिजनों को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया। अभियान के अंतर्गत यातायात नोडल अधिकारी थाना गलशहीद द्वारा थाना क्षेत्र में आमजन व दो,तीन,चार पहिया आदि वाहनों में सही से यात्रा करने तथा पम्पलेट वितरित कर सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई व



आम-जनमानस को मुरादाबाद रेलवे जक्शन स्टेशन पर यात्रीगण को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया।

## झारखंड : कांग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ मोमबत्ती जुलूस निकाला

रांची (भाषा)कांग्रेस की झारखंड इकाई के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में बृहस्पतिवार को रांची में मोमबत्ती जुलूस निकाला। इस हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए थे।

यह जुलूस यहां पार्टी प्रदेश मुख्यालय कांग्रेस भवन से शुरू हुआ और शहर के अल्बर्ट एक्का चौक पर समाप्त हुआ।

प्रदर्शनकारियों ने हमले के खिलाफ नारे लगाए और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

कमलेश ने कहा, पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है और हम पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। कांग्रेस ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई है। केंद्र सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए, कूटनीति पर काम करना चाहिए और भविष्य की रणनीति बनानी चाहिए। देश के नागरिकों की सुरक्षा के लिए कांग्रेस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट रहेगी। पार्टी कार्यकताओं ने पार्टी मुख्यालय में एक शोक सभा भी आयोजित की और पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा।

# सूचना निदेशालय पहुंचे नवागत निदेशक

### विभागीय कार्यों का किया गहन निरीक्षण- समर्पण भाव से काम करने के दिए निर्देश

» स्टेट ब्यूरो चीफ





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नवागत सूचना निदेशक विशाल सिंह ने गुरुवार को सूचना निदेशालय का निरीक्षण किया। सुबह 9:30 बजे निदेशालय पहुंचने के बाद उन्होंने निदेशालय के प्रत्येक तल पर स्थित प्रभागों और अधिकारियों के कक्षों का गहन निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों से निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

निदेशक श्री सिंह ने विभिन्न प्रभागों के कार्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और प्रभागीय प्रभारी अधिकारियों से कार्य प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वह कार्मिकों की कार्यप्रणाली से संतुष्ट नजर आए।

#### प्रचार में सोशल मीडिया का हो प्रभावी इस्तेमाल: विशाल सिंह

निदेशक ने कर्मचारियों से कहा कि सूचना विभाग की भूमिका आज के समय में बहुत अहम है। सरकार की योजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों को आमजन तक पहुँचाने में नवीन तकनीकों व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का प्रभावी उपयोग किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विभाग को आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित करना जरूरी है ताकि कार्य में गुणवत्ता और गति बनी रहे।

#### विभिन्न प्रभागों का किया निरीक्षण

नवागत निदेशक ने पंचम, चतुर्थ, तृतीय, द्वितीय एवं प्रथम तल पर स्थित निम्नलिखित प्रमुख प्रभागों का निरीक्षण किया: विज्ञापन प्रभाग, प्रकाशन एवं निरीक्षा शाखा, गीत एवं नाट्य प्रभाग, सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ, संदर्भ शाखा, टीवी शाखा, लेखा प्रभाग, फोटो शाखा, संपादकीय कक्ष, प्रेस प्रभाग, वेब/डिजिटल मीडिया एवं निकासी प्रभाग, प्रत्येक प्रभाग में उन्होंने कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की, कार्य संबंधी जानकारियाँ लीं और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

#### जनपदीय कार्यालयों को और सक्रिय बनाने पर बल

क्षेत्र प्रचार प्रभाग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जनपदीय सूचना कार्यालयों की भूमिका और अधिक सक्रिय होनी चाहिए, और स्थानीय खबरों पर विशेष नजर रखी जानी चाहिए। प्रशासन प्रभाग में सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने का सुझाव दिया गया।

#### निरीक्षण में ये अधिकारी रहे मौजूद:

संयुक्त निदेशक: दिनेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी: संजय कुमार सिंह, सहायक निदेशकगण: जितेन्द्र प्रताप सिंह, सतीश भारती, संजय कुमार अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी।

पहलगाम आतंकी हमला

## भारत की संप्रभुता को चुनौती, आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दे सरकार : सरिता दीपेन्द्र गुप्ता

» नेशनल एक्सप्रेस




■ आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, आतंकी घटनाओं से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को किया जाए मजबूत : दीपेन्द्र गुप्ता

**लालगंज/ रायबरेली:** लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता दीपेन्द्र गुप्ता ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की, जिसमें 26 पर्यटकों की जानगई। उन्होंनेइस कायरतापूर्ण हमले के खिलाफ शांति और एकजुटता की अपील की। सुरक्षा चूकों की जांच और अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई।

सरिता दीपेन्द्र गुप्ता ने शोक संतृप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करती है और इस गहन पीड़ा की घड़ी में उनके साथ एकजुटता से खड़ी है। यह कायराना और सुनियोजित आतंकी हमला, जिसकी साजिश पाकिस्तान में रची गई, हमारे गणराज्य के मूल्यों पर सीधा हमला है। नागरिकों को जानबूझकर निशाना बनाना, पूरे देश में भावनाएं भड़काने की एक सोची-समझी साजिश थी।

हम इस गंभीर उकसावे के बावजूद शांति बनाए रखने की अपील करते हैं और संकट की इस घड़ी में हमारी सामूहिक शक्ति को दोहराते हैं। हम अपील करते है और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता और एकता के साथ लड़ने के लिए भारतीय जनमानस की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

कांग्रेस के प्रांतीय नेता दीपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि स्थानीय पोनी वाले और पर्यटक गाइडों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करती है, जिनमें से एक पर्यटकों की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। इन्होंने भारत की विचारधारा को जीवंत रखा। उनका बलिदान उस भारत की भावना को दशार्ता है, जहां निस्वार्थ सेवा और मानवता सर्वोपरि है। यह ध्यान देने योग्य है कि पहलगाम एक अत्यंत सुरक्षित क्षेत्र माना जाता है, जहां त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू है। ऐसे में यह अत्यावश्यक है कि इस केंद्र शासित प्रदेश- जो सीधे-सीधे केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आता है- में इस प्रकार के हमले को अंजाम देने में हुई खुफिया विफलताओं और सुरक्षा चूक की व्यापक और गहन जांच की जाए। इन सवालों को व्यापक जनहित में उठाना आवश्यक है। यही एकमात्र रास्ता है, जिससे पीड़ित परिवारों के साथ न्याय होते हुए देखा जा सकता है।

दीपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि हम यह भी मांग करते है कि अमरनाथ यात्रा शीघ्र ही प्रारंभ होने वाली है।

## संक्षिप्त समाचार

### भीषण अग्निकांड में गृहस्थी सहित मवेशी झुलसे, काफी नुकसान



**गोंडा।** तहसील व विकास खंड क्षेत्र करनैलगंज अन्तर्गत धनावा ग्राम सभा के भूड़कगंज में गुरुवार को एक भीषण अग्निकांड में एक परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। वहीं आग की चपेट में आकर मवेशी भी झुलस गए।

यह दर्दनाक हादसा उस वक्त हुआ जब गांव के निवासी मंगल वर्मा के घर में दोपहर के समय खाना बनाया जा रहा था। अचानक आग लग गयी और देखते ही देखते उसने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों में घर का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित परिवार का करीब 7 कुंटल गेहूं, सरसों और अन्य अनाज भी आग की भेंट चढ़ गया। आग की चपेट में आकर एक बैल और दो गायें गंभीर रूप से झुलस गईं। ग्रामीणों ने मिलकर काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। पीड़ित परिवार ने नुकसान का आकलन कर मुआवजा और राहत दिलाये जाने की मांग की है। फिलहाल परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है।

### राम बहादुर पांडेय व निरंकार प्रसाद सहित 33 राजस्व निरीक्षकों का वेतन रोका गया

» शैलेन्द्र सिंह/नेशनल एक्सप्रेस

**गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा राजस्व कार्यों की समीक्षा के क्रम में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा-24 के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निस्तारण में शिथिलता बरतने वाले 33 राजस्व निरीक्षकों का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित कर दिया गया है। यह कार्यवाही राजस्व निरीक्षक स्तर पर अपेक्षित प्रगति न होने के कारण की गई है।

बताते चलें कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 24 के तहत, कोई भी व्यक्ति संक्रमणीय भूमि की पैमाइश करवा सकता है। इसके लिए, आवेदक को प्रार्थना पत्र के साथ नक्शा, खसरा, खतौनी (की प्रमाणित प्रति) और निर्धारित शुल्क की रसीद संलग्न करनी होती है। यह जनहित से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिससे न केवल भूमि से जुड़े विवाद सुलझते हैं बल्कि सरकारी अभिलेख भी अद्यतन रहते हैं। पिछले निदेर्शों के बावजूद अनेक राजस्व निरीक्षकों द्वारा मार्च 2025 में 10 से भी कम प्रकरणों का निस्तारण किया गया, जिसे जिलाधिकारी ने गंभीर लापरवाही माना।

जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे व्यक्तिगत रूप से मामलों की मॉनीटरिंग करें और धारा-24 के सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक उत्तरदायित्व निभाना प्रत्येक अधिकारी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने तहसील तरबगंज में तैनात राजस्व निरीक्षक हनुमान प्रसाद पाण्डेय आदित्य प्रसाद सिंह, जावेद अख्तर, नन्दलाल यादव, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, सुशील कुमार पाण्डेय, अरुण कुमार सिंह, तहसील मनकापुर के राकेश कुमार गुप्ता, राज किशोर श्रीवास्तव, हरिशंकर सिंह, कन्हैयालाल, राजकुमार पाण्डेय, रमेश चन्द्र वर्मा, ज्ञानदास, कुंवर बहादुर मौर्या तहसील सदर में तैनात अशोक कुमार शुक्ला, परशुरा, करुणेश कुमार, ज्ञानप्रकाश मिश्र, अकलीम, दिनेश प्रताप तिवारी, देवी प्रसाद, निरंकार प्रसाद करनैलगंज तहसील में तैनात, अम्बर प्रसाद तिवारी, रामसंवारे तिवारी, भानुप्रकाश वर्मा, संजय शुक्ला, ईश्वर सरन तिवारी, हनुमान प्रसाद, अवनीश कुमार मिश्रा, राम बहादुर पाण्डेय, अनूप कुमार आदि राजस्व निरीक्षकों का वेतन जिलाधिकारी ने रोक दिया है।

## सरेनी कांड : ऊंचाहार प्रेस क्लब के सदस्यों ने एसडीएम को सौंपा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन

पत्रकारों पर गम्भीर धाराओं में दर्ज किए गए मुकदमे के विरोध में सौंपा ज्ञापन

पत्रकारों का नाम एफआईआर से बाहर किये जाने की मांग

» नेशनल एक्सप्रेस



**रायबरेली।** सरेनी में दुर्भावना पूर्ण कार्रवाई करते हुए पत्रकारों पर गम्भीर धाराओं में दर्ज किए गए मुकदमे के विरोध में ऊंचाहार प्रेस क्लब के सदस्यों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है।ऊंचाहार प्रेस क्लब के सदस्यों ने गुरुवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी को सौंपा है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बीते 20 अप्रैल को प्रदेश के प्रतिष्ठित पत्रकार आदित्य मिश्रा समेत अन्य पत्रकारों पर गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि पत्रकारों की भूमिका का घटना से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है।बिना जांच किये मुकदमा दर्ज किया जाना दुर्भावना पूर्ण कार्यवाही है।क्योंकि उस घटना से पत्रकारों की पूर्व की घटनाओं की रिपोर्टिंग से कोई प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रिश्ता नहीं है।यह मुकदमा राजनीतिक दबाव में पत्रकारों को तथ्यात्मक पत्रकरिता से रोकने व उत्पीडन करने के नियत से किया गया है।ऊंचाहार प्रेस क्लब के सदस्यों ने ज्ञापन प्रस्तुत कर अपेक्षा की है कि पत्रकारों का नाम एफआईआर से बाहर किया जाए साथ ही भविष्य में उत्पीडन के लिए इस तरह की पुलिसिंग कार्यवाही पर रोक लगाई जाए तथा सरकार द्वारा पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाएं।इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष विंदेश्वरी प्रसाद तिवारी,सागरतिवारी,मोहम्मदइसराइल,आशीष मौर्य,इरफान अहमद,सचिन चौरसिया समेत अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## बैसवारा महाविद्यालय में वर्ष 2025–26 हेतु प्रवेश फॉर्म वितरण प्रारंभ

» नेशनल एक्सप्रेस



**लालगंज/ रायबरेली:** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी प्रतिष्ठित बैसवारा महाविद्यालय एवं जनपद में एकमात्र महाविद्यालय नैक द्वारा मूल्यांकित ग्रेड - बी , में आयोजित प्रेस वार्ता में प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने बताया कि सत्र 2025-26 में बी .ए .प्रथम वर्ष, प्रथम सेमेस्टर, बी .एस .सी .प्रथम वर्ष, प्रथम सेमेस्टर, एम.ए. प्रथम वर्ष, प्रथम सेमेस्टर, में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है ।

महाविद्यालय ने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा *रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया को नि :शुल्क* रखा है ।नि : शुल्क रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत छात्र एवं छात्राएं महाविद्यालय से *प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं*।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी, डॉ. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि इस समय महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के लिए *एन .सी .सी .की 320 से अधिक* सीटें उपलब्ध हैं तथा महाविद्यालय में *योग्य अनुभवी तथा आयोग द्वारा चयनित शिक्षकों* द्वारा नियमित कक्षाओं का संचालन होता है ।

कक्षाओं के संचालन के साथ-साथ योग्य शिक्षकों द्वारा *महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त कक्षाओं का भी संचालन* किया जाता है । जिससे छात्र छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सफलता अर्जित करने में पूर्णतया सफल होते हैं । डॉ .यादव ने आगे जानकारी देते हुए बताया वर्तमान में महाविद्यालय में सोलर की व्यवस्था, वाई-फाई की व्यवस्था, स्मार्ट क्लासरूम एवं छात्र एवं छात्राओं के लिए आर. ओ. वॉटर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था मौजूद है ।

प्रबंधक श्री लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में सरकार द्वारा समय-समय पर जारी सभी योजनाओं का *शत प्रतिशत लाभ छात्र छात्राओ को मिलता है ' गत वर्ष एवं इस वर्ष सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाइल एवं टैबलेट सभी छात्र - छात्राओं को वितरित किए गए । वर्ष 2022-23 में महाविद्यालय में रोजगार मेला का आयोजन हुआ जिसमें लगभग *97 छात्र-छात्राओं का चयन* विभिन्न कंपनियों में हुआ । इस वर्ष 4 अप्रैल 2025 को आयोजित रोजगार मेले में से *45 से अधिक छात्र और छात्राएं चयनित* हुए।

इस मौके पर महाविद्यालय परिवार के प्रोफेसर निरंजन राय ,प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, प्रोफेसर कुंदन कुमार, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह प्रोफेसर बीके भारद्वाज डा अजय कुमार सिंहा, डॉ सूर्य प्रकाश मिश्रा , डा सत्येंद्र सिंह, डा नवीन कुमार विश्वकर्मा, डा संजीव कुमार मिश्रा, डॉ प्रवीण सिंह, डा सुरजन यादव, डा वीरेंद्र कुमार यादव, डा संदीप कनौजिया,डा. अतुल सिंह, डा नवीन कुमार सिंह, डॉ सूर्य प्रकाश वर्मा , डा मनोज कुमार त्रिपाठ- ी,श्रीमती नीलम शुक्ला, लेखाकार सुरेश कुमार गुप्ता , विज्ञान संकाय से इंदु त्रिपाठी, रिया गुप्ता, कांची बाजपेई, पूजा श्रीवास्तव, प्रखर राज श्रीवास्तव , शिवचंद्र, हरिश्चंद्र, विजय बहादुर सिंह , शिव शंकर वर्मा, विशाल आदि समस्त महाविद्यालय के सदस्य उपस्थित रहे।

## अवैध खनन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

### डीएम को रात में मिली सूचना पर 2 बजे छापा



■ दबिश : बिना परमिट खनन करते पकड़ी गई जेसीबी और ट्रैक्टर

■ अवैध खनन पर कसा शिकंजा, मौके से जब्त हुए वाहन

■ निमार्णाधीन मैरिज लॉन के लिए हो रहा था मिट्टी खनन

» नेशनल एक्सप्रेस

**गोंडा।** जिला प्रशासन ने अवैध खनन के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बीती रात बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। देर रात करीब एक बजे जिलाधिकारी नेहा शर्मा को वाट्सएप के माध्यम से अवैध खनन की सूचना मिली, जिसके तुरंत बाद डीएम के निर्देश पर खनन विभाग की टीम हरकत में आ गई। खनन अधिकारी अभय रंजन के नेतृत्व में टीम ने कोतवाली देहात क्षेत्र के चिलबिला खत्तीपुर गांव में करीब 2:15 बजे छापेमारी की। मौके पर अवैध रूप से मिट्टी खनन करते हुए एक जेसीबी और चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पाई गईं, जिन्हें तत्काल जब्त कर लिया गया।खनन अधिकारी ने जानकारी दी कि बिना वैध अनुमति के यह खनन कार्य किया जा रहा था। बताया गया कि एक निमार्णाधीन मैरिज लॉन की भराई के लिए अवैध रूप से मिट्टी निकाली जा रही थी।

मौके पर इमरती बिसेन निवासी रमेश यादव की जेसीबी और मरजीत उपाध्याय को खनन करते हुए पकड़ा गया।सभी जब्त वाहनों को कोतवाली देहात थाने में जमा करा दिया गया है। खनन अधिकारी अभय रंजन ने बताया कि जिस भूमि से मिट्टी खनन किया जा रहा था, उसके स्वामित्व और उपयोग को लेकर भी जांच की जा रही है।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## चिकित्सालय की भूमि पर निर्मित गेट के विरोध में किसान संगठन ने सौंपा ज्ञापन

» नेशनल एक्सप्रेस



**गोंडा।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रतापबली सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं और अधिवक्ता साथियों ने गुरुवार को उप जिलाधिकारी कर्नलगंज को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित था, जिसमें राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की भूमि पर अग्निशमन विभाग द्वारा किए गए कथित अतिक्रमण का विरोध दर्ज कराया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के भवन निर्माण हेतु पूर्व में जो भूमि आवंटित की गई थी, उस पर अग्निशमन विभाग द्वारा जबरन बाउंड्री निर्माण और गेट लगवाया गया है। किसान संगठन का आरोप है कि यह कार्य बिना किसी वैधानिक अनुमति के किया गया है,जो पूरी तरह अवैध अतिक्रमण की श्रेणी में आता है। इससे चिकित्सालय के निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही है, साथ ही जनता को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित होना पड़ सकता है।

प्रतापबली सिंह ने प्रशासन से मांग की कि अविलंब इस गेट और बाउंड्री को हटवाया जाए, ताकि आयुर्वेदिक चिकित्सालय की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा सके और भवन निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ हो सके। ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई कि यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है, तो किसान संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे,जिन्होंने एक स्वर में अतिक्रमण के विरुद्ध आवाज बुलंद की।

## पहलगाम में हिन्दू पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले बर्दाश्त नहीं, भारत देगा मुंहतोड़ जवाब: रामगोपाल त्रिपाठी

**निर्दोष लोगों की हत्या आतंकियों की कायराना हरकत, आतंकियों के खिलाफ ऐसी कार्यवाही हो की दुनिया रखे याद : मनोज अवस्थी**

**पहलगाम में आतंकी हमला एक नृशंस और अमानवीय कृत्य, मोदी सरकार आतंकियों से लेगी हर मौत का हिसाब : शिवम मिश्रा**

» नेशनल एक्सप्रेस



**लालगंज/ रायबरेली :** कश्मीर के पहलगाम में कल निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में आज सर्व हिन्दू समाज लालगंज रायबरेली द्वारा लालगंज में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान का पुतला जलाया गया और आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। विहिप के प्रांतीय नेता रामगोपाल त्रिपाठी ने कहा, यह हमला न केवल मानवता के खिलाफ है, बल्कि देश की एकता और अखंडता पर भी सीधा प्रहार है। पाकिस्तान लगातार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, जिसे अब और सहन नहीं किया जा सकता। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर पाकिस्तान मुदार्बाद और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो जैसे नारे लगाए। सर्व हिन्दू समाज मंच ने सरकार से मांग की कि दोषियों को तत्काल कठोर कार्यवाही की जाए और घाटी में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

अगर इसी तरह आतंकवादी हमलों में हिंदू मारे जाते रहेंगे, तो एक दिन हम हिंदू अपने ही देश में अल्पसंख्यक हो जाएंगे। कश्मीर से लेकर कर्नाटक तक और अन्य हिस्सों में, निरंतर बढ़ते आतंकवादी हमले, हिन्दुओं के खिलाफ बढ़ते उत्पीड़न और देश विरोधी ताकतों का असर साफ दिखने लगा है। पाकिस्तान के आतंकवादियों द्वारा हिन्दुओं को निशाना बनाना यह स्पष्ट करता है कि हिन्दू कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। यह सिर्फ हम हिंदुओं की लड़ाई नहीं, बल्कि पूरे विश्व के भर में रह रहे हिन्दुओं की लड़ाई है। अब समय आ गया है कि हम खड़े होकर कहें हम डरने वाले नहीं। हम अपनी संस्कृति, धर्म और सम्मान के लिए हम अपनी संस्कृति, धर्म और सम्मान के लिए एकजुट होंगे और आतंकवाद को अपनी जमीन से उखाड़ फेंकेंगे। अगर हमें अपनी पहचान और अपने भविष्य को बचाना है, तो हमें संगठित होकर लड़ना होगा।

भाजपा लालगंज मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि कहाकि पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुआ आतंकी हमला एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। इनमें अजय पांडेय, सुशील शुक्ला, दीप प्रकाश शुक्ला, भाजपा लालगंज मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, भाजयुमो लालगंज मंडल अध्यक्ष शिवम मिश्रा, मंडल अध्यक्ष नीरज बाजपेई, रुपेश अवस्थी, जगन्नाथ सिंह, संजय कुमार मिश्रा, आदर्श बाजपेई, विकास त्रिवेदी, रमाशंकर बाजपेई, शालिगराम मौर्य, श्याम साहू, और पंकज पांडे, अखिलेश बाजपेई, शिवम गुप्ता, रोहित सोनी, विवेक शर्मा, अप्पू शर्मा आदि शामिल थे।

## डीएम ने कुन्दुरखी चीनी मिल को जारी किया नोटिस, कहा- भुगतान करें किसानों का बकाया

» नेशनल एक्सप्रेस

■ चेतावनी : गन्ना मूल्य भुगतान में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**गोंडा ।** गन्ना किसानों को उनका हक दिलाने के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए कुन्दुरखी स्थित बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड को नोटिस जारी किया है। पेराई सत्र 2024-25 में मिल द्वारा गन्ना मूल्य का ₹20,935.88 लाख और विकास अंशदान का ₹403.39 लाख भुगतान शेष है, जिसे लेकर जिलाधिकारी ने कड़ा संज्ञान लिया है. जिलाधिकारी द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना मूल्य के कुल ₹27,334.31 लाख में से ₹6,398.43 लाख का भुगतान हुआ है, जो कि कुल भुगतान का 23.41 प्रतिशत है। इसी प्रकार, विकास अंशदान के ₹413.39 लाख में से ₹403.39 लाख अभी तक बकाया है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मिल प्रबंधन को नोटिस जारी कर तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी है कि यदि मिल तत्काल भुगतान नहीं करती है, तो प्रबन्धन के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए चीनी मिल प्रबंधन जिम्मेदार होगा।

# लूट और चोरी करने के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़, दो गिरफ्तार एक के पैर के लगी गोली

**दीपू पर 22 और रॉकी पर 15 मुकदमे दर्ज**



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान हिस्ट्रीशीटर देवेश उर्फ दीपू और लोकेश उर्फ रोकी को गिरफ्तार किया गया। दीपेश उर्फ दीपू के मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी है जिसे उपचार हेतु पुलिस सुरक्षा में अस्पताल भेजा है।दोनों आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर, चोरी, लूट, मारपीट, जानलेवा हमला एवं अवैध असलहा सम्बन्धी गम्भीर धाराओं में करीब 03 दर्जन अभियोग पंजीकृत है। कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल, 01 चोरी का मोबाइल, 02 तमंचा 315 बोर, 03 खोखा कारतूस एवं 02 जिंदा कारतूस बरामद हुए है। 14 अप्रैल 2025 को वादी ने थाना सिरसागंज पर तहरीर दी गयी कि नगला चंदी के सामने अरांव रोड पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी का मोबाइल लूट लिया है। तहरीर के आधार पर थाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। साथ ही एसएसपी ने 03 पुलिस टीमों का गठन किया था। इसी क्रम में थाना सिरसागंज पुलिस को मुखबि? से सूचना प्राप्त हुई कि वांछित आरोपी क्षेत्र में घूम रहे है। पुलिस ने कोरारा रोड अमर कोल्ड स्टोर पर चैकिंग शुरू कर दी। चैकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस टीम को नजदीक आते देख पुलिस पर फायर किया। जबावी कार्यवाही में एक संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को घायल अवस्था में व एक अन्य संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। घायल व्यक्ति की पहचान दीपेश उर्फ दीपू व अन्य संदिग्ध की पहचान लोकेश उर्फ रॉकी के रुप में हुई है। घायल अभियुक्त को पुलिस सुरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# नगला बीच में फिर हुई चोरी, दुकान की दीवार काटकर दो बैटरियां चुराई

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद/नगला बीच। तहसील टूण्डला के कस्बा नगला बीच में बीती रात चोरों ने एक बार फिर पुलिस गश्त को धता बताते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सतीश गुप्ता पुत्र रामबाबू गुप्ता की दुकान में घुसकर अज्ञात चोर दो बैटरियां चोरी कर ले गए। चोरों ने दुकान की सड़क साइड वाली दीवार को काटा और अंदर घुसकर बैटरियां चुराईं। हैरानी की बात यह रही कि चोरों ने किसी की नजर न पड़े, इसके लिए दुकान के बाहर लगा बल्ब भी निकाल दिया, जो सुबह सड़क पर टूटा हुआ पड़ा मिला। चोरी की जानकारी सुबह तब हुई जब एक ग्राहक तेल निकलवाने के लिए दुकान पर पहुंचा।

घटना की सूचना पर दुकान मालिक सतीश गुप्ता मौके पर पहुंचे तो पाया कि दो बैटरियां गायब हैं, दीवार टूटी हुई है और बल्ब बाहर गिरा हुआ पड़ा है। उन्होंने तुरंत इस घटना की जानकारी चौकी प्रभारी नगला बीच पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि आस-पड़ोस के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि चोरों की पहचान की जा सके। इसी रात एक अन्य दुकान बी के बैटरी हाउस जो कि मोहम्मदाबाद निवासी भुवनेश कुमार की है, में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन मजबूत ताले के चलते चोर विफल रहे। सुबह दुकान का शटर टूटा हुआ पाया गया। क्षेत्र में पहले भी कई बार इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे स्थानीय दुकानदारों में आक्रोश का माहौल है। व्यापारी वर्ग ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और चोरों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

# पति से कहासुनी के बाद पत्नी ने लगाई फांसी, मौत

**पांच साल पहले हुई थी मृतका की शादी**



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद/टूण्डला। थाना नगला सिंघी क्षेत्र में एक विवाहिता ने पति से कहासुनी होने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव मुख्य द्वार के जंगले से लटका मिला। मृतका की पांच साल पहले शादी हुई थी जबकि दो बच्चों की मां थी।

थाना अकराबाद अलीगढ़ के गांव गोपी मानई निवासी 25 वर्षीय भारती की शादी पांच साल पहले थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव गढ़ी भाऊ निवासी भोला यादव के साथ हुई थी। भोला ट्रक चलाता है। उनके दो बच्चे दो वर्षीय माधुरी और चार माह का कार्तिक है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार शाम को पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। गुरुवार को भी कहासुनी होने के बाद पति घर से बाहर चला गया था। उसके जाने के बाद पत्नी ने घर के मुख्य द्वार पर लगे जंगले पर साफी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। उनका रो–रोकर बुरा हाल हो गया। मायका पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष विमलेश त्रिपाठी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्वजनों से घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष का कहना है कि अभी तक उन्हें तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हलपुरा में धूमधाम से निकली संविधान निर्माता की शोभायात्रा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। जनपद की ग्राम पंचायत अकलाबाद हसनपुर हलपुरा में ग्रामीणों द्वारा गुरुवार को संविधान निमार्ता ,भारत रत्न,डॉ० भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती शोभायात्रा बड़े हर्ष उल्लास के साथ निकाली गई । इस दौरान ग्रामीणों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया । शोभायात्रा अध्यक्ष व कमेटी ने शोभायात्रा में सम्मिलित हुए झांकी लाने वाले समस्त झांकी अध्यक्षों को माला पहना कर सम्मानित किया गया। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में पुरुष, महिलाए व बच्चे शामिल हुए ।

शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर ग्रामीणों ने स्वागत किया। शोभायात्रा में पांच झांकियां शामिल थी। शोभायात्रा अंबेडकर पार्क से प्रारंभ होकर होली के मोहल्ले होते हुए पूरे गांव में परिक्रमा मार्ग से होते हुए अंबेडकर पार्क पर आकर समाप्त हुई । इस दौरान बाबा साहब के जयकारों की गूंज होती नजर आई । इस



दौरान मुख्य रूप से माधव प्रसाद मौर्य ,राजाराम डीलर, रामसहाय नेताजी ,रमेश चंद्र दीवान , कुंवर पाल सिंह ,महेंद्र सिंह ,डॉ जितेंद्र ,डॉ आनंदी सिंह, लक्ष्मीनारायण ,सुशील मास्टर ,लख्मीचंद ,सौदान सिंह, बलवीर सिंह ,दुर्वेश कुमार ,दयानंद सिंह, पंकज सिंह ,राहुल कुमार आदि के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आतंकी हमले को लेकर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज । जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 पर्यटकों की मौत हो चुकी है। वहीं 17 लोगों का अभी भी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में गुस्सा है। इसी को थाना सिरसागंज व थाना अरॉंव पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया ।क्षेत्राधिकार सिरसागंज अनिवेश कुमार भारी पुलिस फोर्स के साथ दुपहिया वाहन व चार पहिया वाहनों की सघन तलाशी ली गई। तहसील सिरसागंज क्षेत्र में चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना क्षेत्र से लगने वाले बॉर्डरों पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की लगातार चैकिंग की गयी. साथ ही महत्वपूर्ण स्थानों, रेलवे स्टेशन बस अड्डा होटल ढाबा सराय धर्मशाला आदि स्थलों के आसपास भी सघन चैकिंग अभियान चलाया गया।

### सात वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना अरॉंव पुलिस ने चैकिंग के दौरान पंजीकृत अभियोग से संबंधित सात वॉंछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

वॉंछित अपराधियों की गिरफ़्तारी के क्रम में अरॉंव पुलिस ने मुखविर की सूचना पर पंजीकृत अभियोग मे वांछित आसिक पुत्र बली मोहम्मद, अल्ताफ हुसैन पुत्र सोनपाल, नवी हुसैन पुत्र सोनपाल, मोहम्मद हुसैन पुत्र बली मोहम्मद, पप्पू पुत्र मंगली खॉं, सोनपाल पुत्र मंगली खॉं और बली मोहम्मद पुत्र मंगली खॉं को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के आधार पर विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा।

### राजस्व विभाग की टीम ने हटवाया चकमार्ग से अवैध कब्जा




नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना। अवैध रुप से चकमार्ग पर कब्जा करने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम के निर्देश पर कानूनगो एवं लेखपाल मौके पर पहुंचे। जेसीबी के माध्यम से चकमार्ग को कब्जे से मुक्त कराया गया। दुबारा कब्जा करने पर मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी दी। तहसील जसराना के गांव कौरारा बुजुर्ग निवासी राकेश कुमार ने एसडीएम जसराना को शिकायती पत्र दिया था। शिकायती पत्र में गांव के ही छह लोगों पर अवैध रुप से चकमार्ग पर कब्जा करने का आरोप लगाया था। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एसडीएम पुष्पेंद्र सिंह ने कानूनगो लटूरी सिंह एवं लेखपाल सोमेश कुमार बृहस्पतिवार को मौके पर पहुंचे। इस दौरान जेसीबी के माध्यम से अवैध कब्जे को हटवाकर चकमार्ग पर मौजूद अवैध कब्जे को हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान लोगों की भीड़ लगी रही। एसडीएम पुष्पेंद्र सिंह ने कहा टीम भेजकर अवैध कब्जे को हटवा दिया गया है। दुबारा कब्जा किया तो मुकदमा दर्ज कर मुकदमा दर्ज करा कार्रवाई की जाएगी।

### चिटफंड कंपनियों से ठगी के शिकार जमाकर्ताओं का प्रदर्शन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद । जनपद में गुरुवार को चिटफंड कंपनियों से ठगी के शिकार जमाकताओं ने जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की । इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष रवेंद्र सिंह धनगर ने बताया कि विभिन्न कंपनियों, सोसाइटी, निधि और कॉरपोरेशन में 42 करोड़ निवेशकों की जमा राशि फंसी है। उन्होंने मांग की है कि 180 दिनों के भीतर निवेशकों को उनकी मूल राशि का दो से तीन गुना भुगतान किया जाए।धनगर ने आरोप लगाया कि इन कंपनियों को सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से मान्यता मिली थी। कई कंपनियों का उद्घाटन नेताओं और अधिकारियों ने किया था। बाद में ये कंपनियां या तो दीवालिया हो गईं या लोगों का पैसा लेकर फरार हो गईं।इस दौरान उन्होंने सरकार से 1. देश के 2.5 करोड़ बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए। 2- देश को ठगी मुक्त बनाया जाए। 3- सभी पीड़ितों को उनका पैसा लौटाये जाने की मांग रखी । प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो 1 मई से संसद का घेराव किया जाएगा। उन्होंने 'भुगतान करो या सत्ता छोड़ो' और 'ठग बेईमानों भारत छोड़ो' के नारे भी लगाए।

# बिजलीघर पर रखा ट्रांसफार्मर हुआ खराब, नहीं मिली विद्युत आपूर्ति



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

जसराना। कस्बा जसराना को विद्युत आपूर्ति देने के लिए बिजलीघर पर रखे ट्रांसफार्मर के खराब होने से पूरे कस्बे बुधवार की सायं से बृहस्पतिवार की सायं तक आपूर्ति भंग रही। भीषण गर्मी में लोग परेशान रहे। घरों में लगे इंवर्टर जबाब दे गए। बिजली के अभाव में पानी को भी लोग तरसते रहे। हालांकि विभागीय अधिकारियों ने जसराना देहात फीडर से लाइन जोडकर एक घंटे तक आपूर्ति चालू कराई। सुबह से लेकर सायं तक कर्मचारी ट्रांसफार्मर को सही करने में लगे रहे। जसराना टाउन बिजलीघर पर पूरे कस्बे को आपूर्ति देने के लिए पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। बुधवार की शाम अचानक ट्रांसफार्मर में खराबी आने से आपूर्ति भंग हो गई। देर रात तक अवर अभियंता एवं अन्य कर्मचारी ट्रांसफार्मर को सही करने में लगे रहे। कामयाबी नहीं मिलने पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। बृहस्पतिवार की सुबह ही अन्य तकनीशियन बिजलीघर पहुंचे और सायं तक सही करने में लगे रहे। इस दौरान पूरी रात एवं बृहस्पतिवार को दिन में कस्बे में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही। लोगों के घर में लगे इंवर्टर रात में जबाब दे गए। लोग मोबाइल चार्ज करने के लिए भी भटकते दिखाई दिए। विद्युत आपूर्ति के अभाव में कस्बा के लोग एक-एक बूंद पानी को तरसते रहे। लोगों ने कहा भीषण गर्मी में घरों में मौजूद महिलाओं एवं बच्चों का बुरा हाल है।

# डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने किया जनपद का दौरा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । जनपद में गुरुवार को आगरा रेंज के डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने फिरोजाबाद का पहला दौरा रहा इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन में अधिकारियों के साथ बैठक भी की।डीआईजी ने एसएसपी सौरभ दीक्षित के साथ पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। अपराध समीक्षा बैठक में उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। थानों के टॉप-10 अपराधियों और संगठित गिरोहों पर कार्रवाई करने को कहा।वहीं महिला संबंधी अपराधों में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के समय पर निपटारे पर जोर दिया। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत चोरों, लुटेरों, मादक पदार्थ तस्करों और वारंटी अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाने को कहा। डीआईजी ने पुलिस आरक्षी भर्ती के लिए चल रहे चिकित्सीय परीक्षण की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान एसपी सिटी, एसपी ग्रामीण और सभी सर्किल के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरे के दौरान उन्होंने नालबंद पुलिस चौकी पर उन्होंने पीस कमेटी की बैठक की। सभी धर्मों के धर्मगुरुओं और प्रमुख नागरिकों से मिले। आने वाले त्योहारों में शांति बनाए रखने की अपील की। व्यापारियों और आम नागरिकों की समस्याएं भी सुनीं।

## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पदाधिकारियों ने जन समस्याएं सुनी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

फिरोजाबाद। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने दबरई स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर सम्मानित जनता की समस्याओं को सुना और उसका प्रभावी निराकरण कराने का प्रयास किया। इस मौके पर चिकित्सा, पुलिस, आर्थिक सहायता पेंशन, राशन कार्ड, बिजली विभाग, नगर निगम से संबंधित समस्याओं के निदान के लिए तत्काल संबंधित अधिकारियों से बात करके कार्यबाही करवाई।

# पुराने विवाद को लेकर तोड़ी दुकानों की टीनशैड, दी तहरीर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



फिरोजाबाद/टूंडला। थाना नगला सिंघी क्षेत्रांतर्गत गांव घुरुकुआ में बीती रात पुराने पारिवारिक विवाद को लेकर मार्केट के दुकानों की टीनशैड तोड़ दी गई। मार्केट में 26 दुकानें बनी हुई है। जिसमें दो दुकानों की छत तोड़कर सारा सामान तोड़फोड़ दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पीड़ित चन्द्रपाल पुत्र लाज्जाराम निवासी घुरुकुआ थाना नगला सिंघी ने बताया कि घुरुकुआ में मेरी 26 दुकानें बनी हुई है। जोकि बीती रात करीब 2 बजे सारी दुकानो के टीन शेड तोड़ दिये गये है।और दो दुकानों की छत तोड़कर सारा सामान भी तोड़ दिया है। जिसमे एक दुकान कॉस्मेटिक्स की है और एक डॉक्टर की है दोनों दुकान किराये पर है। एक हलवाई की दुकान का सामान जिसमें काउंटर, ठेला, दो तख्त तोड़ दिये हैं। उनमें एक दुकान टैण्ट की है जिसकी टेबल व जनरेटर तोड़ दिया है। जब हम सुबह अपनी दुकान पर पहुचे तो हमने देखा कि ये लोग दुकान तोड़ना बन्द हो गये और हम से गाली गलौज करने लगे। जब हम छत पर चढ़ कर गये तो हमको धमकी दी कि यहॉं से चले जाओ नही तो हम दुकान तो तहस नहस कर ही रहे है। तुमको भी जान से मार देंगें। थानाध्यक्ष नगला सिंघी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पारिवारिक विवाद है। तहरीर के आधार पर चौदह अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पहलगांव में हुए नरसंहार को लेकर अधिवक्ताओं ने लगाए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद/टूंडला। गुरुवार को बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जम्मू कश्मीर के अंदर पहलगॉंव में निर्दयी तरीके से पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 27 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी, उन पर्यटकों का कसूर यह था कि वह हिंदू थे इस प्रकार का जघन्य अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बार एसोसिएशन टूंडला ने एक जुलूस तहसील प्रांगण में निकला जिसमें पाकिस्तान मुदार्बाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद, आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाए गए और राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी अनुराधा सिंह को ज्ञापन सौंपा। सीताराम एडवोकेट ने कहा पहलगॉंव में जो जगन्य कृत्य हुआ है व निर्दोष पर्यटक हिंदुओं पर गोलियां चलाई गई उसकी मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। आतंकवादियों के आका जो पाकिस्तान में बैठे हुए हैं उनको भी खबरदार करता हूं होश में आ जाओ और भारत सरकार से निवेदन करता हूं कि इस कृत्य के लिए पाकिस्तान आतंकवादियों के खिलाफ को कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये। जिससे भविष्य में इस प्रकार का अपराध करने से पहले 100 बार सोचें।इस मौके पर बार एसोसिएशन टूंडला के सभी अधिवक्ता, बैनामा लेखक, स्टांप वेंडर व टाइपिस्ट रहे। जिनमें मुख्य रूप से अध्यक्ष भंवर सिंह सोलंकी एडवोकेट, नरसिंह पाल एडवोकेट, धीरेंद्र शर्मा एडवोकेट, दिलीप पचोरी एडवोकेट, टीकम सिंह एडवोकेट, मुकेश सोलंकी, उमाशंकर एडवोकेट, महेश दादा एडवोकेट, मुकेश बाबू यादव, महेश चंद्र एडवोकेट,प्रेम शंकर ओझा एडवोकेट, राजीव झा, चोब सिंह आर्य एडवोकेट एडवोकेट, दुर्गेश मल्होत्रा एडवोकेट, अखंड प्रताप एडवोकेट एडवोकेट, बीपी सिंह एडवोकेट, राजेश यादव एडवोकेट सहित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता रहे।

# आतंकवादियों की कायराना हरकत से प्रदेश ने अपना बेटा खोया: मुख्यमंत्री



- मुख्यमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत दिनेश मिरानिया के पार्थिव शरीर को दिया कंधा,अंतिम संस्कार में शामिल होकर दी श्रद्धांजलि

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

रायपुर(छत्तीसगढ़) ।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दिवंगत प्रदेश के कारोबारी दिनेश मिरानिया के अंतिम संस्कार में शामिल होकर पार्थिव शरीर को कंधा दिया ।उन्होंने स्वर्गीय दिनेश मिरानिया के पार्थिव देह पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।श्री साय ने शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया ।उन्होंने कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया ।श्री साय ने कहा कि स्वर्गीय श्री मिरानिया के पावन स्मृतियों को सहेजने और चिर स्थायी बनाने लिए सरकार किसी सड़क या चौक को उनके नाम पर करने की बात कही ।श्री साय ने कहा कि आतंकवादियों की इस कायराना हरकत ने देश की आत्मा पर चोट किया है ।पूरे प्रदेश के लिए भी यह दुख और पीड़ा का क्षण है। घिनौनी आतंकवादी घटना में प्रदेश ने अपना एक बेटा खो दिया है ।उन्होंने कहा कि धारा 370 हटने से जम्मू कश्मीर में शांति स्थापित हुई,जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिला और घाटी के विकास को गति मिली थी ।आतंक-वादियों ने पर्यटकों के जरिए कश्मीर और देश को अस्थिर करने की कोशिश की है ।उन्होंने कहा कि पूरा देश एकजुटता के साथ इस अमानवीय कृत्य का बदला लेगा ।श्री साय ने कहा कि पाकिस्तान के शह पर हुई इस हमले का अंजाम उसे भुगताना पड़ेगा।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा,वित्त मंत्री ओपी चौधरी,केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, विधायक किरण देव,विधायक राजेश मूणत और नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।

# जमुई डीएम ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



जमुई कार्यालय ।डीएम अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में राजस्व विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यों को अभियान के तौर पर सफल बनाने के लिए बैठक हुई ।डीएम ने बताया कि मुंगेर आयुक्त से प्राप्त निदेश के आलोक में अंचल स्तर पर संचालित विभिन्न कार्यों यथा ऑनलाइन जमाबंदी में अंतिम लगान का विवरण दर्ज करने,ऑनलाइन जमाबंदी का मूल जमाबंदी से मिलान कर अशुद्धियों को दूर करना तथा छूटे हुए जमाबंदी को ऑनलाइन करना,डिजिटाइजेशन के क्रम में लॉक जमाबंदी को अनलॉक करना,सरकारी भूमि का सत्यापन,अभियान बसेरा-2 के कार्यों को सफल बनाने हेतु कैम्प मोड में कार्यों का अन्तिम निष्पादन का निर्देश डीसीएलआर तथा संबंधित अंचल अधिकारी को दिया गया ।मौके पर डीएम ने सम्बंधित वरीय अधिकारी को सभी अंचलों का निरीक्षण किये जाने का निदेश दिया गया है ताकि कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जा सके ।उन्होंने को भूमि सुधार उप समाहर्त्ता को निर्देशित किया कि संबंधित अंचल में जॉच कर प्रतिवेदन जिला राजस्व शाखा में समर्पित करेंगे ।जिन कार्यालय में अपेक्षित प्रगति नहीं पायी जाती है तो उन कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव समर्पित करेंगे ।साथ ही अभियान बसेरा-2 के तहत पर्चा निर्गत करने हेतु अभिलेख की स्वीकृति लंबित है तो वैसे सभी अभिलेखों के निष्पादन हेतु अपने कार्यालय में कैम्प लगाएं एवं एक सप्ताह के अन्दर सभी लंबित प्रस्ताव को स्वीकृत करेंगे ।वहीं जिलाधिकारी के द्वारा कहा गया कि सर्वेक्षित भूमिहीन परिवारों के प्रति असंवेदनशीलता स्वीकार नहीं की जायेगी ।भूमि सुधार उप समाहर्ता मो.तारिक रजा समेत सभी सीओ बैठक में उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ में निवेश के असीम अवसर, वाणिज्य मंत्री ने मुंबई में उद्योगपतियों से किया संवाद

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



रायपुर(छत्तीसगढ़) ।छत्तीसगढ़ के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन आज मुंबई में आयोजित इंडिया स्टील 2025 सम्मेलन में शामिल हुए ।इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ को इस्पात उत्पादन और औद्योगिक निवेश के लिए तेजी से उभरता हुआ गंतव्य बताया ।मंत्री श्री देवांगन ने इस्पात क्षेत्र में राज्य सरकार की नीति, पारदर्शिता और प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी दी और देश-विदेश के निवेशकों से राज्य के औद्योगिक विकास में साझेदार बनने का आह्वान किया।

# वादों के निपटान के लिए करें लचीला रुख अख्तियार: सचिव

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



जमुई कार्यालय। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर आगामी 10 मई को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार नामित अदालत को सफल बनाने के लिए जुट गया है ।सचिव राकेश रंजन ने व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित न्याय सदन के प्रशाल में सरकारी विभागों के पदस्थों के संग बैठक कर उन्हें ज्यादा से ज्यादा वादों को निपटाने के लिए यथोचित प्रयास किए जाने का संदेश दिया ।उन्होंने पक्षकारों को नोटिस जारी किए जाने पर बल देते हुए कहा कि प्रचार-प्रसार के जरिए उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन की जानकारी दें और वादों के निस्तारण में लचीला रुख अपनाएं। आम जनों को ज्यादा से ज्यादा राहत दें ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत का मकसद सफल हो सके ।वन,बिजली,श्रम,माप-तौल,खनन आदि विभागों के ओहदेदारों ने बैठक में हिस्सा लिया और 10 मई को निर्धारित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने का संकल्प लिया।

उधर राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सघन प्रचार-प्रसार जारी है ।पक्षकारों को तिथि की जानकारी दी जा रही है ताकि वे अपने वादों का सुगमता से निपटान करा सकें।

# चित्तौड़गढ़ में बैंक में डकैती की योजना बनाते पांच बदमाश गिरफ्तार

## बेगूं कस्बे में स्थित एसबीआई बैक के गार्ड को बन्धक बना डकैती की बना रहे थे योजना

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

जयपुर(राजस्थान) ।चित्तौड़गढ़ जिले के कस्बा बेंगू मे स्थित एसबीआई बैक के गार्ड को बन्धक बना कर बैक डकैती की योजना बनाते पुलिस ने चोरी,नकबजनी,लूट व डकैती करने वाली अन्तर्राज्यीय गैग के 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है ।इनसे वारदात मे प्रयुक्त चोरी की दो मोटरसाईकिल,दो तलवारे,एक छुर्री,एक रस्सी,लाल मिर्च पाउण्डर व एक नकब (टॉमी)जब्त की गई हैं ।एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि गैग की गिरफ्तारी से चित्तौड़गढ के थाना बेगू,पारसोली, भैसरोडगढ-,भीलवाडा के थाना माण्डलगढ, बिजौलिया,बिगोद,रायपुर,शाहपुर-ा,अजमेर के थाना बिजयनगर व मध्यप्रदेश के जिला नीमच के थाना रतनगढ व सिगोंली मे अलग-अलग स्थानों से की गई चोरी, नकबजनी,लूट व डकैती की डेढ दर्जन से अधिक वारदातो का खुलासा हुआ है। एसपी जोशी ने बताया कि बुधवार रात एसएचओ शिवलाल मीणा को सूचना मिली कि कस्बा बेगू मे स्थित एसबीआई बैंक मे डकैती डालने 5-6 व्यक्ति योजना बना रहे है ।सूचना पर टीम तुरन्त नीलकण्ठ महादेव मन्दिर के सामने पहुंची,जहां रावला बावड़ी के पीछे बनी 10 फीट ऊंची दीवार की ओट मे छिप कर 5 बदमाश कस्बा बेंगू स्थित एसबीआई बैक के गार्ड को बन्धक बनाकर डकैती करने की बातें कर रहे थे। एसएचओ मीणा मय जाप्ता द्वारा चारों और से घेर कर डकैती की योजना



बना रहे कुल पांच बदमाशो को पकड़ चोरी की दो बाइक,मिर्ची पाउडर,रस्सी,लोहे की टॉमी, धारदार छुर्री,लोहे की धारदार दो तलवारे जब्त की ।आरोपियों को गुरुवार को कोर्ट मे पेश कर दो दिन का पीसी रिमाण्ड प्राप्त किया गया ।बताते चलें कि सभी आरोपी चोरी,नक-बजनी,लूट,डकैती करने के आदी है ।अब तक की पूछताछ में राजस्थान के चित्तौड़गढ,भीलवाड़ा,अजमेर व मध्यप्रदेश के जिला नीमच मे चोरी,नकबजनी,लूट व डकैती की कुल 19 वारदाते करना कबूल किया है ।आरोपियों से गहनता से पूछताछ जारी है,अन्य वारदातो के भी खुलने की सम्भावना है ।मौके से प्रेमचन्द कंजर पुत्र पन्नालाल(20)निवासी दुधीतलाई थाना बिजयपुर,राजू कंजर पुत्र कुंचा(22) निवासी रावडदा थाना बेगूं,सुनील कंजर पुत्र गरूडीया(35)निवासी मण्डावरी थाना बेगूं,बॉबी देओल पुत्र हंसराज उर्फ हंसिया कंजर(20)व हिम्मतिया कंजर पुत्र काना निवासी मण्डावरी थाना बेगूं को गिरफ्तार किया गया है ।हिम्मतिया कन्जर के विरूद्व नकबजनी,लूट,अवैध हथियार रखने अवैध शराब व वन्य अधिनियम सहित कुल 6 प्रकरण,प्रेमचन्द कंजर के विरूद्व लूट का एक प्रकरण,सुनील कंजर के विरूद्व चोरी, नकबजनी,लूट एवं डकैती,जेल से फरारी सहित कुल 15 प्रकरण एवं बॉबी देओल कंजर के विरूद्व चोरी,नकबजनी,लूट के कुल 4 आपराधिक प्रकरण पूर्व से दर्ज हो चालान न्यायालय मे पेश किया गया है।

आरोपी अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर दिन के समय सुनसान जगह पर अकेले महिला को देखकर उसके साथ लूट की वारदात को अंजाम देते है ।रात के समय मकानो के ताले तोड़ कर नकबजनी करते है व भीड़भाड़ वाले स्थानो से रैकी कर बाइक चोरी करते है ।ज्वेलर्स की दुकानो की रैकी कर उनका पीछा कर सुनसान जगह पर राहगीरो को रोककर लूट की वारदात करते है।

## खेल

## न्यूज ब्रीफ

### अनिमेष का 200 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड, चित्रावेल ने त्रिकूद में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की

**कोच्चि (एजेंसी)** ओडिशा के धावक अनिमेष कुजूर ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन 200 मीटर दौड़ में 20.40 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। पुरुष 100 मीटर के रजत पदक विजेता 21 साल के कुजूर ने अमलान बोरगोहेन के 20.52 सेकेंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने 2022 में बनाया था। रिलायंस का प्रतिनिधित्व कर रहे बोरगोहेन 20.80 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कुजूर हालांकि 20.16 सेकेंड के विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग स्तर से पीछे रहे जो किसी भारतीय 200 मीटर धावक के लिए काफी मुश्किल लक्ष्य है। कुजूर ने हालांकि एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा तय 20.53 सेकेंड के स्तर से बेहतर प्रदर्शन किया। पुरुष त्रिकूद में प्रवीण चित्रावेल ने 17.37 मीटर के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की और इस साल तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। जेएसडब्ल्यू का प्रतिनिधित्व कर रहे तेइस साल के चित्रावेल ने अपने तीसरे प्रयास में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करने वाली कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इससे पहले मई 2023 में क्यूबा के हवाना में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। चित्रावेल इस दौरान सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के 17.22 मीटर के क्वालीफाइंग स्तर को भी हासिल करने में सफल रहे। वायुसेना के अब्दुल्ला अबुबाकर 16.99 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे जबकि मोहम्मद मुहासिन ने 16.28 मीटर के प्रयास से तीसरा स्थान हासिल किया।

# चेन्नई और हैदराबाद के बीच होगी उम्मीद जीवंत रखने की जंग

**चेन्नई (एजेंसी)** चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी उम्मीद जीवंत रखने की रोचक जंग देखने को मिलेगी।

इन दोनों टीमों का वर्तमान सत्र में अभी तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। इन दोनों टीमों के आठ मैच में चार अंक हैं और अगर उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद को बनाए रखना है तो उन्हें अपने सभी मैच जीतने होंगे।

चेन्नई की टीम को घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए जाना जाता है लेकिन इस बार उसे यहां मुंह की खानी पड़ रही है। उसकी टीम अभी तक यहां के विकेट का सही अनुमान लगाने में नाकाम रही है। चेन्नई ने स्पिनर नूर अहमद की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस को हराकर अपने अभियान की अच्छी शुरूआत की थी लेकिन इसके बाद उसकी लय गड़बड़ा गई और उसे अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा।

यही नहीं उसकी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 103 रन ही बना पाई जो उसका अपने घरेलू मैदान पर न्यूनतम स्कोर भी है। चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग यहां की पिच को लेकर खुलेआम अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं। यहां का विकेट स्पिनरों के लिए मददगार माना जाता है लेकिन इस बार यहां तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही है। चेन्नई का अपने मैदान से इतर और अन्य स्थानों पर भी अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है तथा उसने दूसरे मैदानों पर खेले गए चार मैच में से केवल एक मैच जीता है।

इस बार उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं तथा नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से उसकी समस्याएं बढ़ी हैं।

महेंद्र सिंह धोनी की पूर्णकालिक कप्तान के रूप में वापसी हुई है और घुटने की परेशानी के बावजूद कप्तान के रूप में उनके फैसले काफी मायने रखते हैं। डेथ ओवरों की उनकी बल्लेबाजी तथा मैच के महत्वपूर्ण मोड़ पर लिए जाने वाले फैसले टीम को वापसी दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

चेन्नई के लिए 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे का टीम से जुड़ना अच्छा संकेत है। इस युवा बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया था। चेन्नई ने अपने बल्लेबाजी विभाग को मजबूत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को भी अपनी टीम से जोड़ा है। सनराइजर्स की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। उसकी टीम ने भी शानदार शुरूआत की थी लेकिन इसके बाद उसे अपनी अति आक्रामकता भारी पड़ने लगी। पिछले सत्र में उसकी सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की विस्फोटक सलामी जोड़ी इस बार नहीं चल पा रही है जिससे टीम के मध्य क्रम की कलई भी खुल गई है।

# टेस्ट क्रिकेट के 150 साल की दास्तान है नयी किताब में

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** क्रिकेट के पारंपरिक स्वरूप पर एक नयी किताब टेस्ट क्रिकेट : अ क्रिस्टी में 1877 से टेस्ट क्रिकेट की शुरूआत के बाद से अब तक खेल में आये बदलावों और खिलाड़ियों के संस्मरणों को कलमबद्ध किया गया है । हैशे द्वारा प्रकाशित टिम विगमोर की किताब में महान क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, पैट कमिंस, माइकल होल्डिंग, मुथैया मुरलीधरन, केविन पीटरसन , इयान चैपल और डेल स्टेन के इंटरव्यू भी हैं ।

प्रकाशक ने एक बयान में कहा , बॉडीलाइन से बैजबॉल तक , वेस्टइंडीज क्रिकेट का सुनहरा दौर, शेन वॉर्न से इयान बॉथम तक पाठकों को टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के बारे में जानने को मिलेगा । टेलिग्राफ के पुरस्कार प्राप्त क्रिकेट संवाददाता ने




क्रिकेटप्रेमियों के लिये खेल के इतिहास की यह सौगात एक ही किताब में दी है। पहला आधिकारिक टेस्ट मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 15 से 19 मार्च 1877 को आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला गया था जिसमें आस्ट्रेलियाई टीम विजयी रही । यह किताब आनलाइन और आफलाइन स्टोर पर बिक्री के लिये उपलब्ध है ।

# खेल मंत्री की प्रत्येक खेल में उत्कृष्टता केंद्र बनाने की योजना

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि वह ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन में सुधार सुनिश्चित करने और 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दावेदारी को मजबूत करने के लिए अगले दशक में कारपोरेट जगत की मदद से प्रत्येक खेल के लिए उत्कृष्टता केंद्र तैयार करने की योजना बना रहे हैं।

मांडविया ने प्रमाणपत्रों को डिजिटल रूप देकर खिलाड़ियों के लिए रिकॉर्ड रखने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए सरकार की प्रमुख डिजिलॉकर पहल की शुरूआत के अवसर पर यह घोषणा की। मांडविया ने कहा, मेरा लक्ष्य अगले 10 वर्षों में प्रत्येक खेल के लिए एक ओलंपिक केंद्र या उत्कृष्टता केंद्र बनाना है। देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

वर्तमान में भारत में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा संचालित 23 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र हैं। इनमें से केवल तीन केंद्र ही ऐसे



हैं जो किसी एक खेल के लिए समर्पित हैं। इन खेलों में मुक्केबाजी (रोहतक), तैराकी (दिल्ली) और निशानेबाजी (दिल्ली) शामिल हैं। इस तरह के अधिकतर केंद्र पटियाला और बेंगलुरु में हैं जिनसे कई खेल जुड़े हैं। खेल मंत्री ने कहा, मैंने जापान, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और यहां तक कि यूरोप के मॉडल को समझने की कोशिश की है। मैंने यह सीखने की कोशिश की है कि कैसे हमसे छोटे देश ओलंपिक में हमसे बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हैं।

उन्होंने कहा, एक कॉर्पोरेट एक ओलंपिक केंद्र का खर्च उठाएगा तथा सर्वश्रेष्ठ कोचिंग प्रदान करेगा और शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के लिए सर्वोत्तम प्रदर्शन की योजना तैयार करेगा। मंत्री ने कहा कि पूरी योजना को राष्ट्रीय महासंघों के साथ मिलकर क्रियान्वित किया जाएगा।

उन्होंने कहा, यह एक संयुक्त प्रयास होगा। प्रति महासंघ एक कॉर्पोरेट। वे आपका हाथ थामेंगे। महासंघ और मंत्रालय को समन्वय, परामर्श और मिलकर काम करना होगा। उन्होंने विस्तार से बताए बिना कहा, ओलंपिक में पिछड़ने का कोई कारण नहीं है। अतीत में, हम अपनी कमजोरियों को जानते थे लेकिन उन्हें सुधार नहीं पाए। भारत का ओलंपिक में प्रदर्शन अभी तक अपेक्षित नहीं रहा है। उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तोक्यो ओलंपिक में सात पदक रहा है, जिसमें एथलेटिक्स में पहला स्वर्ण पदक भी शामिल है।

# कोहली से फीडबैक मिलना अद्भुत अहसास: वढेरा

**कोलकाता (एजेंसी)** पंजाब के युवा खिलाड़ी निहाल वढेरा को तब पता चला कि विराट कोहली उन्हें उनके नाम से जानते हैं तो उनके लिए यह अद्भुत अहसास था और जब उन्हें अपने खेल पर इस महान क्रिकेटर से ही ह्यफीडबैकह्न मिला तो उनका दिन ही बन गया।

बारिश से प्रभावित मैच में पंजाब किंग्स की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर मिली पांच विकेट की जीत के दौरान नाबाद 33 रन की विजयी पारी खेलने वाले बढेरा ने कहा कि मैच से पहले जब कोहली ने उन्हें पहचाना तो वह भौंचक्के रह गए। वढेरा ने कहा, जब मैच से पहले विराट भाई श्रेयस अय्यर से बात कर रहे थे और उन्होंने पंजाबी में पूछा की हाल चाल, निहाल (कैसे हो निहाल?)। मैं सचमुच चौंक गया था। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद नहीं थी कि उन्हें मेरा नाम याद होगा। इससे मुझे बहुत खुशी हुई।

वढेरा ने कहा कि उस पल ने उनके लिए बातचीत की शुरूआत की जिसका वह लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।






उन्होंने कहा, पिछले साल तक मैं तिलक वर्मा हो या सूर्या भाई (सूर्यकुमार यादव), सभी से कहता था कि मैं एक बार विराट भाई से बात करना चाहता हूं। मुंबई इंडियंस के पूर्व बल्लेबाज ने कहा, जब मुझे पता चला कि विराट भाई मेरा नाम जानते हैं तो मैं उनके पास जाकर बातचीत कर सकता था।

मैच के बाद उन्होंने मौका मिलते ही अपने खेल के बारे में कोहली से फीडबैक लिया और फिर उन्हें फोटो लेते हुए देखा गया।

वढेरा ने कहा, जैसे ही मैच खत्म हुआ, मैं उनके पास गया और पूछा, विराट भाई, आपने मुझे पिछले दो साल से देखा है और इस साल भी, आपको क्या लगता है?

कोहली ने वढेरा के शॉट चयन और संयम की प्रशंसा की। वढेरा ने कहा, उनके शब्दों ने मेरे भरोसे को मजबूत किया और मुझे यह समझने में मदद की कि खेल को बेहतर तरीके से कैसे अपनाया जाए।

आरसीबी के खिलाफ मैच के बाद युवराज सिंह ने भी वढेरा को फोन किया। उन्होंने कहा, उनके शब्द मेरे लिए सुनहरे शब्दों की तरह थे। उन्होंने मुझे टिप्स दिए। मुझे बताया कि मैं कैसे एक कदम आगे जा सकता हूं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं

वढेरा ने मुंबई इंडियंस में फ्लोटर से शुरूआत की और अब पंजाब किंग्स के लिए मध्यक्रम में खेलना उनके अंदर हुए बदलाव को दशार्ता है। उन्होंने 2023 में मुंबई इंडियंस के साथ अपने पदार्पण सत्र में जोफ्रा आर्चर का सामना किया था।

वढेरा ने कहा, जब मैंने आर्चर के खिलाफ बल्लेबाजी की तो मेरे आत्मविश्वास को बल मिला।

नई दिल्ली, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

# नेशनल एक्सप्रेस


हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



''आपने देखा होगा, कल इसके ताबूत पर अंतिम कील ठोंकने की शुरुआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक में जो निर्णय लिए गए हैं...।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।




# मोदी के नेतृत्व पर विश्वास करे पूरा देश, पहलगाम के गुनहगारों को जरूर मिलेगी सजा: आदित्यनाथ

**कानपुर** (उप्र), (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूरे भारत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास करना चाहिए और पहलगाम में पर्यटकों पर हमला करने वाले आतंकवादियों को सजा जरूर मिलेगी।



पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए कानपुर के युवक शुभम द्विवेदी के परिजन से मुलाकात करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहलगाम हमला एक क्रूर और कायराना हरकत है तथा कोई भी सभ्य समाज इसे स्वीकार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर पूरे भारत को विश्वास करना चाहिए। सरकार की आतंकवाद के प्रति नीति 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की है और वह प्रभावी ढंग से आतंकवाद को नेस्तनाबूद करेगी। आतंकवाद अपनी आखिरी सांस ले रहा है।

आदित्यनाथ ने कहा, ''आपने देखा होगा, कल इसके ताबूत पर अंतिम कील ठोंकने की शुरुआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक में जो निर्णय लिए गए हैं...। गृहमंत्री ने स्वयं उन क्षेत्रों का दौरा किया और आगे की रणनीति के साथ ही आतंकवाद और उग्रवाद के खात्मे की नई पहल के लिए अब पूरा भारत आगे बढ़ा है।''

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, ''डबल इंजन की भाजपा सरकार आतंकवादियों पर दायर मुकदमे वापस नहीं लेती और ना ही वहां अपना वोट बैंक देखती है। सरकार पूरी सख्ती से आतंकवादियों को कुचलेगी और हर व्यक्ति इसे देखेगा।''

इसके पूर्व, आदित्यनाथ ने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी के परिजन से मुलाकात की।

उन्होंने कहा, ''मैंने अभी शुभम द्विवेदी के परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात की है। उनके पूज्य पिता से मेरी कल भी बात हुई थी और रात्रि में ही उनका पार्थिव शरीर यहां आया। परिवार दुखी है। शुभम द्विवेदी परिवार के एकमात्र पुत्र थे और दो महीने पहले ही उनकी शादी हुई थी। मैं दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करता हूं। परिवार के लोगों के प्रति हमारी पूरी संवेदना है।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों ने मां-बहनों के साथ जिस तरह से बर्बरता करते हुए उनके सामने ही उनके सिंदूर उजाड़ दिए, इसी प्रकार से आतंकवादियों और उनके आकाओं को भी सजा जरूर मिलेगी। ''उसमें कोई संदेह किसी को नहीं होना चाहिए। हमारी डबल इंजन की सरकार पूरे परिवारों के साथ खड़ी है।''

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार, 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में कानपुर निवासी 31 वर्षीय कारोबारी शुभम द्विवेदी की मौत हो गई थी। उनके पार्थिव शरीर का आज सुबह अंतिम संस्कार किया गया।

# अटल इच्छा शक्ति और निरंतर प्रयास से असंभव कार्य को भी सम्भव किया जा सकता है: मंत्री नन्दी

- नन्दी ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में टॉप करने वाली शक्ति दुबे को उनके घर जाकर किया सम्मानित
- जरूरी ये नहीं है कि हमें विरासत में क्या मिला है, जरूरी ये है हम विरासत में क्या छोड़ जाते हैं

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रयागराज के साथ ही पूरब का ऑक्सफोर्ड कहे जाने वाले इलाहाबाद यूनिवर्सिटी का नाम पूरे भारत में रोशन करने वाली प्रयागराज की बेटी शक्ति दुबे को उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी एवं प्रयागराज की पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने आज मामा भांजा तालाब नैनी स्थित उनके घर पर जाकर सम्मानित किया। ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर परिवार के साथ ही प्रयागराज का नाम रोशन करने के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उज्जवल भविष्य की कामना की।

मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रयागराज के एक सामान्य परिवार की बिटिया ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर यह साबित कर दिया कि अगर ठान लिया तो कुछ भी असम्भव नहीं है। मंत्री नन्दी ने शक्ति दुबे को बेटियों एवं युवाओं के लिए रोल मॉडल बताया। इस अवसर पर आईएएस टॉपर शक्ति दुबे की मां श्रीमती प्रेमा देवी एवं पिता एसपी ट्रैफिक के पेशकार एसआई देवेंद्र दुबे को भी मंत्री नन्दी एवं प्रयागराज की पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने सम्मानित किया।


मंत्री नन्दी ने कहा कि वे प्रतिभा का बहुत सम्मान करते हैं। पिछले करीब 17 वर्षों से वे प्रतिभावन विद्यार्थियों को सम्मानित करते चले आ रहे हैं। मंत्री नन्दी ने कहा कि जरूरी ये नहीं है कि हमें विरासत में क्या मिला है, जरूरी ये है कि हम विरासत में क्या छोड़ जाते हैं। जिस रास्ते पर चलने का प्रण किया है, उस पर चलते हुए सफलता जरूर मिलती है। मंत्री नन्दी ने कहा कि घर की, परिवार की और समाज की ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेष की बेटियां जब आगे बढ़ती हैं, नाम रौशन करती हैं तो हर किसी को उन पर नाज होता है।मंत्री नन्दी ने शक्ति दुबे के परिजनों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि शक्ति ने एसएमसी घूरपुर से इंटर की पढ़ाई की। इसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएससी बायो किया और फिर आगे की पढ़ाई करने वाराणसी चली गई। पिता देवेंद्र दुबे ने बताया कि शक्ति ने आईएएस बनने का लक्ष्य शुरू से बना रखा था। प्रथम तीन प्रयास में वह प्री भी नहीं निकाल सकी। चौथे प्रयास में इंटरव्यू तक पहुंच सकी। लगातार चार बार असफलता मिलने के बाद भी आत्मविश्वास टूटने नहीं दिया। पांचवी कोशिश में शक्ति ने जो हासिल किया आज पूरा देश देख रहा है।

मंत्री नन्दी ने शक्ति दुबे को बधाई देते हुए कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आप एक सिविल सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों का निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करते हुए देश के उज्जवल भविष्य के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगी। मंत्री नन्दी ने हर सम्भव मदद का वादा किया।

## रायपुर सांसद बृज मोहन अग्रवाल से नेशनल एक्सप्रेस समूह संस्थापक ने छत्तीसगढ़ में संस्करण हेतु चर्चा की

# शीघ्र ही प्रारंभ होगा रायपुर से प्रकाशन : विपिन गुप्ता





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विगत सप्ताह रायपुर छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल को दिल्ली आवास में देश की लोकप्रिय धार्मिक मासिक पत्रिका ₹गुरु गोविंद दर्शन₹ व नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह के संस्थापक, तथा भारतीय मतदाता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ,भारत विकास परिषद वरिष्ठ उपाध्यक्ष दक्षिणी दिल्ली प्रांत के विपिन गुप्ता ने विगत सप्ताह छत्तीसगढ़ भवन में रायपुर के सांसद और छत्तीसगढ़ सरकार के भूतपूर्व कैबिनेट मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल से छत्तीसगढ़ एवं देश के वर्तमान समय के राजनीतिक हालात पर चर्चा की साथ ही देश भर के वैश्य अग्रवाल समाज के संगठनों को एकजुट होकर अपनी राजनीतिक हैसियत को और बढ़ा कर अग्र वैश्य समाज को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली बनाने संबंधी विषयों पर गंभीर चर्चा की।

इस अवसर पर असम के पूर्व राज्यपाल श्री जगदीश मुखी के राजनीतिक सलाहकार तथा वर्तमान में श्री बृजमोहन अग्रवाल के प्रमुख सलाहकार तथा ₹नमो इंपैक्ट ₹ चैनल के संस्थापक अतुल सिंघल, तथा सांसद टीवी के वरिष्ठ पत्रकार अमरेंद्र गुप्ता भी मौजूद रहे। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने विपिन गुप्ता के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आपका बहुत सटीक व निर्भीक खबरों के कारण , व बेबाक लेख छापने से समाचार पत्र की लोकप्रियता बढ़ी है,आप का समाचार पत्र रायपुर से भी शीघ्र ही प्रारंभ हो ऐसा प्रयास करना चाहिए, हमारा भी उसमें आशीर्वाद होगा ।जिससे आपको रायपुर में पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन मिले और आप रायपुर जाकर पुनः अपने नेशनल एक्सप्रेस का प्रकाशन प्रारंभ कर सकें। विदित हो कि रायपुर (छत्तीसगढ़) से भी नेशनल एक्सप्रेस हिंदी साप्ताहिक का प्रकाशन विगत वर्षों २०१५ से होता रहा है किंतु कोरोना के बाद से तथा नेशनल एक्सप्रेस के विशेष सहयोगी एवं वैश्य वर्ल्ड फेडरेशन के कार्यवाहक अध्यक्ष तथा रायपुर की जाने-माने समाजसेवी पूर्व मेयर संतोष सिंघानिया के आकस्मिक निधन के बाद रायपुर संस्करण का प्रकाशन स्थगित कर दिया गया था। श्री विपिन गुप्ता वर्तमान में वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने विपिन गुप्ता को रायपुर का आमंत्रण देते हुए कहा कि आप देश भर में वैश्य अग्रवाल समाज की एकता के लिए जो काम कर रहे हैं वह वास्तव में प्रेरणादाई और अवस्मरणीय है।

## सिंधु जल संधि के तहत पानी रोकना युद्ध छेड़ने के समान: पाकिस्तान

**इस्लामाबाद,** (भाषा) पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को मिलने वाले पानी के प्रवाह को रोकने या परिवर्तित करने का कोई भी प्रयास युद्ध छेड़ने के समान माना जाएगा। इसके साथ ही उसने पहलगाम हमले के मद्देनजर देश के खिलाफ नयी दिल्ली की ओर से उठाए गए कदमों के जवाब में भारत के साथ व्यापार, शिमला समझौते समेत द्विपक्षीय समझौतों को स्थगित करने और हवाई क्षेत्रों को बंद करने की घोषणा की।

ये घोषणाएं प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद की गईं। शरीफ ने पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने और राजनयिक संबंधों को कमतर करने के भारत के कदमों पर उचित प्रतिक्रिया के संबंध में विचार करने के लिए सरकार के प्रमुख मंत्रियों और तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक की। राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया है, ''पाकिस्तान भारत के साथ सभी द्विपक्षीय समझौतों को स्थगित रखने के अधिकार का प्रयोग करेगा।

# पहलगाम हमला: दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के पास प्रदर्शन किया

नयी दिल्ली, (भाषा) पहलगाम आतंकवादी हमले के विरोध में यहां पाकिस्तान उच्चायोग के पास 500 से अधिक लोगों ने प्रदर्शन किया। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर सैलानी थे।




हाथों में तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए और पड़ोसी देश के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान पर भारत में आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने का आरोप लगाया।

प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता भी शामिल थे। साथ ही 'एंटी-टेरर एक्शन फोरम' जैसे कई सामाजिक संगठनों ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि उच्चायोग से करीब 500 मीटर की दूरी पर अवरोधक लगाए गए हैं और प्रदर्शनकारियों को वहीं रोक दिया गया।

'एंटी-टेरर एक्शन फोरम' के एक सदस्य ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''इससे पहले सरकार ने 'सर्जिकल स्ट्राइक' की थी। हम आतंकवाद को खत्म करने के लिए फिर से उसी तरह की कार्रवाई की मांग करते हैं। यह निर्दोष पर्यटकों पर एक शर्मनाक हमला था।'' उन्होंने कहा, ''हमें विश्वास है कि सरकार ने कोई योजना बनाई होगी।''

एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ निश्चित रूप से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

प्रदर्शनकारी ने कहा, ''हमें लगता है कि अब और 'सर्जिकल स्ट्राइक' की जरूरत है। आतंकवादियों द्वारा किया गया यह बहुत ही शर्मनाक कृत्य है। हर एक भारतीय को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।''

प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग की कि आगामी अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर जम्मू कश्मीर जाने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं।

एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा, ''अमरनाथ तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया पहले से ही जारी है और इस हमले से उनमें दहशत फैल गई है। कई श्रद्धालु अपनी योजनाएं रद्द कर रहे हैं। अब सख्त कार्रवाई तत्काल जरूरी है।''

कुछ प्रदर्शनकारियों ने उच्चायोग की दिशा में जुलूस निकालने के क्रम में अवरोधकों पर चढ़ने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया और वहां से हटा दिया।

इस बीच, कई संगठनों द्वारा प्रदर्शन का आह्वान किए जाने के बाद दिल्ली पुलिस ने उच्चायोग के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी।

# अयोध्या राम मंदिर द्वार पर कश्मीर में मारे गए हिंदुओं की हत्याओं पर ''विरोध प्रदर्शन'': डॉ. जौली

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

आज अयोध्या राम मंदिर में राम लला के दर्शन करने पहुंचे सैकड़ों राम भक्तों संग,वैश्विक भारत ब्रांड एम्बेसडर व अध्यक्ष दिल्ली स्टडी ग्रुप डॉ विजय जौली ने कश्मीर में मारे गए हिंदुओं की हत्याओं पर विरोध प्रदर्शन किया।डॉ जौली ने इस अवसर पर पाकिस्तान की घोर निंदा की। तथा 27 हिंदुओं की निशान देही उपरांत कश्मीर में हत्याओं को ''मानव नर संहार '' बताया । डॉ जौली ने इससे भारत व हिंदुओं के विरुद्ध पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों का खुला युद्ध कहा l उन्होंने कहा कि '' हम सब इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त हिन्दू परिवारों व मोदी सरकार के समर्थन में खड़े है।''सभी राम भक्तों ने अयोध्या राम मंदिर मुख्य द्वार पर डॉ जौली के भाषण के बाद मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा । इसके बाद सबने राम



लला के दर्शन किए। हम पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के कश्मीर में तुरंत मिलिट्री एक्शन द्वारा सफाई की मांग करते है।

## पाकिस्तान का बचाव करने के आरोप में एआईयूडीएफ विधायक गिरफ्तार

गुवाहाटी, (भाषा) पहलगाम आतंकवादी हमले में पाकिस्तान और उसकी संलिप्तता का कथित तौर पर बचाव करने के लिए असम में विपक्षी दल ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के विधायक अमीनुल इस्लाम को बृहस्पतिवार को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। इस बीच, एआईयूडीएफ ने अमीनुल इस्लाम की टिप्पणियों से किनारा करते हुए कहा है कि ये उनके निजी विचार हैं, पार्टी के नहीं। शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमने एक वीडियो देखा है, जिसमें एआईयूडीएफ विधायक पहलगाम हमले में पाकिस्तान और उसकी संलिप्तता का बचाव करते हुए नजर आ रहे हैं। मैंने पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था और डीजीपी ने मुझे सूचित किया है कि विधायक को गिरफ्तार कर लिया गया है।''

# महाराजा अग्रसेन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी कंप्यूटर विज्ञान में आकाश गर्ग ने UPSC में पांचवां स्थान हासिल किया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** महाराजा अग्रसेन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी कंप्यूटर विज्ञान में बीटेक के छात्र आकाश गर्ग (24) ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) में पांचवां स्थान हासिल किया है। वह दिल्ली से टॉप 5 में शामिल एकमात्र अभ्यर्थी हैं। ''मैं पढ़ाई के घंटों में नहीं, गुणवत्ता में यकीन करता हूं। मैंने लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई की, जिससे मुझे परीक्षा उत्तीर्ण करने में मदद मिली। मैं घंटों पढ़ाई करने में विश्वास नहीं करता।'' ..आकाश गर्ग 22 अप्रैल 2025 को यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 के फाइनल रिजल्ट को घोषित कर दिया है। इसमें दिल्ली के आकाश गर्ग ने पांचवां स्थान हासिल किया है। इसमें पांचवा स्थान हासिल करने वाले आकाश गर्ग ने कहा कि एकाग्र मन से पढ़ाई, तैयारी के घंटों से कहीं अधिक मायने रखती है।



यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 के फाइनल रिजल्ट में आकाश दिल्ली क्षेत्र के टॉपर बने, जबकि ऑल इंडिया लेवल पर उन्होंने पांचवां स्थान हासिल किया है।आकाश गर्ग रोहिणी इलाके के गीतारत्न जिंदल पब्लिक स्कूल से 10वीं कक्षा तक और सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल से 11वीं व 12वीं कक्षा की पढ़ाई की है। इसके बाद उन्होंने महाराजा अग्रसेन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान 2018-2022 में बीटेक किया है।

दूसरी बार में लहराया सफलता का परचम आकाश ने कहा, ''मैं अपने पहले प्रयास में सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाया था। फिर मैंने दोबारा परीक्षा देने का फैसला किया और इस बार चयनित हो गया।'' आकाश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। उन्होंने आगे कहा, ''मैं शुरू से ही पढ़ाई में अच्छा था। मेरे माता-पिता मुझे सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए बहुत प्रोत्साहित करते थे।''

चयन के बाद सेवा और कैडर के चुनाव पर आकाश ने कहा, 'मैंने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और गृह कैडर यानी अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम एवं केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर चुना है।' उन्होंने कहा कि वह सेवा में आने के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करना चाहेंगे। महाराजा अग्रसेन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर नंदकिशोर गर्ग, चेयरमैन विनीत गुप्ता लोहिया, जनरल सेक्रेटरी टी.आर.गर्ग, जॉइंट जनरल सेक्रेटरी मोहन गर्ग व रजनीश गुप्ता आदि सभी ने आकाश गर्ग की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए उनको शुभकामनाएं दी है और भविष्य में और संस्थान के छात्रों द्वारा अच्छा प्रदर्शन जारी रहे ऐसी उनकी कामनाएं है I

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.- 011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।